चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 अप्रैल 2024
वर्ष 34, अंक 78, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन:70 विवि के नियम बदले, भारतीयों को फायदा 16

31 मई को रिलीज होगी 'मिस्टर एंड मिसेज माही 15

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा 29 जून से होगी शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने रविवार को यह घोषणा की। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। वार्षिक यात्रा दो मार्गों से होती है। एक मार्ग अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग है, जबकि दूसरा गांदेरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग।

### कांग्रेस ने की 10 प्रत्याशियों की घोषणा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को दिल्ली की तीन तथा पंजाब की छह लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली की तीन, पंजाब की छह और उत्तर प्रदेश की एक सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की है, जिन्हें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार कर लिया है। पार्टी ने दिल्ली में चांदनी चौक सीट से जय प्रकाश अग्रवाल, उत्तर पूर्व से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम से उदित राज को टिकट दिया है। पंजाब में अमृतसर से गुरजीत सिंह आहुजा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर लोक सभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश की इलाहाबाद सीट से उज्जवल रेवती रमन सिंह को टिकट दिया गया है।

### आप विधायक की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने संबंधी आप विधायक अमानतुल्ला खान की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। ये अनियमितताएं खान के बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान हुई थीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की अर्जी पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें आप विधायक ने हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने खान को मामले में राहत देने से इनकार किया था।

## सलमान खान के घर के बाहर चलाईं गोलियां

मुंबई, एजेंसी



- आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के बाहर रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो लोगों ने चार राउंड फायरिंग की, जिसके बाद पुलिस ने उनके घर के पास सुरक्षा बढ़ा दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के वक्त अभिनेता घर पर थे या नहीं, इस पर पुलिस और खान परिवार ने कुछ नहीं कहा है। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता को ई-मेल से धमकी मिली थी, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने प्रशांत गुंजालकर की शिकायत पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार जून 2022 में एक हस्तलिखित पत्र से खान को धमकी दी गई थी।

सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की जांच अपराध शाखा करेगी। जांच के लिए कई टीमों का गठन हुआ है।

## ईरान का मिसाइल से हमला, भारत ने इजराइल वाली उड़ानें रद कीं

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी

ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने इजराइल जाने वाली उड़ाने रद कर दी हैं।

ईरान के हमले में इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ''ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस'' नाम दिया। दरअसल, एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं अपनी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है। एअर इंडिया की उड़ानें मुंबई और दिल्ली से तेल अवीव जाती हैं। इसके अलावा एअर इंडिया ईरान के एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

### ईरान बोला- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे



### इजराइली राजदूत बोले- भारतीय नागरिकों की रक्षा करेंगे

ईरानी हमले पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की रक्षा की की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक इजराइलियों से अलग नहीं है। इजराइल सब की सुरक्षा करेगा।

### ईरान के 99% हमले किए नाकाम

इजराइल ने दावा किया है कि शनिवार देर रात ईरान की तरफ से किए गए हमले इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने 99% नाकाम कर दिए। इसका सारा क्रेडिट आयरन डोम और एरो 3 डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है।

# युवा, महिला, किसान व गरीब को सशक्त बनाने का वादा

## 70 से ऊपर के बुजुर्गों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए तीन करोड़ घर

**भाजपा का संकल्प पत्र**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में घोषणापत्र की प्रतियां चार व्यापक समूहों - गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति के प्रतिनिधियों को सौंपीं। ये सभी सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं। मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के 'संकल्प पत्र' का बहुत इंतजार रहता है और एक बड़ा कारण है कि 10 वर्षों में पार्टी ने इसके हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा, भाजपा ने मेनिफेस्टो की सुचिता को फिर स्थापित किया है। ये संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ - युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा 'फोकस' गरिमापूर्ण और गुणवत्तापूर्ण जीवन पर और निवेश से नौकरी पर है। उन्होंने कहा, 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी।

मोदी ने कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। उन्होंने कहा, आज बहुत ही शुभ दिन है। देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है।



नई दिल्ली के पार्टी कार्यालय पर संकल्प पत्र के लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा।

- बोले- देशहित के लिए यूसीसी जरूरी
- अनिश्चितता के दौर में बहुमत वाली स्थिर सरकार की जरूरत

### परिणाम घोषित होते ही शुरू होगा वादों पर काम

मोदी ने कहा, भाजपा चार जून को परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर देगी। उन्होंने कहा, मैं भाजपा के इस संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी के दस्तावेज के रूप में देश की जनता के आशीर्वाद के लिए पेश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा।

## बदायूं से शिवपाल नहीं पुत्र आदित्य लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ।** सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को अपने उम्मीदवारों की दो और सूची जारी की। सूची में कुल नौ उम्मीदवारों के नाम सार्वजनिक किए गए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चाचा शिवपाल के स्थान पर उनके पुत्र आदित्य यादव को बदायूं सीट से प्रत्याशी बनाया है। खुद शिवपाल यादव ने भी प्रचार के दौरान इसकी घोषणा की थी। वहीं, सुल्तानपुर से पार्टी प्रत्याशी भीम निषाद का भी टिकट काटते हुए सपा ने राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बना दिया है।

सपा ने जिन लोस सीटों पर नये उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें ज्यादातर पूर्वांचल की हैं। पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर जहां बसपा से निष्कासित सांसद राम शिरोमणि वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया वहीं, फूलपुर से अमरनाथ मौर्य को उतारा है। डुमरियागंज से भीष्म शंकर "कुशल" तिवारी, संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत, सलेमपुर से रमाशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर से प्रिया सरोज को उम्मीदवार बनाया है। सपा प्रमुख ने पिछले दिनों पार्टी से अलग हुईं पल्लवी पटेल के सामने उम्मीदवार उतार कर रुख स्पष्ट कर दिया है कि वह समझौता करने के मूड में नहीं है।

## सत्ता में आए तो प. उप्र को अलग राज्य बनाएंगे

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

बसपा सुप्रीमो मायावती ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक अलग राज्य बनाने के लिए ठोस कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा पश्चिमी उप्र के लोग लंबे समय से अलग राज्य की मांग करते आ रहे हैं।

मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा अगर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं और वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाती तो भाजपा सत्ता में नहीं लौटेगी। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा का सबसे ज्यादा समय अमीर कारोबारियों को और अमीर बनाने व उन्हें हर स्तर पर बचाने में बीता है। भाजपा और दूसरी पार्टियां इन्हीं कारोबारों के सहारे अपना संगठन चलाती हैं और चुनाव लड़ती हैं, जिसका खुलासा चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए आरक्षित खाली सीटों पर लोगों की भर्ती नहीं करने और पदोन्नति में आरक्षण को निरर्थक बनाने के लिए विपक्षी दलों पर हमला बोला। मायावती ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र और ज्यादातर राज्यों में भाजपा सरकार होने से मुसलमानों की प्रगति काफी हद तक रुक गई है। यहां धर्म के नाम पर हिंसा भी बढ़ी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा शासन में सामान्य वर्ग को भी कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने अपने समर्थकों को सचेत किया कि वे भाजपा के पक्ष में मीडिया द्वारा किये जा रहे प्रचार और झूठे वादों वाले घोषणापत्रों के प्रलोभन में न आयें। मायावती ने कहा कि सच्चा विकास तभी हो सकता है जब लोगों को रोजगार दिया जाए। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से बसपा के प्रजापति का मुकाबला भाजपा के संजीव कुमार बालियान और सपा के हरेंद्र सिंह मलिक से है।



- भाजपा के सत्ता में तीसरी बार आने की संभावना बहुत कम : मायावती

## पाकिस्तान में सरबजीत सिंह के हत्यारे की गोली मारकर हत्या

नयी दिल्ली, एजेंसी

- लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा था भारतीय कैदी की हत्या का आरोपी

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के करीबी सहयोगी आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने पाकिस्तान में लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में उस समय हमला किया जब वह कार से कहीं जा रहा था। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

साल 1991 में पाकिस्तान की कोर्ट ने सरबजीत सिंह को लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में सजा सुनाई थी। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हुई थी। मार्च 2006 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने सरबजीत की दया याचिका खारिज करते हुए उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। इसके बाद कड़ी सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल के अंदर, ताम्बा सहित अन्य कैदियों द्वारा किए गए हमले के कुछ दिनों बाद सरबजीत सिंह (49) की दो मई 2013 की सुबह लाहौर के जिन्ना अस्पताल में मौत हो गई थी। ये हमला पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर हुआ था। सरबजीत सिंह भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे तरनतारन जिले के भिखीविंड गांव के रहने वाले थे।

## राजस्थान में शादीशुदा पुरुष से प्रेम प्रसंग को लेकर महिला को अर्धनग्न कर घुमाया

**जयपुर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में विवाहित पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग के आरोप में महिला को कथित तौर पर अर्धनग्न कर घुमाया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि सरवाड़ी गांव में हुई घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। शख्स की पत्नी और परिवार वालों को महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल गया था। कथित वीडियो में महिला को अर्धनग्न कर घुमाया जा रहा है और एक महिला पीड़िता के बाल पकड़कर घसीट रही है। पीड़िता गुहार लगाती हुई सुनाई दे रही है। बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने बताया कि इस संबंध में समदड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता की काउंसलिंग की जा रही है।

- समदड़ी थाने में मामला दर्ज, दो महिलाओं से हो रही पूछताछ

## उत्तराखंड के सीएम न उतरें इसलिए हेलीपैड उखाड़ा

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अपने अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर न उतरने देने के लिए रात में ही हेलीपैड उखाड़ दिया। रविवार सुबह भाजपा की ओर से दूसरा हेलीपैड तैयार कराया गया।

चुनावी दौर में भाजपा-सपा के बीच जुबानी जंग के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। शुक्रवार को पूरनपुर में जनसभा करने आए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए सिरसा गांव के पास हेलीपैड बनाया गया था। रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पूरनपुर में जनसभा करने आना था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसी हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारने की तैयारी की थी। पता लगा तो शनिवार रात सपा कार्यकर्ता जा पहुंचे और ईंटें उखाड़ने लगे। सूचना मिलने पर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला पहुंचे और हेलीपैड उखाड़ने से मना किया। मगर सपा कार्यकर्ता नहीं माने। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने खर्च से हेलीपैड तैयार कराया था। अब भाजपाई हेलीपैड तैयार करायें। सपाइयों ने हेलीपैड की एक-एक ईंट दूसरे स्थान पर भिजवा दी। रविवार सुबह भाजपा नेताओं ने उसी स्थान पर नया हेलीपैड तैयार कराया। भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतारने के लिए सपा के लोगों को खर्च देकर हेलीपैड मांगा था। उन्होंने मना कर दिया तो अपना हेलीपैड तैयार करा लिया।



रात में हेलीपैड की ईंटें उखाड़ते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- अखिलेश यादव के लिए बनाए हेलीपैड पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरने से रोकने को उखाड़ा
- पता लगने पर रात में ही मौके पर पहुंचे एसडीएम, भाजपाइयों ने तैयार कराया दूसरा हेलीपैड

## सीकर में ट्रक-कार की टक्कर के बाद लगी आग, उप्र के सात लोग जिंदा जले

जयपुर, एजेंसी

- विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में हुआ हादसा
- कार सवार सालासर बालाजी मंदिर से लौट रहे थे

राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को तेज रफ्तार कार ट्रक के पिछले हिस्से से जाकर टकराई, जिससे कार में आग लग गई। मेरठ के रहने वाले कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में तीन महिलाएं और दो बच्चे थे।

पुलिस ने बताया कि ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से बचने के चक्कर में कार ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई, जिससे कार में आग लग गई और सभी सात लोग जिंदा जल गए। कार में एलपीजी (गैस) लगी थी। कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के रहने वाले थे और सालासल बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर लौट रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि आर्शीवाद पुलिया के पास हुई दुर्घटना के बाद आग लगने से कार के दरवाजे नहीं खुल पाए और कार सवार तीन महिलाओं, दो बच्चे और दो पुरुष की झुलसकर मौत हो गई। फतेहपुर कोतवाली थानाधिकारी सुभाष बिजारणिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नीलम गोयल (55), उनके बेटे आशुतोष गोयल (35), मंजू बिंदल (58), उनके बेटे हार्दिक बिंदल (37), हार्दिक की पत्नी स्वाति बिंदल (32), उनकी बेटी दीक्षा (7) और उसकी दो वर्षीय बहन के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से दमकल की गाड़ियों ने मौके पर आग बुझाई। चश्मदीद रामनिवास सैनी ने देखा कि कार में दो यात्री मदद मांग रहे थे लेकिन आग लगने के कारण वह मदद नहीं कर सके।


**बदली जिंदगी** | थारू ट्राइबल क्राफ्ट के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयन से लगे हुनर को पंख

## हस्तशिल्प के हुनर से पहचान बना रहीं थारू महिलाएं

विकास शुक्ल,लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगलों में बसी थारू जनजाति की महिलाओं की जिंदगी सरकार की ओडीओपी योजना से बदल रही है। जंगल, जमीन से हटकर थारू जनजाति के लोग हस्तशिल्प कला से अपनी पहचान बनाए हैं। सरकार ने थारू ट्राइबल क्राफ्ट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट में चयनित किया, जिससे थारू हस्तशिल्प के इस हुनर को पंख लगे।

खुद को महाराणा प्रताप के वंशज कहने वाले आदिवासी थारू जनजाति के लोग यहां पचास हजार की तादाद में भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में रहते हैं। यह जनजाति पूरी तरीके से कृषि पर निर्भर है, इसके साथ ही उसके पास हस्तशिल्प का भी एक हुनर है, जो घर-घर में पाया जाता है। प्रदेश सरकार की ओडीओपी योजना के तहत इनका चयन किया गया। महिलाएं हस्तशिल्प में पहले से सिद्धहस्त थीं, लेकिन ओडीओपी से उन्हें बाजार में बिकने वाली सामग्री कैसी होती है, इसकी ट्रेनिंग दी गई। उन्हें कुछ नये डिजाइन बताए गए और कुछ सरल तरीके भी बताए गए। जो हाथ पहले सिर्फ डलिया बनाते थे, अब लांड्री बास्केट, पूजा बास्केट, गिफ्ट बास्केट, डिजाइनर लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें आदि अनेक आकर्षक उत्पाद बनाने लगे।



- डलिया, बास्केट, गिफ्ट बास्केट, लेडीज पर्स, टोपी, जूट की चप्पलें बना रहीं

### ट्राइफेड के जरिए हो रही ऑनलाइन खरीदारी

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत गठित महिला समूहों में से थारू महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की ऑनलाइन खरीदारी भी हो रही है। भारत सरकार की संस्था ट्राइफेड ने अपनी वेबसाइट के माध्यम से थारू हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग कर रही है। इन उत्पादों को वेबसाइड पर डाला गया है, जिसे लोग पूरी दुनिया में देखते हैं और पसंद आने पर आर्डर करते हैं। इससे थारू महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री करने के लिए बाहर जाने की भी जरूरत नहीं है।

### लखनऊ से लेकर दिल्ली गोवा तक बज चुका डंका

तत्कालीन डीएम किंजल सिंह ने थारुओं के इस कला को प्रोत्साहन देने के मकसद से उचित बाजार दिलाने का प्रयास किया था। दिल्ली, लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में प्रदर्शनी में थारू उत्पादों का भी स्टाल लगाया था। थारू महिला आरती राना और पूजा राना ने प्रदर्शनी में पहुंचे सीएम योगी को जूट से बनी हैट भी पहनाई थी। तत्कालीन डीएम किंजल के प्रयास से गोवा महोत्सव में भी थारू हस्तशिल्प को अलग पहचान मिली, लेकिन किंजल सिंह के तबादले के बाद यह सब फिर पुराने ढर्रे पर आ गया।

# यूपी बोर्डः शैक्षिक कैलेंडर जारी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

अमृत विचार :- माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक सत्र 2024-25 का कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार ही माध्यमिक स्कूलों में पठन पाठन होगा। गर्मी की छुट्टियों से पहले स्कूलों में बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर मासिक टेस्ट कराना होगा। विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि यूपी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों के लिए शैक्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। विद्यालयों में इसके अनुसार ही शिक्षकों को पठन पाठन कराने से लेकर मासिक परीक्षाएं करानी होगी। नया शिक्षा सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। इसका समापन फरवरी 2025 में बोर्ड परीक्षा की समाप्त से होगा। शैक्षिक कैलेंडर सभी डीआईओएस को भेजकर इसके अनुसार पढ़ाई एवं परीक्षाएं कराने के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

## शिक्षा सत्र 2024-25 का शैक्षिक कैलेंडर

- बहुविकल्पीय प्रश्नों का मासिक टेस्ट- मई के तृतीय सप्ताह
- वर्णनात्मक प्रश्नों का मासिक टेस्ट- जुलाई के अंतिम सप्ताह
- अर्द्धवार्षिक परीक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाएं - सितंबर के अंतिम सप्ताह
- अर्द्धवार्षिक लिखित परीक्षा (सितंबर तक निर्धारित पाठ्यक्रम पर)- अक्तूबर के दूसरे व तीसरे सप्ताह
- अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक वेबसाइट पर अपलोड करना-नवंबर के प्रथम सप्ताह
- मासिक पाठ्यक्रम अनुसार बहुविकल्पीय प्रश्नों पर मासिक टेस्ट- नवंबर के अंतिम सप्ताह
- मासिक पाठ्यक्रम अनुसार वर्णनात्मक प्रश्नों पर मासिक टेस्ट- दिसंबर के अंतिम सप्ताह
- सभी कक्षाओं का पाठ्यक्रम पूरा करने की तिथि- जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह
- कक्षा-12 की प्री-बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन- जनवरी के दूसरे सप्ताह
- कक्षा- 10 व 12 की प्री बोर्ड लिखित परीक्षा का आयोजन- जनवरी के तीसरे सप्ताह
- कक्षा- नौ व 11 की वार्षिक परीक्षा का आयोजन- जनवरी के अंतिम सप्ताह
- उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन व अंक वेबसाइट पर अपलोड करना- फरवरी के तृतीय सप्ताह
- बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन- 21 जनवरी से पांच फरवरी तक
- यूपी बोर्ड परीक्षाएं- फरवरी- 2025।

# टेलीग्राम एप पर टास्क के बहाने 11 लाख की ठगी

**अमृत विचारः लखीमपुर खीरी**

**▸▸ पीड़ित ने साइबर थाना पुलिस को दी तहरीर, रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचारः** मोबाइल पर टेलीग्राम पर टास्क देकर साइबर अपराधी ने एक युवक से 11 लाख रुपये ठग लिए। टास्क पूरा होने पर उसे ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली गोला गोकर्णनाथ निवासी रोहित गुप्ता बड़े व्यापारी हैं। उन्होंने साइबर थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 30 अक्तूबर 2023 को टेलीग्राम एप पर उन्हें एक मैसेज आया और उसे टास्क के लिए आमंत्रित किया और कुछ टास्क पूरे करने के लिए कहा गया। टॉस्क खेलने के जालसाज ने कई रिटर्न दिखाए। इससे वह भरोसे में आ गया और तीन दिनों में अलग-अलग खातों में कुल 39,986, 64 हजार, एक लाख, 1251, 22 हजार, 49 हजार, 99,999, 34 हजार, 50 हजार इस तरह से करीब 11 लाख रुपये जमा करा लिए। जब उसने टास्क पूरे कर लिए तो साइबर अपराधी ने उसे ब्लॉक कर दिया। इस पर उन्हें धोखाधड़ी होने का शक हुआ तो दिए गए नंबरों पर कॉल की, लेकिन नंबरों पर बात नहीं हुई। उन्होंने इसकी शिकायत 1930 पर दर्ज कराई। उसने साइबर थाना पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

## सावधान, साइबर अपराधियों ने बदला ठगी का तरीका

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सावधान, अब ठगी करने के लिए साइबर जालसाजों ने तरीके बदल दिए हैं। पहले लॉटरी निकलने, आधार संशोधन तो कभी एटीएम कार्ड बंद होने का झांसा देकर खातों में जमा खून पसीने की कमाई पल भर में उड़ा लेते थे। अब साइबर अपराधियों ने अपने तौर-तरीके बदल दिए हैं। अब वह मोबाइल में सिम बंद होने, केवाईसी अपडेट कराने आदि के मोबाइल पर फर्जी मैसेज भेज रहे हैं। मोबाइल धारक जब उन्हें कॉल करता है तो वह आधार आदि की जानकारी लेते हैं। लिंक पर क्लिक करते ही उनके खातों में जमा पूजी पर हाथ साफ कर लेते हैं। इसके साथ ही मोबाइल में ऐनी डेस्क ऐप अपलोड कराते हैं। फिर उससे कनेक्ट कर पल झपकते ही खाते से ऑनलाइन रकम उड़ा रहे हैं तो कहीं टास्क खेलने के नाम पर लाखों की ठगी की जा रही है। एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह ने बताया कि साइबर अपराध से बचने के लिए पुलिस लोगों को समय-समय पर अभियान चलाकर जागरूक करती है। इस तरह के जो मामले सामने आते हैं। उनमें कार्रवाई की जा रही है।

## यह बरतें सावधानियां

- अपने बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड आदि की जानकारी फोन कॉल पर कोई जानकारी शेयर न करें।
- एटीएम का खुद ही उपयोग करें। अगर आप अकेले उपयोग नहीं कर सकते हैं तो परिवार के किसी सदस्य या किसी भरोसेमंद दोस्त को साथ ले जाएं।
- एटीएम कक्ष में किसी को अपना एटीएम कार्ड न दें। न किसी को कोई पासवर्ड बताएं।
- ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते समय अ ओटीपी का उपयोग करें। ओटीपी किसी को किसी कीमत पर न बताएं।

# बाबा साहेब की जयंती पर समरसता का संदेश

## कहीं प्रभातफेरी तो कहीं शोभायात्रा निकाली, कलेक्ट्रेट में हुआ कार्यक्रम, जिलाधिकारी ने किया माल्यार्पण

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने उनकी मूर्तियों और चित्रों पर माल्यार्पण किया। कई जगह रैलियां निकाली गईं तो कई जगह गोष्ठियां आयोजित कर बाबा साहेब के विचारों का स्मरण किया गया। कलक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत अफसरों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्श को अनुकरणीय बताते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा। डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताये रास्ते पर चलकर समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। प्रशासनिक अधिकारी सुरेश वर्मा, सुधीर सोनी, न्याय सहायक द्वितीय सुरेश वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन कलक्ट्रेट कर्मी श्रीराम ने किया। उधर, भाजपा ने आंबेडकर जयंती पूरे जिले में समरसता दिवस के रूप में मनाई। मुख्य कार्यक्रम आंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, पूर्व सांसद जुगुल किशोर, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक सौरभ सिंह सोनू, योगेश वर्मा, पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष जितेंद्र साहनी, जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र समेत अन्य नेताओं ने माल्यार्पण किया। वहीं, बसही गांव से एक विशाल शोभायात्रा दोपहर 12 बजे आरंभ होकर कृष्णानगर, बालपुर के रास्ते संपूर्णानगर पहुंची। वहां से मुरारखेड़ा कालोनी, मिर्चिया होते हुए रानीनगर के रविदास मन्दिर पर करीब छह बजे समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों व अन्य वाहनों पर बाबा साहब अम्बेडकर, ज्योतिबाफुले, सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख आदि की तस्वीरें व सजीव झांकियां निकाली गईं। पूर्व प्रधान बसही शैलेश भारती, शिव प्रकाश, हरिश्चंद्र, अनिरुद्ध, जेटली भारती, सिकन्दर, प्रमोद, राकेश भारती, विमल कुमार एड. आदि मौजद रहे।



कलक्ट्रेट में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।



आंबेडकर पार्क में जयंती मनाते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

### गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का ऐलान

**लखीमपुर खीरी।** डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष राम कुमार चौधरी व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुबोध कुमार मिश्र ने डॉ. आंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर निर्धन व प्रतिभाशाली बच्चों को अपने कॉलेज से बीटीसी, पॉलिटेक्निक, आईटीआई, बीएड एवं स्नातक पाठ्यक्रम में नि:शुल्क प्रवेश व शिक्षा दिलाने की घोषणा की। आचार्य वीरेंद्र कुमार पांडेय, गौरव अवस्थी, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, श्रेया श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संचालन शिक्षक श्याम बल्लभ शुक्ल ने किया। उधर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज शिक्षक एवं छात्रों ने आंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहेब की मूर्ति की साफ-सफाई कर माल्यार्पण और पुष्पार्चन किया। शिक्षक बृजेंद्र वर्मा, राजेश बाजपेई, शिवमुनीश मिश्र, आलोक मिश्र, देवानंद पांडेय व छात्र मौजूद रहे।

### आप ने मनाई जयंती

**लखीमपुर खीरी।** आम आदमी पार्टी के लोगों ने संविधान बचाओ तानाशाह हटाओ दिवस के रूप में डॉ. आंबेडकर जयंती मनाई। प्रांत अध्यक्ष अनिल राजवंशी ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। जिलाध्यक्ष वलीम खान ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी लोकतंत्र की दुश्मन बनी हुई है। जिला महासचिव बृजमोहन यादव, राहुल प्रधान, अखिलेश राज, अविनाश सिंह, शरीक, संजय, दीपक आदि लोग मौजूद रहे।

## दुकानदार ने लगाया सभासदों पर मारपीट का आरोप

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के ऐतिहासिक चैती मेले का उद्घाटन आज 15 अप्रैल को होना है। तैयारियों के बीच मेले में दुकान के लिए जगह आवंटन के दौरान एक दुकानदार की पिटाई कर दी गई, जिससे मेला मैदान में हड़कम्प मच गया। रविवार दोपहर चैती मेले के उद्घाटन की तैयारी जोरों पर हैं। दुकानदारों को पिछले कई दिनों से दुकान लगाने के लिए जगह आवंटित की जा रही है। चैती मेला उद्घाटन की तारीख पक्की हो गई, पर अभी सभी दुकानदारों को दुकान लगाने के लिए जगह नहीं मिल पाई। नगर के मोहल्ला तीर्थ निवासी एक दुकानदार पिछले छह वर्षों से चैती मेले में पत्थर की मूर्तियां लाकर बिक्री करता है। उसे हर वर्ष चैती मेला में मेला मैदान में छह फुट जगह आवंटित की जाती है। रविवार को वह अपनी जगह की पैमाइश करा रहा था। दुकानदार का आरोप है कि कुछ सभासद आए और बात बढ़ी तो सभासदों ने पिटाई कर दी। जिससे वहां तमाम भीड़ जमा हो गई। अफरा तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित दुकानदार का कहना है कि उसने पालिका अध्यक्ष से शिकायत की है। वह मेला मैदान पहुंच मामले का निपटारा कराएंगे। जबकि पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू का कहना है कि पीड़ित का उनके पास फोन आया था। उन्हें पूरी जानकारी नहीं है।

# पुलिस हिरासत में मौत के मामले में दूसरे दिन अंतिम संस्कार

**संवाददाता मितौली।**

**▸▸ परिजन दफनाना चाहते थे पुलिस के समझाने पर माने**

**अमृत विचारः** मितौली क्षेत्र में पकरिया जलालपुर गांव निवासी आसाराम की शुक्रवार रात पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। रविवार को भी आशाराम के शव के अंतिम संस्कार को लेकर माहौल काफी गर्म रहा। परिवार वाले शव को जमींदोज करने की जिद पर अड़े थे, जबकि पुलिस शव को जलाने के लिए समझा रही थी। इसको लेकर पुलिस और परिजन फिर आमने सामने आ गए। मौके पर पहुंचे पूर्व सपा विधायक के हस्तक्षेप और पुलिस अधिकारियों के समझाने पर परिवार के लोग मान गए और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के पकरिया जलालपुर से पांच साल की मासूम बच्ची की गला दबाकर हत्या के मामले में शुक्रवार को पुलिस गांव के ही आशाराम (45) को हिरासत में लिया था, देर शाम उसकी हालत बिगड़ गई थी। पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। परिवार वालों ने पुलिस पर पिटाई करने और करंट लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल किया था। कस्ता चौराहे पर शव रखकर करीब पांच घंटे तक रास्ता जाम रखा। पुलिस ने सड़क पर लाठियां भांजकर भीड़ खदेड़ी और शव को बमुश्किल पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। शव का शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें मौत की वजह साफ न होने पर डॉक्टरों ने बिसरा सुरक्षित किया था। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। परिवार वालों ने शव को जमीदोज करने की तैयारी शुरू की तो पुलिस के कान खड़े हो गए। पुलिस उन पर शव को अग्नि देने का दबाव बना रही थी। पूर्व विधायक के समझाने पर परिवार के लोग मान गए और करीब चार घंटे के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान सीओ श्मसेर बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजू राव समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



सुआबोझ के जयंती समारोह में बोलते विधायक रोमी साहनी।

### दर्जनों गांव में जाकर बाबा साहेब की मूर्ति पर किया मल्यार्पण

**संवाददाता, मैलानी। अमृत विचार :** ब्लाक बांकेगंज के ग्राम पंचायत सुआबोझ ग्राम प्रधान शंकरलाल के निवास पर मनाए गए जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पलिया विधायक रोमी साहनी और अनुयायियों ने बाबा भीमराव आंबेडकर की मूर्ति राजामंडी, मक्कागंज, पूरनपुर में माल्यार्पण कर कपरहा कुआं, चमन चौराहा, सुरजनपुर होते हुए शांति पूर्वक रैली निकाली। विधायक ने बाबा साहब के आदर्शों का अनुसरण करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि भवानी शंकर माहेश्वरी, राजेश गोयल, गुरमेल सिंह, रामेश्वर सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### कांग्रेस महासचिव ने आंबेडकर की प्रतिमा को किया माल्यार्पण



बांकेगंज में आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिला महासचिव।

**संवाददाता, बांकेगंज, अमृत विचार :** बांकेगंज क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर दुलारेपुर, छेदालालपुर, बरगदिया, मोतीपुर, प्रतापपुर, नयागांव, जवाहरपुर, बंजरिया, मैकूपुर, श्यामपुर, बाबूपुर आदि गांवों में लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई। गाजे बाजे के साथ जुलूस में जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा और अन्य नारे लगाते रहे। कांग्रेस के जिला महासचिव कृष्णकुमार मिश्रा ने डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर की मनाई जयंती

**संवाददाता पलिया कलां।** क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने अपने आवास पर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नगर के बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, रामलीला बालिका इंटर कॉलेज, गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज आदि में भी आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। शिक्षण संस्थाओं की प्रबंध समितियों से जुड़े पदाधिकारियों व संस्थाध्यक्ष आदि ने बाबा साहब के चित्रों पर फूल मालाएं चढ़ाई और दीप प्रज्वलित कर गोष्ठियां आयोजित कीं।

# भारत रत्न भीमराव आंबेडकर का योगदान अतुलनीय



गोला में डॉ. आंबेडकर जयंती मनाते भाजपाई। अमृत विचार



गोला में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**▸▸ भाजपाइयों ने किया मूर्ति पर माल्यार्पण**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर स्वच्छता कर उनकी प्रतिभा पर माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर मनाई गई। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि, डॉ. आंबेडकर का योगदान अतुलनीय है। भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, युवा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, कुम्भी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, नगर महामंत्री राजेश राठौर, धीरज बाजपेयी, विमलेश वर्मा, कमलेश पाण्डेय, रेखा मिश्रा, विजय मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, सीमा सक्सेना, सरताज, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, राहुल बाल्मीकि, सुनील मिश्रा, श्यामू कनौजिया, वीरेन्द्र गुप्ता, संजय अवस्थी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, कांग्रेस के कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने उन्हें व्यवस्था परिवर्तन का महानायक बताते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ एक होकर करके बाबा साहेब के मिशन को मजबूत करेंगे। महासचिव रामकुमार वर्मा, यतीशचन्द शुक्ला, प्रेमकुमार वर्मा, नवी मोहम्मद गुड्डू, अजय शुक्ला गुड्डू, प्रदीप सिंह रघुनायक, फकीर मोहम्मद, रामशंकर पाल, सगीर अहमद, आदेश पटेल, योगेंद्र विक्रम सिंह पटेल, राजेश बाल्मीकि आदि मौजूद रहे। वहीं, कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा ने बाबा साहेब के चित्र का अनावरण करके माल्यार्पण के साथ किया। हृदयांशी सक्सेना, वैष्णवी कटियार, खुशी मिश्रा ने बाबासाहेब के जीवनवृत्त पर भाषण दिया। दर्शिका, कनक, अनन्या, प्रभा, सुधी भार्गव और मुस्कान ने गीत एवं कविता प्रस्तुत की। हिंदी प्रवक्ता ओमप्रकाश यादव ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रबंध समिति के उपमंत्री विनोदचंद्र मिश्र, श्याममूर्ति शुक्ला, लखपति भारती, डॉ. अनिल कुमार, आरती गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं, ग्राम पंचायत कुकरा में महात्मा गौतम बुद्ध मंदिर पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर जिला पंचायत सदस्य खूबचंद, कार्यक्रम आयोजक शिवभगवान गौतम एडवोकेट ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धांजली दी। कस्बा कुकरा, लौकिहा, हजरतपुर, मूडा, पहाड़नगर, जटपुरा, खंजनपुर, सिकंदरपुर आदि क्षेत्र के गांव के प्रमुख मार्गों से शिव भगवान एडवोकेट के नेतृत्व में विशाल जुलूस, पदयात्रा निकाली गई। प्रधान विनोद कुमार भारती, जनक यादव, रामकिशुन, कुलदीप कुमार, जकीउल्ला खांन बरकाती, संतोष कुमार, गयाप्रसाद गौतम, आकाश गौतम, रामाधार, राजेंद्र प्रसाद, रामसिंह, कल्लू खांन, मोईन खांन, हरि आदि मौजूद रहे।

### अलीगंज में निकाली गई रैली

**संवाददाता, अलीगंज, अमृत विचार :** डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अलीगंज कुसमौरी से निकाली गई रैली में दर्जनों बाइक, ट्रैक्टर ट्राली, कार्यकर्ता मौजूद रहे। रैली पूरे ग्राम पंचायत के ग्रामों में भ्रमण करती हुई अलीगंज कस्बे के मुख्य चौराहे पर पहुंची जहां सैकड़ो साथियों के साथ गोला विधायक अमन गिरि मौजूद रहे। उन्होंने डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर के त्याग को भुला नहीं सकते। उनके द्वारा अथक प्रयासों से बनाए गए संविधान को आज भी हमारा राष्ट्र मानता है। सभी लोग उनको शत-शत नमन करते हैं। किसान सेवा सहकारी समिति के सभापति विनीत पांडे, वीरेंद्रपाल सिंह वर्मा, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, ओंकार सिंह, इरफान खान, रामप्रकाश निषाद, मनजीत, अशोक कुमार, राहुल, राजेश गौतम, पप्पू गौतम एडवोकेट, छत्रपाल आदि तमाम लोग मौजूद रहे।



अलीगंज में रैली निकालते बाबा साहेब के अनुयायी।

### धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती

**संवाददाता, बिझौली, अमृत विचार :** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आंबेडकर पार्क रमुआपुर में दुर्गेश की अध्यक्षता में डा. आंबेडकर की जयंती मनाई गई। पूर्व विधायक रामसरन, सहकारी समिति के अध्यक्ष आदित्य सिंह, प्रधानपति उमाशंकर ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पूर्व विधायक रामसरन ने कहा कि बाबा साहेब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। आदित्य सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन दर्शन का लोग अध्ययन कर उनके विचारों से जरूर सीख ले। उमाशंकर गौतम ने कहा कि उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर देश, प्रदेश की तरक्की, खुशहाली के लिए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। निमिष सिंह, दुर्गेश कुमार, महेश गौतम, सुमित गौतम, शुभसेक मित्रा उर्फ छोटू, सुरेश कुमार, छोटेलाल, शिवनरायन, महादेव प्रसाद, दिनेश गौतम रमेशचन्द्र, प्रेमचन्द, कौशल कुमार, योगेंद्र कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### रजागंज में धूमधाम से मनाई गई डॉ.आंबेडकर की जयंती

**रजागंज, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत मुर्तिहा के बौद्ध विहार मंदिर स्थित आंबेडकर पार्क में ग्राम प्रधान एहतिशाम खां करनपुर में सपा आंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र गौतम व डॉ. विमलेन्द्र गौतम मुड़िया में पूर्व प्रधान रामशंकर गौतम रामपुर गोकुल में ग्राम प्रधान जसकरन लाल बैकुंठा में प्रधान प्रतिनिधि पवन शर्मा ने माल्यार्पण किया और केक काटकर जयंती मनाई। इसी तरह खजुहा में प्रधानपति अवधेश कुमार भार्गव, धनिगवां में राकेश वर्मा, चौरहा नौवगवां में प्रधानप्रतिनिध संदीप वर्मा, ओदरहना में संत कुमार वर्मा फूलबेहड़ में संतोष वर्मा, खम्हौल में रामकुमार गौतम, सौठन में प्रधान अरविंद वर्मा उद्यान पुर में बौद्ध कमेटी के अध्यक्ष विजय कुमार रमुवापुर बिझौली में प्रधान उमाशंकर गौतम चिंतापुरवा में लाला राम बक्खारी मे पूर्व प्रधान राजाराम गौतम ने तथागत गौतम बुद्ध के चरणों में पुष्प अर्पित कर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बच्चों ने मनमोहक झांकियां एवं भीम के गीत प्रस्तुत किए।

### ऐतिहासिक चैती मेला का आज डीएम-एसपी करेंगे उद्घाटन

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। 15 अप्रैल की शाम जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह और पुलिस कप्तान गणेश प्रसाद साहा के कर कमलों द्वारा मेले का उद्घाटन किया जायेगा। मेला का समापन 30 अप्रैल को होगा। मेला के सांस्कृतिक मंच पर प्रतिदिन मनमोहक और आकर्षक कार्यक्रम पेश किये जाएंगे। 15 को सुंदरकांड पाठ, 16 को भजन संध्या, 17 को स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 18 को निरंकारी सत्संग, 19 को स्थानीय कवि सम्मेलन, 20 को स्थानीय संगीत संध्या, 21 को मनोहारी कला केंद्र, 22 को टीना परवीन और तस्लीम आरिफ की जवाबी कव्वाली, 23 को जूनियर गायन, 24 को कपि बाबरा झांकी, 25 को खाटू श्याम कीर्तन, 26 को कुलिंहद मुशायरा, 27 संजोली पांडे द्वारा भोजपुरी कार्यक्रम, 28 को सीनियर गायन, 29 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और 30 अप्रैल को मेला समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मेला परिसर में थाना कोतवाली का कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहा से मेले की सीसीटीवी कैमरों द्वारा निगरानी की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए जायेंगे। चिकित्सा विभाग, फायर ब्रिगेड, खोया पाया कैंप आदि की व्यवस्था की गई है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले चैती मेला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**अग्नि सेवा सुरक्षा सप्ताह** | शहीदों को नमन कर निकाली जन जागरुकता रैली

# लोगों को सिखाए जाएंगे आग से बचाव के गुर

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** फायर बिग्रेड कार्यालय पर अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें आग बुझाते समय वर्ष 1944 में शहीद हुए फायर बिग्रेड के 66 जवानों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और पुष्प चक्र अर्पित किए गए। इसके बाद जन जागरूकता रैली निकाली गई। एसपी ने अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अग्निशमन विभाग के जवान आग से सुरक्षा के तरीके और बचाव से संबंधित जानकारी देंगे।

14 अप्रैल, 1944 को मुंबई बंदरगाह पर फोर्टस्टीकाइन नामक जहाज में विस्फोटक सामग्री की आग बुझाते समय शहीद हुए फायर सर्विस के 66 जवानों की याद में अग्नि सेवा सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत की गई थी। जिसे अग्निशमन विभाग प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाता है। रविवार को फायर बिग्रेड कार्यालय से इस सेवा सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत की गई। फायर बिग्रेड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शोक परेड करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई। अधिकारियों व कर्मचारियों के पिन फ्लैग भी लगाए गए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीएफओ अक्षय रंजन शर्मा के साथ हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन रैली को रवाना किया। रैली में शामिल अधिकारी और कर्मचारी आम नागरिकों को अग्निकांडों से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक कर बचाव के उपाय बताएंगे। इस दौरान एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह, एफएसओ समेत फायर बिग्रेड के जवान मौजूद रहे।



जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी गणेश।

## महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के द्वारिका नगर में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बौधी खुर्द निवासी रामसिंह पुत्र नानकचंद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी सोनी की शादी 10 साल पहले गोला के द्वारिका नगर निवासी हरिओम वर्मा के बेटे रोहित वर्मा के साथ की थी। सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था। पीड़ित का कहना है कि उनकी पांच बेटियां हैं अब उनका दामाद रोहित उनकी संपत्ति में हिस्सा मांग रहा है। अभी उन्हें एक बेटी की शादी भी करनी है। उनकी बेटी पर दबाव बनाया जा रहा है कि वह हिस्सा दिलवाएं। जब यह मांग पूरी नहीं कर पाए तो बेटी का पति रोहित कुमार और सास ससुर ने सोनी को मारपीट कर घर से निकाल दिया है।

# जिले की लड़कियां सीखेंगी हॉकी

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** फ्रेंड्स फॉर एवर संस्था ने जिले की महिला हॉकी खिलाड़ियों को नवरात्रि में बड़ी सौगात दी है। गोलपोस्ट और कीपिंग किट के बिना प्रैक्टिस कर रही खिलाड़ी लड़कियों को फ्रेंड्स फॉरएवर ने दो गोल पोस्ट और कीपिंग किट देकर मजबूत तैयारी के साथ अभ्यास करने का संदेश दिया है। शहर की गुरुनानक स्पोर्ट्स एकेडमी को फ्रेंड्स फॉर एवर ने बड़ी सहायता उपलब्ध कराई है। फ्रेंड्स फॉर एवर ने गुरुनानक हॉकी स्पोर्ट्स एकेडमी को 40 हजार रुपये की कीमत की गोल कीपिंग किट और दो गोल पोस्ट डोनेट किए हैं। जिसकी मदद से अब जिले की लड़कियां फ्रेंड्स फॉरएवर के सहयोग से हॉकी सीख सकेंगी। शहर के गुरुनानक इंटर कॉलेज के मैदान पर पूर्व नेशनल हॉकी प्लेयर तृप्ति अवस्थी लड़कियों को हॉकी की नि:शुल्क कोचिंग देती हैं। फ्रेंड्स फॉर एवर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजपाल सिंह और सचिव ऋषभ त्यागी ने लड़कियों, खेल और हॉकी को बढ़ावा देने के लिए फ्रेंड्स फॉरएवर से जुड़े लोगों के सहयोग से 40,000 रुपयों की लागत से हॉकी गोलपोस्ट और कीपिंग किट स्पोर्ट्स एकेडमी को उपलब्ध कराए। अध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया कि खिलाड़ी लड़कियों को मदद की जरूरत थी। हॉकी खिलाड़ियों का सहयोग कर फ्रेंड्स फॉरएवर ने यह समस्या दूर कर दी है। सचिव ऋषभ त्यागी ने कहा कि जिले की कई लड़कियां राष्ट्रीय स्तर तक हॉकी खेल कर जिले का नाम रोशन कर चुकी हैं। फ्रेंड्स फॉरएवर के सदस्य अंशुमान मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, मनोज सिंह, विजय मिश्रा, मयंक अवस्थी, सुमित अरोड़ा व धनन्जय मिश्रा ने 40,000 रुपयों की चेक कोच तृप्ति अवस्थी को सौंपा। इस मुहिम में सदस्य अनुराग पाण्डेय, सौरभ चौधरी, मनमीत सिंह, राकेश कुमार, पुनीत अग्रवाल, प्रतीक श्रीवास्तव, उमंग गुप्ता आदि ने सहयोग किया।



कीपिंग किट आदि के साथ खिलाड़ी व टीम के सदस्य। अमृत विचार

# नवरात्र: मां कात्यायनी का पूजन कर भक्तों ने की मंगल कामना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


संकटा देवी मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु।

**अमृत विचार:** नवरात्र का छठा दिन मां दुर्गा की छठी शक्ति मां कात्यायनी को समर्पित है। रविवार को भक्तों ने देवी मंदिरों में जाकर विधिवत पूजन कर मंगलकामना की। मां का पूजन करने के लिए जिले भर के देवी मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। देवी मंदिर दिन भर माता के जयकारों से गुंजायमान रहे।

शहर के प्राचीन संकटा देवी मंदिर के पुजारी अंकुर शुक्ला ने बताया कि ऋषि कात्यायन की पुत्री होने के कारण इनका नाम कात्यायनी रखा गया। मां कात्यायनी की पूजा से विवाह संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। मान्यता है कि इनकी कृपा से योग्य वर मिलने के साथ विवाह में आने वाली अड़चनें दूर हो जाती है। ये ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं। मां कात्यायनी सफलता और यश का प्रतीक हैं। भगवान कृष्ण को पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इनकी पूजा कालिंदी नदी के तट पर की थी। कात्यायनी माता का स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला और भास्वर है। शेर पर सवार मां की चार भुजाएं हैं, इनके बाएं हाथ में कमल, तलवार व दाहिने हाथों में स्वास्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा अंकित है।

# बिजनौर-बुलंदशहर का चुनाव कराएगी खीरी पुलिस

## 42 इंस्पेक्टर, एसआई और 884 हेड कांस्टेबल की लगी ड्यूटी, कल एसपी करेंगे ब्रीफ, 10 बसों से भेजा जाएगा फोर्स

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए लखीमपुर खीरी पुलिस दूसरे जिलों में भी चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराएगी।

प्रथम चरण में बिजनौर और द्वितीय चरण में होने वाले मतदान को सकुश संपन्न कराने के लिए इंस्पेक्टर, एसआई समेत 884 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मंगलवार को एसपी ब्रीफिंग कर फोर्स को बिजनौर के लिए रवाना करेंगे।


पुलिस लाइन में खड़ीं उत्तराखंड परिवहन निगम की बसें। अमृत विचार

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कैराना, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत जिले में चुनाव होना है। इन जिलों में 19 अप्रैल को मतदान होगा। दूसरे चरण के लिए अमरोहा, बागपत, मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और मथुरा में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। चुनावों को सकुशल संपन्न कराने के लिए लखीमपुर खीरी जिले से भी शांति व्यवस्था ड्यूटी के लिए पुलिस बल जिलों से मांगा गया है।

> लोकसभा चुनाव को लेकर कई जिलों में ड्यूटियां जानी हैं। 16 अप्रैल को ब्रीफिंग के बाद 10 बसों से फोर्स बिजनौर के लिए रवाना होगा। इसके बाद बुलंदशहर, अयोध्या में भी शांति व्यवस्था ड्यूटी जिले से जाएगी।
>
> –नैपाल सिंह एएसपी (पश्चिमी)

पहले चरण में होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले से 21 इंस्पेक्टर, एसआई और 398 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है। इन्हें चुनाव ड्यूटी में लाने और ले जाने के लिए पुलिस को उत्तराखंड की करीब 15 बसें उपलब्ध कराई गई हैं। इन बसों को पुलिस लाइन के मैदान में खड़ा कराया गया है। मंगलवार को चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को बिजनौर के लिए रवाना किया जाएगा।

फोर्स रवाना होने से पहले एसपी गणेश प्रसाद साहा पुलिस बल को ब्रीफ करेंगे और उन्हें चुनाव आचार संहिता का पाठ पढ़ाएंगे। बिजनौर में मतदान संपन्न कराने के बाद यह जवान दूसरे चरण का 16 अप्रैल को बुलंदशहर में होने वाले मतदान को संपन्न कराएंगे। यहां पर 444 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है।

# पीलीभीत होकर दौड़ने लगीं मालगाड़ी यात्री ट्रेन के लिए अभी करें और इंतजार

## सीआरएस 31 मार्च को निरीक्षण सकुशल संपन्न कर ट्रेन संचालन की दे चुके हैं अनुमति

▸▸ **ऐशबाग-पीलीभीत के बीच 15 दिन बाद भी शुरू नहीं हो सका ट्रेन संचालन**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** ऐशबाग पीलीभीत रेलखंड पर मालगाड़ियों का संचालन शुरू हो गया है। यह मालगाड़ी आए दिन रात में आसाम से लेकर गुजरात और बिहार सहित अन्य प्रांतों तक जा रही हैं। फिलहाल इस रूट पर यात्री ट्रेनों के लिए जिलेवासियों को अभी इंतजार ही करना होगा। विभागीय लोगों के मुताबिक रेलवे बोर्ड की अनुमति मिलने के बाद ही यात्री ट्रेनें चलेगीं। विभागीय लोग ट्रेन संचालन में रैक की कमी होना भी बता रहे हैं।

आमान परिवर्तन के लिए मैलानी से पीलीभीत तक 30 मई 2018 को मेगा ब्लॉक लिया गया। तब से इस रूट पर बंद ट्रेन संचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। पिछले छह साल से ट्रेन चलने का प्रतीक्षा कर रहे मुसाफिरों के इंतजार की घड़ियां दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है। हालांकि रेलवे ने मैलानी शाहगढ़ के बीच नौ नवंबर से एक पैसेंजर ट्रेन चलानी शुरू कर दी है। उधर, शाहगढ़ पीलीभीत रेलखंड का 30 व 31 मार्च को सीआरएस निरीक्षण सकुशल संपन्न होने से जिलेवासी ऐशबाग से पीलीभीत एवं बरेली के जुड़ने के जो कयास लगा रहे थे, वह अभी तक सपना ही बना हुआ है। रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के 15 दिन बीतने के बाद भी यात्री ट्रेन संचालन की अनुमति न मिलने से दोनों जनपद के लोगों में मायूसी है।


रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन में बैठने की जद्दोजहद करते मुसाफिर।

### पैसेंजर ट्रेन के संचालन से पहले दौड़ाने लगे मालगाड़ी

पैसेंजर ट्रेन न चलाकर मालगाड़ी का संचालन शुरू होने से मुसाफिर ही नहीं, बल्कि विभागीय लोग भी अचंभित है। रेल कर्मियों का कहना है कि रेल संरक्षा आयुक्त की रिपोर्ट सकारात्मक जाने के बाद पहले पैसेंजर ट्रेन चलने की उम्मीद थी, लेकिन रेलवे ने पैसेंजर ट्रेन की जगह मालगाड़ी दौड़नी शुरू कर दी है।

### आए दिन गैर प्रांत जा रही मालगाड़ी

लखनऊ से शाहजहांपुर होकर जाने वाली मालगाड़ियों को अब मैलानी से पीलीभीत होकर निकाला जा रहा है। लखनऊ शाहजहांपुर बरेली रूट पर ट्रेन ट्रैफिक कम करने के लिए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। पिछले दिनों मैलानी से पीलीभीत होकर मालगाड़ी बेहटा (आसाम), नौबिछिया (बिहार) से लेकर गुजरात सहित अन्य प्रांतों के लिए जा चुकी हैं। विभागीय लोगों के मुताबिक लगभग रोजाना रात में लंबी दूरी की मालगाड़ी इस रूट से निकाली जा रही हैं।

### एक ट्रेन से यात्रियों का नहीं हो रहा भला

मैलानी से शाहगढ़ तक एक पैसेंजर ट्रेन चल रही है। यह सुबह सात बजे लखनऊ से चलकर 12:15 पर मैलानी और फिर मैलानी से 12:30 बजे शाहगढ़ के लिए रवाना होती है। यही ट्रेन शाम को फिर से 05:10 शाहगढ़ से चलकर 06:40 पर मैलानी आकर 06:55 लखनऊ के लिए रवाना होती है। ऐसे में आम मुसाफिर से लेकर दैनिक यात्री सिर्फ शाहगढ़ तक ही पहुंच पाते हैं। वहां से जिला मुख्यालय पीलीभीत तक जाने के लिए प्राइवेट वाहनों मुश्किलों भरा सफर करने के लिए मजबूर हैं।

मैलानी पीलीभीत के बीच मेगा ब्लॉक– 30 मई 2018

मैलानी शाहगढ़ के बीच ट्रेन चली– नौ नवंबर 2023

शाहगढ़ पीलीभीत के बीच सीआरएस ट्रायल– 30 और 31 मार्च

> सीआरएस निरीक्षण की रिपोर्ट गोरखपुर से लेकर रेलवे बोर्ड को भेजी जा चुकी है। वहां से हरी झंडी मिलते ही यात्री ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा।
>
> –महेश गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल

# पुलिस ने लूट की योजना बनाते तीन आरोपी को दबोचा

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार:** मझगई थाना पुलिस ने शनिवार की रात तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी लूट की योजना बना रहे थे। पुलिस ने उनके पास से तीन तमंचे बरामद होने का दावा किया है। मझगई एसओ पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शारदा नदी के किनारे गदियाना क्षेत्र में बनी एक झोपड़ी पर छापा मारा। टीम ने सुबराती निवासी सिसवारा गदियाना, मजहर निवासी ढखवा गदियाना और इमरान निवासी गोतेबाजपुरवा को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर तमंचा 315 बोर व छह जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी शातिर अपराधी हैं, जो कहीं लूट करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **पीलीभीत-बस्ती हाईवे और खमरिया- ईसानगर मार्ग पर हुए हादसे, बालक घायल**

**अमृत विचार:** शहर समेत दो स्थानों पर शनिवार की देर रात हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दस साल का बालक घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। मृतकों के परिवारीजनों में कोहराम मचा हुआ है।

गांव लटकनियां निवासी मंशाराम वर्मा (45) पुत्र रामहेत शहर स्थित एक पैलेस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए लिए जा रहे थे। लालपुर चौराहा के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मंशाराम की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग निकला। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौत की खबर परिवार वालों को दी और शव मोर्चरी में रखवा दिया। मौत की सूचना मिलते ही मृतक युवक के परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग मोरचरी पहुंच गए। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पुलिस चालक को तलाश रही है।

दूसरा हादसा शनिवार की देर रात खमरिया-ईसानगर मार्ग पर थाना खमरिया क्षेत्र में हुआ। सीतापुर जिले के थाना तंबौर के गांव रजनापुर निवासी नीरज (28) खमरिया आ रहा था। बाइक पर उसका साला सूरज (10) भी सवार था। थाना खमरिया क्षेत्र में गैस गोदाम के निकट कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे नीरज की मौके पर ही मौत हो गई। सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए घायल को जिला अस्पताल भेजा, जहां उसका उपचार चल रहा है। हादसे में मौत होने की खबर मिलते ही मृतक के घर चीख पुकार मच गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिवार के लोग शव देख कर बिलख पड़े। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

# रंजिश में युवक को हमलावरों ने जमकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **पांच नामजद, आठ अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** शहर निकट एक ईंट भट्ठे के पास हमलावरों ने पुरानी रंजिश के चलते युवक को घेर लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर पांच लोगों के नामजद व आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। शहर से सटे गांव सलेमपुर के मोहल्ला गोविंद नगर निवासी अनुज कुमार ने बताया कि उसके भाई विश्व प्रताप सिंह की कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते उसके भाई को दोपहर करीब दो बजे पास के एक ईंट भट्ठे के पास अमन राज, कुलदीप, रोहित राज, अजय, हरीश पता अज्ञात ने अपने आठ साथियों के साथ घेर लिया और लाठी–डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने और विरोध करने पर आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग निकले। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे हालत गंभीर होने पर उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल की हालत गंभीर बनी हुई हैं। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि घायल के भाई की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट आदि गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों के पते अज्ञात हैं। जिनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बाघ के हमले में पीड़ित परिवार को दी सहायता

▸▸ **विधायक ने ढांढ़स बंधाकर विभागीय सहायता शीघ्र दिलाने का दिया आश्वासन**

**संवाददाता, ममरी, अमृत विचार:** मोहम्मदी महेशपुर वन रेंज क्षेत्र के गांव वनबघेल में शुक्रवार को बाघ के हमले में ग्राम हरैया निवासी तौलेराम के बेटे रामू (40) की हुई मौत के मामले में रेंजर नरेश पाल सिंह की ओर से मृतक की पत्नी सरोजनी देवी को 15 हजार रुपए सहायता राशि दी गई है, जबकि डब्लूडब्लूएफ परियोजना की ओर से अब तक कोई सहायता राशि नहीं मिली है। रेंजर नरेशपाल सिंह के साथ पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मृतक रामू के घर पहुंचे गोला विधायक अमन गिरि ने मृतक की पत्नी सरोजनी देवी, भाई श्यामू और बच्चों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन देने के बाद रेंजर नरेशपाल सिंह को मृतक की फाइल शीघ्र लखनऊ भेजना और बाघ को पकड़वाने का निर्देश दिया। रेंजर ने मृतक की पत्नी सरोजिनी को 15 हजार रुपए तत्कालिक सहायता देते हुए बताया कि डब्ल्यूडब्ल्यूएफ परियोजना की ओर से दो दिन बाद 10 हजार रुपये तत्कालिक सहायता राशि पीड़िता के बैंक खाते में भेजी जाएगी। बताया कि पीड़िता को मुआवजा राशि दिलाने के लिए फाइल डब्ल्यूडब्ल्यूएफ परियोजना कार्यालय लखनऊ भेजी जा रही है। अवधेश मिश्रा, सुधीर उर्फ़ पप्पू, शकील खान, राजकुमार आदि भाजपाई, थाना प्रभारी हैदराबाद दीपक तिवारी आदि पुलिस और वन कर्मी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### 800 गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना खमरिया के दरोगा सुनील बाबू अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने रविवार को गांव भट्ठा पुरवा निवासी ललित कुमार शुक्ला को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी इससे पहले भी एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है। उस पर चोरी और मारपीट के मामले दर्ज हैं।

# अब तख्ती लटकाकर खुद थाने पहुंच रहे हैं गुंडे

▸▸ **मोहम्मदी में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की जनसभा, विपक्ष पर जमकर साधा निशाना**

कार्यालय संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)



मोहम्मदी में जनसभा को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक।

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि पहले गाड़ी पर जितना जितना बड़ा झंडा होता था, उसके अंदर उतना बड़ा गुंडा बैठता था। पहले जनता डरती थी, अब गुंडे डरते हैं। गले में तख्ती लटकाकर गुंडे खुद थाने पहुंचते हैं कि हम सब्जी बेच लेंगे पर अपराध नहीं करेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने रविवार को मोहम्मदी के आशीर्वाद मैरिज लॉन में आयोजित सोशल मीडिया वॉलंटियर्स सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान धौरहरा से भाजपा प्रत्याशी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में बिजली मियांजी के घर रामपुर जाती थी और यहां के लोग रिश्तेदारों के आने पर जनरेटर मंगाते थे। जब से भाजपा सरकार आई है जनरेटर और इन्वर्टर बेकार हो गए। उन्होंने पब्लिक से पूछा- बेकार हो गए कि नहीं। उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। कहा कि एक तरफ मोदी और भाजपा है तो दूसरी तरफ वाले सड़ी हुई मिठाई दूसरे डिब्बे में पैक करके लाए हैं। पहले यूपीए वन, यूपीए टू और अब इंडी गठबंधन। यह बवाली लोग हैं और भ्रष्टाचार में गले तक डूबे हैं। यह लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं।

उन्होंने दस वर्षों की योजनाएं उज्ज्वला योजना के साथ त्योहारों पर मुफ्त गैस, गरीबों को पांच लाख का बीमारी के लिए आयुष्मान कार्ड, प्रदेश को सुशासन, महिलाओं को सुरक्षा, बेसिक स्कूलों में उच्च स्तरीय शिक्षा, प्रति जिले पर मेडिकल कॉलेज खोलने के संकल्प में 65 मेडिकल कॉलेज खोले शेष भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। मोदी सरकार ने महिलाओं को शौचालय देकर सम्मान से जीना सिखाया और प्रधानमंत्री आवास योजना में करोड़ों लोगों को मुफ्त आवास उपलब्ध कराए। पुलवामा पर जिक्र करते हुए आतंकियों को ठोकने की बात करते हुए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी सरकार में न तो देश सुरक्षित था और न ही महिलाएं सुरक्षित होती थी। सभा को धौरहरा प्रत्याशी रेखा वर्मा ने संबोधित करने से पहले सोशल मीडिया वॉलंटियर्स, मंडल अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारियों और कार्यकर्ताओं से काफी देर इंतजार करने के लिए के लिए हौसला आफजाई की।

### आंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

उप मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर रामलीला मैदान में उतरा। यहां से वह कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जनसभा के बाद बरबर चौराहे पर स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह सहित विधायकगण मौजूद रहे।

### ये भी रहे मौजूद

विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी, पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू, पालिकाध्यक्ष मोहम्मदी संदीप मेहरोत्रा सहित पांचों विधान सभा के प्रभारी, मीडिया प्रकोष्ठ के जिला व मंडल प्रभारी व अध्यक्ष मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जिले भर में 400 जगहों पर होगा श्री राम महोत्सव

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद श्रीराम महोत्सव सप्ताह मना रहा है। इसका शुभारंभ रविवार को काशीनगर मोहल्ले में हुआ। प्रांत मंत्री देवेंद्र मिश्रा, प्रांत कार्यालय प्रमुख संतोष एवं प्रांत प्रचार प्रमुख आचार्य संजय मिश्रा ने श्रीराम के चित्र पर माला पहनाकर पूजन किया। देवेंद्र मिश्रा ने लखीमपुर में होने वाले बजरंग दल के प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी की समीक्षा कर लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी। संतोष ने प्रभु श्रीराम नवमी पर भव्य श्रीराम महोत्सव मनाए जाने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि जिले भर में 400 स्थानों पर महोत्सव कार्यक्रम होगा। धारा सिंह सिसोदिया, पंकज जयसवाल, अतुल मिश्रा, नंदकिशोर अग्रवाल, अतुल भदोरिया, शिव पासवान, इंद्रपाल वर्मा आदि मौजूद रहेगा।

### यात्रा पुस्तक का हुआ विमोचन


यात्रा पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण एवं साहित्यकार। अमृत विचार

**पलिया कलां, अमृत विचार:** नगर के प्रमुख साहित्यकार व कवि ओमप्रकाश सुमन द्वारा लिखित यात्रा पुस्तक का स्थानीय बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज के सभागार में रविवार को विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख चिकित्सक डॉ. एके कपूर, विशिष्ट अतिथि चीनी मिल के यूनिट हेड ओपी सिंह चौहान व पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता ने विमोचन किया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश शुक्ल, राजेश भारतीय, डोरी लाल भार्गव, ओम प्रकाश गौड़, मुकुट बिहारी मिश्र, रत्ना बाजपेई, डॉ. एके अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### अवधेशा कुमारी हत्याकांड: हत्यारोपी पति का भेजा चालान

**संवाददाता, निघासन, अमृत विचार:** थाना पढुआ पुलिस ने गांव परमोधापुर में पत्नी की फावड़े से काटकर हत्या करने के आरोपी पति अवधेश कुमार उर्फ श्रीकृष्ण का रविवार को चालान भेजा है। गांव परमोधापुर निवासी अयोध्या प्रसाद उर्फ श्रीकृष्ण ने शनिवार की दोपहर करीब एक बजे अपनी पत्नी अवधेशा कुमारी (45) की वक्त फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मृतका के भाई थाना निघासन के गांव बौधिया निवासी सुरेश की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि रविवार को पुलिस ने हत्यारोपी का चालान भेजा है।

### युवक को पानी में खींच ले गया मगरमच्छ

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार:** तालाब में मछली पकड़ रहे एक युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। साथियों ने किसी तरह उसे मगरमच्छ का निवाला बनने से बचाया। मोहल्ला माही गिरान प्रथम निवासी अली हुसैन शनिवार की शाम घर से दूर अपने साथियों के साथ एक तालाब में मछली पकड़ने गया था। वह तालाब के किनारे बैठा था। इसी बीच मगरमच्छ ने उस पर हमला कर लिया और उसे जबड़े में दबोच कर तालाब के भीतर ले जाने की कोशिश करने लगा। साथियों ने लाठी–डंडों से मगरमच्छ पर हमला कर बचा लिया। साथियों की सूचना पर परिवारवालों ने अली हुसैन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लोगों ने इन तालाबों तथा नालों में रह रहे मगरमच्छों को पकड़ने की मांग वन विभाग से की है।

### गुरुद्वारा में हुई बिटिया की शादी, समाजसेवी रहे शामिल

**संवाददाता, संसारपुर, अमृत विचार:** ग्राम लाल्हापुर गुरूद्वारा के बाबा सुरजीत सिंह (जोधेवाले) के संरक्षण में ग्राम भीखमपुर निवासी रूपेन्द्र कौर की शादी अमरजीत सिंह के साथ गुरूद्वारा में धूमधाम से कराई गई। गुरूद्वारा में शादी सम्पन्न होने के बाद वधू के घर भीखमपुर गांव में रात शादी समारोह कर दावत दी गई। शादी समारोह में बेटी के मायके और ससुराल पक्ष के लोग शामिल रहे। दूल्हे अमरजीत सिंह के पिता जगजीत सिंह, रामभजन, तोताराम, मुख्य सहयोगी जोगा सिंह, बलजीत कौर, जसदीप कौर, सेवादार सोनू सिंह, भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

**विश्व कला दिवस** | चित्रकारी के दम पर बेस्ट आर्टिस्ट का जीत चुके खिताब, जिले का कई राज्यों में नाम भी रोशन किया

# चित्र को जीवंत बना रहे चित्रकार, जिले का चमका रहे नाम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कला का मतलब सौन्दर्यात्मक तरीके से किया जाने वाला कार्य है। हालांकि ललित कलाओं की संख्या पांच हैं, जिसमें चित्रकला, मूर्तिकला, नृत्य, गायन और वादन शामिल है। मगर, कला शब्द सुनते ही मन और मस्तिष्क में सिर्फ चित्रकला की छवि उत्पन्न होती है। जिले में तमाम ऐसे लोग हैं, जिन्होंने कला के बलबूते न सिर्फ मुकाम हासिल किया, बल्कि जिले का कई राज्यों में नाम भी रोशन किया।

### विदेशों तक सराही गई पेंटिंग


डॉ. लखपति राम वर्मा

कृषक समाज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पद से रिटायर डॉ. लखपति राम वर्मा की ग्रामीण परिवेश पर बनी पेंटिग विदेशों में खूब पंसद की गई। सामाजिक, धार्मिक, नारी सशक्तीकरण, पर्यावरण, शिक्षा उत्थान सहित सामाजिक कुरीतियों पर चित्रकलाओं को उकेरकर सामाजिक संवेदनाओं के लिए प्रेरित करते हुए समाज को संदेश देने वाली पेंटिंग्स कई राज्यों की प्रदर्शनी में सराही गई। इस पर उन्हें कई बार प्रथम पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। पूर्व सीएम अखिलेश यादव वर्ष 2002 में लखपति राम वर्मा को गोला गौरव का सम्मान भी दे चुके हैं।



### लोककलाकार के रूम में नगर का बढ़ाया मान

गोला निवासी फाइन आर्ट से पीएचडी डॉ. स्मिता तिवारी ने राष्ट्रीय लोककलाकार के रूप में नगर से लेकर जिले का नाम रोशन किया है। इसके अलावा लखनऊ स्मार्ट सिटी योजना के तहत आयोजित प्रदर्शनी में प्रदेश से 80 कलाकारों ने प्रतिभाग किया। इसमें शहर की ऐतिहासिक विरासत को दर्शाती पेटिंग को लेकर वह दूसरे स्थान पर रहीं। भारतीय संस्कृति व जनजातीय कला नाम की पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी है।


डॉ. स्मिता तिवारी

### खुद सम्मानित होकर बच्चों का कर रहे मार्गदर्शन

हरियाणा एवं दिल्ली में बेस्ट आर्टिस्ट अवार्ड से सम्मानित गोला निवासी राजेंद्र कुमार सोनी गरीब बच्चों को ड्राइंग की मुफ्त कोचिंग दे रहे हैं। राजेदं बताते हैं कि हरियाणा में लगी कोबरा आर्ट जोन प्रदर्शनी में दो जहाज वाली पेटिंग के लिए बेस्ट आर्टिस्ट अवार्ड मिला। इसी तरह दिल्ली सहित अन्य शहरों में आयोजित प्रदर्शनियों में कई बार सम्मान मिला। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय बैचलर ऑफ फाइल आर्ट में कोचिंग के दो बच्चे चयनित हो चुके हैं।




राजेंद्र कुमार सोनी की पेंटिंग।

### कागज पर कलाकृतियां बनाकर समाज को दे रहीं संदेश अंजली



गोला रोड के उदयपुर निवासी अंजली वर्मा की पहचान पेपर कोलाज पर कलाकृतियां बनाने वालों में हैं। उन्होंने सामाजिक संदेश देती, जिसमें शांति के लिए दुआ, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ से लेकर प्रकृति की तमाम कलाकृतियां कागज पर उकेर चुकी हैं। अंजली ने अपनी कला का कागज पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नारी शक्ति का प्रतीक मां दुर्गा, वफादारी, सुरक्षा को दर्शाता कुत्ते का मालिक के प्रति बिना शर्त प्यार, सूरजमुखी की कुछ पंखुड़ियों को बारीकी से काटकर एक्रेलिक पेंट से बनाया गया सुंदर चित्र खोया पाया को दर्शाता है। युद्ध की विभीषिका के दौरान शांति, मानवता, एकता, लंबे स्वस्थ जीवन के लिए दर्शाती दुआ की पेटिंग्स को लखनऊ में आयोजित आर्ट गैलरी में काफी सराहना मिली है।

# जिले में धूमधाम से मनी संविधान शिल्पी की जयंती

## सरकारी, गैरसरकारी कार्यालयों व विद्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम, गाजे-बाजे के साथ निकाली गईं शोभायात्राएं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** संविधान सभा के अध्यक्ष बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। मुख्य आयोजन बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के बैनर तले हुआ। वहीं सरकारी कार्यालयों सहित अन्य स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित कर लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

डीएम गौरांग राठी सहित अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालयों में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। वहीं जन्मोत्सव समिति के बैनर तले शहर के आंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही यहां स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का सिलसिला शुरू हो गया। समिति के पदाधिकारियों के अलावा सदर विधायक पंकज गुप्ता, पालिकाध्यक्ष श्वेता मिश्रा व प्रशासनिक प्रतिनिधि के तौर पर जहां नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज ने भी माल्यार्पण किया। नगर मजिस्ट्रेट ने आंबेडकर पार्क से जयंती पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो मौहारीबाग, बंधूहार, लोकनगर, छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा व शास्त्री पार्क होते हुए वापस आंबेडकर पार्क पहुंची, जहां पहले से गौतम बुद्ध व बाबा साहब संबंधित गीत व भजन का गायन जारी रहा। मुख्य अतिथि पद्मश्री डा. एसएन कुरील, डा. एसपी जैसवार, डा. शालिनी गौतम व पूर्व विधायक सुंदरलाल कुरील, बौद्ध उपासक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गौतम जयंत व विशिष्ठ वक्ता प्रो. आरसी धीमान ने समाज को संगठित व शिक्षित बनने की नसीहत दी। इस दौरान कलाकार बच्चों सहित गायकों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के जरिए लोगों को आनंदित किया।



कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डीएम।

पूर्व सांसद इंडिया गठबंधन से लोकसभा चुनाव की प्रत्याशी अन्नू टंडन ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते हुए कहा सभी को मिलकर गैर बराबरी समाप्त करने का अभियान जारी रखना चाहिए। सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी शिक्षाओं पर अमल करने पर जोर दिया। इस दौरान राम बहादुर यादव, राजेश कुमार साधू, अफजाल अहमद, रमन पटेल, शीलू यादव, नरेंद्र सिंह लोधी, लवकेश श्रीवास्तव, राहुल अग्निहोत्री, जितेंद्र कुशवाहा, उमाशंकर यादव, अमन अंजुम, धीरेंद्र यादव व छोटे लाल भारती आदि मौजूद रहे।

इधर, नेतृत्व के निर्देश पर जिला भाजपा ने बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराए। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने जिला भाजपा कार्यालय पर बाबा साहेब की जयंती मनाई। साथ ही नवाबगंज में कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां अरुण सिंह, महेश चंद्र दीक्षित, नवीन शर्मा व मनोज आदि मौजूद रहे। सांसद साक्षी महाराज ने सभी को बराबरी के अवसर दिए जाने पर जोर दिया। विधायक बम्बालाल दिवाकर, अनिल सिंह व बृजेश कुमार रावत ने भी अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल हुए। **नवाबगंज संवाददाता** के अनुसार, ब्लाक कार्यालय पर प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। एडीओ मनोज कुमार, वीडीओ सुरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, अलका गुप्ता, सुधीर कुमार, मंजीत वर्मा, भोला सिंह व दीपू आदि ने भी बाबा साहब का स्मरण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डा. शैलेंद्र सहित प्रदीप कुमार, गुरुचरन, सतीश कुमार व अमन यादव ने चित्र पर माल्यार्पण किया। वहीं अर्जुन, गौतम, अंशु, आकाश, अंकित, राज सिंह व इरफान आदि ने कस्बे की सीमा स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को याद किया। बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, डा. आंबेडकर योजना समिति ने स्टेशन रोड स्थित प्रेमगंज मोहल्ले से आंबेडकर जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल वाहनों पर बाबा साहब सहित अन्य महापुरुषों की प्रतिमाएं रखकर झांकियां सजाई गईं थीं। शोभायात्रा शहर के बड़े इलाके से गुजरते हुए बाईपास तिराहा स्थित बुद्ध विहार में समाप्त हुई। सुनील गौतम, राजेंद्र प्रसाद गौतम, करुणा शंकर, आकाश गौतम, अंकुर गौतम व अंकित गौतम, सभासद आशीष, वीरपाल, पप्पू कुशवाहा व आफाक अहमद और सोहन आंबेडकर, अतुल, राजा, देवेश, सूरज, अनुराग, मोहित, आकाश, अभिषेक व सुमित आदि बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे। गंजमुरादाबाद संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम ततियापुर गांव में आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम प्रधान मनीराम ने सभी से बाबा साहेब से प्रेरणा लेने की अपील की।



बांगरमऊ में शोभायात्रा निकालते बाबा साहेब के अनुयायी। अमृत विचार

### भीम भोज में बांटा प्रसाद

**उन्नाव।** पड़री रोड स्थित जमुका के मजरा सिंहाखेड़ा में डा. आंबेडकर जनकल्याण समिति ने जयंती पर बाबा साहब को याद किया गया। इस दौरान भीम भोज आयोजित कर पूरे दिन लोगों को प्रसाद बांटा जाता रहा। कार्यक्रम में गुरु प्रसाद कुरील, मैकूलाल, विजय शंकर, विनोद कुमार व सूरज आदि शामिल रहे।



बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते चौकी इंचार्ज व अन्य। अमृत विचार



सफीपुर तहसील सभागार में बाबा साहेब को नमन करते एसडीएम नवीन चंद्र।

कार्यक्रम में राम औतार, जगदीश, सुरेश, बेचेलाल, सत्यवान, मुन्ना, भैयालाल, हृदय लाल, शिवराम, लालता, दिनेश व दीनदयाल आदि मौजूद थे।

**औरास संवाददाता** के अनुसार, क्षेत्र के कुछ स्थानों पर जहां शोभायात्रा निकाल कर आंबेडकर जयंती मनाई गई। वहीं कई स्थानों पर लोगों ने केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। आंबेडकर पार्क में राकेश कुमार की मौजूदगी में एकत्र अनुयायियों ने बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की। उधर, मियांगंज व आसपास इलाके में शोभायात्रा निकाली गई। एकलव्य नवोदय कोचिंग इंस्टीट्यूट में संस्थापक अनुज मिश्र ने बाबा साहेब का जीवन दर्शन बताया। इस मौके पर राहुल, आनंद, अवधेश कुमार, रामचंद्र, रोहित व मोतीलाल रहे। पुरवा संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों सहित स्कूल-कालेजों में आंबेडकर जयंती मनाई गई। तहसील में एसडीएम रनवीर सिंह ने राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में डा. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसी तरह कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने भी उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। सफीपुर संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र में तहसील, ब्लाक व नगर पंचायत कार्यालयों सहित जगह-जगह आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुए। तहसील एसडीएम नवीन चंद्र व तहसीलदार रामआश्रय अन्य लोगों ने चित्र पर माल्यार्पण किया। नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ वाजपेयी राजा बेटा व ईओ विनीत श्रीवास्तव ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम में लिपिक होरीलाल सहित सभासद भी मौजूद रहे। क्षेत्र पंचायत कार्यालय में बीडीओ श्वेता त्रिपाठी ने संविधान सभा अध्यक्ष प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर एडीओ पंचायत छोटेलाल आदि मौजूद रहे। वहीं कोतवाली में सीओ ऋषिकांत शुक्ला व इंस्पेक्टर श्याम नारायण सिंह सहित स्टाफ ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में ब्रजपालपुर मे उमाशंकार गौतम व दिलीप राव के संयोजन में आंबेडकर जयंती मनाई गई। मवई लाल में रामखेलावन, राम सहाय, गंगाराम, बहादुर कुरील व अमरपाल ने कार्यक्रम आयोजित किया। परिषदीय विद्यालयों, राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के कार्यालयों में भी बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई।

**आसीवन संवाददाता** के अनुसार, नगर पंचायत रसूलाबाद में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विशाल गौतम, रंजीत गौतम, रवि बौद्ध, श्यामसुंदर, विकास गौतम, अध्यापक क्रियंटन राही आदि ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मुख्य रूप विशाल गौतम ने बाबा साहब के इतिहास व उनके विचारों पर प्रकाश डाला। रसूलाबाद चौकी इंचार्ज महेंद्र सिंह, सिपाही मनमोहन कुमार व अंकित कुमार मौजूद रहे।



राजधानी मार्ग पर बाबा साहेब को याद करते लोग। अमृत विचार

# बाबा साहेब के बताये हुये रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- जगह-जगह हुआ भंडारा निकाला गया जुलूस

**अमृत विचार।** डा. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती नगर व ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनी। जिससे लोगों ने आंबेडकर जी के बताये हुये रास्ते पर चलने की संकल्प लिया। इसके साथ ही सीताराम कॉलोनी, पोनी रोड, रविदास पार्क, राजधानी मार्ग, रविदास नगर, भीम नगर में भी बाबा साहेब के चित्र और प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किये गए। वहीं जगह-जगह भीम भोज और शर्बत वितरण करने के साथ ही वाहन जुलूस निकाला गया।

रविवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयन्ती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सीताराम कॉलोनी स्थित पंचशील बुद्ध बिहार में भीमराव आंबेडकर बहुजन उत्थान समिति के लोगों ने आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। जिसके बाद समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र गौतम ने बताया कि 4 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जाती है।

इसी दिन वर्ष 1891 में मध्य प्रदेश के महू के एक गांव में भीमराव आंबेडकर का जन्म हुआ था। उन्होंने हमेशा दबे कुचले लोगों के उत्थान के लिये काम किया।

इसके साथ ही बाबा साहेब ने समाज के लिये हमेशा अच्छे कार्य किया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, जे जे लाल, देवीचरण, राम प्रसाद, अमन गौतम, सुरेश गौतम, कैप्टन संतराम, रेखा गौतम, संतोष कपूर, मालती गौतम, केडी बाबू, धर्मेन्द्र सोनकर, सौरभ सोनकर, पुत्तन लाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। वहीं राजधानी मार्ग पर डा पंकज पासी, ओपी आर्या, संजय तिवारी, डा. गजेन्द्र, हरिनाम गौतम, योगेन्द्र, नीतू मिश्रा, अनिल दिवाकर आदि ने शर्बत बांटा।

वहीं मरहला चौराहे पर संजय भारती ने विशाल भंडारे का आयोजन कराया। वहीं पोनी रोड, चंपापुरवा, राजधानी मार्ग के अलावा कई स्थानों पर भीम भोज का आयोजन कराया गया। जिसके बाद वाहन जुलूस निकाल कर जन-जन तक बाबा का संदेश पहुंचाने का काम किया।



समाचार पत्र वितरकों के होली मिलन में फाग की धूम मची। अमृत विचार

# होली मिलन समारोह में समाचार पत्र वितरकों ने उड़ाया गुलाल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को राजधानी मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में समाचार पत्र वितरक समिति शुक्लागंज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां फूलों की होली खेली गई। ठंडाई भी बांटी गई।

समाचार पत्र वितरक समिति शुक्लागंज की ओर से पिछले कई वर्षों से होली के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी रविवार को राजधानी मार्ग स्थित कैलाश वाटिका में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जहां फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में फगुआरों ने होली गीत गाये। जिसके बाद ठंडाई वितरण किया गया। इस दौरान पत्र वितरकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुये गले लगाया। जहां मुख्य अतिथि वीरेंद्र शुक्ला, अभिषेक तिवारी, संदीप पांडे, मयंक शुक्ला, अंकुर शुक्ला मौजूद रहे। इस दौरान मुकेश तिवारी, योगेन्द्र शुक्ला, छेदीलाल बाजपेई, उमेश शुक्ला, राजेन्द्र पाल, संजय बाजपेई, कमल तिवारी, मनोज पाल, नवनीत शुक्ला, मनबोधन अवस्थी, गनेशी, हरी शंकर दुबे, आशीष सिंह, रामू, मोहित, उमाकांत, भरत मिश्रा, मिथुन आदि पत्र वितरक मौजूद रहे।

## विवाहिता ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

**उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के एक गांव में विवाहिता ने घरेलू कलह से ऊबकर घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। परिजन उसे मियागंज सीएचसी ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसिया गांव निवासी निशा (22) पुत्री कैलाश की शादी जून-2022 में आसीवन निवासी राम सिंह से हुई थी। उसकी एक आठ माह की बेटी निहारिका है। रविवार सुबह निशा ने संदिग्ध परिस्थिति में कीटनाशक निगल लिया जिसकी जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पिता कैलाश ने जहर देकर बेटी को मारने का आरोप लगाया है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मायका पक्ष आरोप लगा रहा है। मौत कैसे हुई इसकी जानकारी के लिए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# चार बच्चों के डूबने के बाद पूरे क्षेत्र में मातम

फॉलोअप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- बच्चों के डूबने की बात याद आते ही फफक-फफक कर रोते रहे माता-पिता
- क्षेत्र के हर गली-चौराहे पर लोग चारों बच्चों के डूबने की चर्चा करते रहे

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत रतीराम पुरवा गांव के सामने नहाने के दौरान पांच बच्चे डूब गये थे, जिसमें चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई थी। मौत के बाद दूसरे दिन गांव में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं मृत बच्चों को याद कर उनके माता-पिता रो रो कर बेसुध हो गये और अपने लाल के इंतजार में टकटकी लगाकर दरवाजे की ओर निहारती रही।

जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रतीराम पुरवा बंधे के पास रहने वाले सलमान का 7 वर्षीय बेटा राजबाबू उसकी बहन नाजिया बानो (11), नियाज अहमद का बेटा मो, मुनाजिर उर्फ समीर (10), रियाज अहमद उर्फ आमिर (8) और 5 साल की बेटी जैनब गंगा में डूब गये थे। जहां जैनब को बचा लिया गया। वहीं चारों बच्चों की डूबने से मौत हो गई थी। जिससे सलमान के बेटे राजबाबू और बेटी नाजिया की मौत के बाद उसकी पत्नी अफसरून का रो रो कर बुरा हाल हो गया और उसका एक पैर टूटा होने के कारण वह झोपड़ी से बाहर तक नहीं निकल सकी। सिर्फ टकटकी लगाकर दरवाजे की ओर बच्चों के आने के लिये निहराती रही। बच्चों के बारे में सोच कर वह फफक कर रोती रही। वहीं यही हाल नियाज की पत्नी शमीरून का देखा गया। वह भी बेटे मो. मुनाजिर और रियाज को याद कर फफक कर रो पड़ी।

चार बच्चों के डूबने से मौत होने पर रविवार को गांव में सन्नाटा पसरा रहा। हर गली चौराहे पर बच्चों के डूबने की चर्चाएं हो रही थी। वहीं गांव में रहने वाले लोग अपने बच्चों को गंगा के किनारे न जाने की बात कहते है।

## विवाहिता ने फंदे पर लटककर दे दी जान

**उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र के अमरसस गांव निवासी रोहित विमल कुवैत में कपड़े धोने का काम करता है। होली मनाने वह बीती 15 फरवरी को गांव आया था। 29 फरवरी-2020 को पूनम से उसकी शादी हुई थी। अभी उसके कोई संतान नहीं है। रविवार दोपहर वह घर से कहीं बाहर गया था इसी दौरान पूनम (27) अपने कमरे में छत में लगे कुंडे में दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। लौटने पर पत्नी के न दिखने पर पति कमरे में पहुंचा तो उसे फंदे से लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन सास सुमिता व पड़ोसी पहुंचे। विवाहिता की मौत की सूचना पर सीओ माया राय व नायब तहसीलदार यशवंत सिंह पहुंचे और जांच की। जहां उन्हें कमरे की कुंडी में उसका मोबाइल व टूटी चूड़ियां पड़ी मिलीं। इससे उसके साथ पति द्वारा मारपीट किए जाने की संभावना जताई गई है। दिवंगत महिला के भाई राजेश व मां राजेश्वरी ने दहेज को लेकर बेटी से मारपीट कर फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। एसओ संजीव कुशवाहा ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## सार-संक्षेप

### पीएचसी के स्वास्थ्य मेले में 38 मरीजों का हुआ परीक्षण

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रवि सचान, डा. शिप्रा झा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 38 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा, समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### मधुमक्खियों ने भाई-बहन समेत तीन पर किया हमला

**पुरवा।** भूखनखेड़ा निवासी आशाराम अपनी बहन गोपिका को बाइक से सीएचसी दवा लेने गया था। जहां से वापस घर लौटते समय भूखनखेड़ा गांव के पास अचानक मधुमक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों से बचने के लिए दोनों पास में बने तालाब में कूद गए। जिससे उनकी जान मच सकी। वहीं साइकिल से जा रहे असेहरु गांव निवासी रज्जनलाल पर भी मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह मधुमक्खियों को भगाया। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां उन्हें भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### डीसीएम ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, नौ लोग घायल

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर एक ई-रिक्शा रविवार शाम सवारियां लेकर सफीपुर से बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित मैदा मिल के पास सामने से तेज गति से आ रहे डीसीएम ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इसमें ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव गंगुवापुर निवासी मालती (40), उसका बेटा अनमोल (5) व बेटी अनमोली (9), गांव मौहाई निवासी सर्वेश (37) व उसका बेटा पवन (13), गांव केशवापुर निवासी शिव प्रसाद (38), मल्लावां के गांव भुलभुलियाखेड़ा निवासी सरस्वती (40) व गांव गाजी खेड़ा निवासी संगीता (40) व उसकी बेटी विनीता (10) समेत नौ लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों की चीख सुनराहगीर दौड़े और आनन-फानन सभी को ई-रिक्शा से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने सर्वेश, शिव प्रसाद व सरस्वती को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गेहूं के खेत में लगी आग, तीन किसानों की फसल राख

**औरास।** औरास थानाक्षेत्र के रामपुर गढ़ोवा गांव में रविवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों से गांव निवासी ज्ञान प्रकाश गुप्ता, जानकी व सुजीत के खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। फसल को जलता देख ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से आग बुझाई। लेकिन, तब तक चार किसानों की करीब दो बीघा फसल जलकर राख हो गई। प्रधान ओमप्रकाश की सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने मौके की जांच कर रिपोर्ट विभागीय अफसरों को भेजने की बात कही है।

### सनातन परिवार ने निकाली नव संवत्सर यात्रा

**शुक्लागंज।** रविवार सुबह सनातनी महिला, पुरूष, बच्चे हनुमान मंदिर पर एकत्र हुये। जहां हिंदू नव वर्ष मंगलमय का जयघोष करते हुये यात्रा को धोबिन पुलिया तक ले जाया गया। सनातन परिवार के प्रशांत अवस्थी ने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है, सनातन नव वर्ष का स्वागत प्रकृति भी कर रही है। हर तरफ हरियाली छाई है। धीरेंद्र द्विवेदी ने कहा अब हमे जाति पांति के बंधन तोड़ने चाहिए, सभी हिंदू भाई सनातन परिवार के अंग हैं। इस दौरान सब्जी मंडी में कमल वर्मा ने यात्रा का स्वागत किया। संदीप पांडे, प्रदीप तिवारी, धीरेंद्र द्विवेदी, प्रशांत अवस्थी, अजय बाजपेई, बृजेश मिश्रा, मनोज मिश्र, गुड्डू मिश्रा रिंकू बाजपेई, राघवेंद्र दिवेदी, भारत तिवारी, अजय चौबे, अर्चना सिंह, पल्लवी बाजपेई, आभा यादव, कंचन सिंह, अर्चना गुप्ता, अमन बाजपेई, शिव किशोर गुप्ता, इंद्रेश शुक्ला, अरविंद शुक्ला, विनोद तिवारी, अभिलाषा मिश्रा रहे।

### बैशाखी पर्व पर गुरुद्वारा में हुआ कीर्तन व लंगर

**उन्नाव।** परंपरा के तहत शहर स्थित गुरुद्वारा में श्री गुरु सिंह सभा की ओर से खालसा साजना दिवस (वैसाखी पर्व) मनाया गया। इस दौरान जहां गुरुवाणी का पाठ हुआ। वहीं शबद कीर्तन भी आयोजित किया गया। गुरुद्वारा पहुंचने वालों ने श्रद्धाभाव से गुरुग्रंथ साहिब के आगे माथा नवाया। श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार अरविंदर सिंह (बंटी जी) की अध्यक्षता में दो दिवसीय कीर्तन दीवान सजाया गया। जिसमें लुधियाना से आए रागी भाई पवनदीप सिंह ने सहयोगियों के साथ मिलकर कीर्तन सुना कर संगत को निहाल किया। उन्नाव से हजूरी रागी शुभम सिंह और कथावाचक ज्ञानी अमर सिंह ने भी गायन सहित कथा से संगत को निहाल किया।

स्मृति दिवस — शोक परेड कर श्रद्धांजलि देने के साथ लोगों को किया गया जागरूक

# बलिदानी दमकल कर्मियों को किया गया याद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर रविवार बलिदानी दमकल कर्मियों के शौर्य को याद कर उन्हें नम आखों से श्रद्धांजलि देने के साथ शहर के फायर स्टेशन पर शोक परेड आयोजित की गई। इसके साथ ही दमकल कर्मियों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने दमकल कर्मियों को फ्लैग पिन लगाए।

14 अप्रैल सन-1944 को मुंबई में एक मालवाहक पानी के जहाज में लगी आग बुझाने के प्रयास में मुंबई फायर सर्विस के 66 दमकल कर्मियों की जान चली गई थी। इसके बाद शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है। सदर क्षेत्र के फायर स्टेशन पर शोक परेड की गई। अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव ने इसकी सलामी ली। शहीद कर्मियों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना समेत अन्य अधिकारियों ने दमकल जवानों को फ्लैग पिन लगाया। इस दौरान निकली गई जागरूकता रैली को मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनूप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, कलक्ट्रेट, पुलिस कार्यालय, कब्बा खेड़ा, पुलिस लाइन, दरोगा बाग, मोती नगर, आवास विकास समेत अन्य जगहों पर होते हुए फायर स्टेशन पर समाप्त हुई। लोगों को आग से बचाव के लिए ल जागरूक किया गया।



शोक परेड में मौजूद दमकल कर्मी। अमृत विचार

### दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

**पुरवा।** स्थानीय अग्निशमन केंद्र पर रविवार को अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इसमें शहीद हुए दमकल कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर दो मिनट मौन रखा गया। फायर स्टेशन प्रभारी राम मिलन भारती ने शोक परेड की सलामी ली। इसके बाद फायर स्टेशन पुरवा से अग्निशमन वाहनों की एक प्रसार कस्बा पुरवा, मौरावां व मंगतखेड़ा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए वापस फायर स्टेशन पर समाप्त हुई। इसमें ग्रामीणों को आग लगने के दौरान बचाव के उपाय बताए गए।

# परशुराम-लक्ष्मण संवाद पर खूब बजीं तालियां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार रात नेहरू नगर स्थित सिद्धपीठ श्री संकटमोचन धाम मंदिर समिति की ओर से धनुष भंग का आयोजन हुआ। समापन के बाद कन्या पूजन कर प्रसाद बांटा गया। सुबह तक लोगों ने लीला का आंनद उठाया।

प्रबल बाजपेई राम, किशन बाजपेई लक्ष्मण, अरूण बाबा विश्वामित्र, राजेन्द्र मिश्र परशुराम, छन्नूलाल त्रिवेदी जनक, ओमप्रकाश त्रिवेदी रावण, जगमोहन सिंह वाणासुर, राहुल व्यास, टिंकू कानपुर कौमिक, रवि तिवारी वादक, कंचन, जान्हवी नृतक जैसे नामचीन कलाकार ने मंचन किया। जहां धनुष भंग की लीला के दौरान जैसे ही शिवधनुष टूटते है वैसे ही पात्रों ने चौपाई में कहा कि रही भुवन भरि जय जय बानी, धनुषभंग धुनिजात न जान, मुदित कहहिं जहँ तहँ नर नारी। भंजेउ राम संभुधनु भारी। वहीं धनुष टूटने के साथ सीता स्वयंवर की खबर मिलने पर परशुराम जनकपुरी में स्वयंवर स्थान पर आ जाते है। हाथ में फरसा लिए क्रोधित हो धनुष तोड़ने वाले को सामने आने और न आने पर वहाँ उपस्थित सभी राजाओं को मारे जाने की धमकी देते हैं। उनके क्रोध को शांत करने के लिए राम आगे बढ़कर कहते हैं कि धनुष-भंग करने का बड़ा काम उनका कोई दास ही कर सकता है। परशुराम इस पर और क्रोधित होते हैं कि दास होकर भी उसने शिवधनुष को क्यों तोड़ा। डीसी शुक्ला, अवधराज चौहान, कौशल किशोर पांडे, अरविंद पांडे, शिवाकांत मिश्रा, रामप्रकाश शुक्ला, गजेन्द्र मिश्रा, सुरेन्द्र शुक्ला रहे।

# खराब खड़े डंपर में घुसी बाइक, युवक की मौत

## कानपुर-लखनऊ हाईवे पर चमरौली के पास देर रात हुआ हादसा, अन्य सड़क हादसों में छह लोग घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अजगैन कोतवाली अंतर्गत खराब खड़े डंपर में तेज रफ्तार बाइक पीछे घुस गई। इसमें बाइक चला रहे एक फार्मा कंपनी के एमआर (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) की मौत हो गई। वहीं हाईवे पर ही आवारा मवेशी को बचाने में दो बाइकों की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। इसके अलावा बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में भी सड़क हादसे में एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आ गईं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव निवासी गोविंद वाजपेई (33) पुत्र सर्वेश एक फार्मा कंपनी में एमआर थे। उनकी नियुक्ति लखनऊ में होने से वे किराए का कमरा लेकर वहीं रहते थे। रविवार को छुट्टी होने से शनिवार रात करीब 11 बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ- कानपुर हाईवे पर चमरौली गांव के पास गिट्टी लदा डंपर खराब होने से हाईवे पर खड़ा था। अंधेरा और रफ्तार अधिक होने से गोविंद की बाइक डंपर में पीछे से घुस गई। इसमें उसे गंभीर चोट आ गई। पुलिस ने एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां मौजूद डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और शव देख बिलख उठे। छोटे भाई शिवम ने डंपर नंबर के आधार पर तहरीर दी है। रविवार सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बेटे की मौत से मां उमेशा देवी सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। मृतक तीन भाई-बहनों में बड़ा था। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि गिट्टी लदा डंपर अचानक खराब हो गया था। चालक ने डंपर खड़ा कर चारों ओर हरे पेड़ की डंडियों के साथ संकेतक भी लगाया था। उसके बाद वह मिस्त्री लेने चला गया था। तभी बाइक उसमें घुस गई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**नवाबगंज।** चौकी क्षेत्र के नवाबगंज दुर्गा मंदिर मोड़ पर आवारा मवेशी के अचानक सामने आने से दो बाईकों की आपस में टक्कर हो गई। इसमें राकेश, साधना, कार्तिक, दिव्यांश व दीपक को गंभीर चोटे आ गईं। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से सभी को गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया गया।



डंपर के पीछे घुसी बाइक। अमृत विचार



पुलिया में घुसा ट्रक और सड़क पर लगा जाम। अमृत विचार

### अनियंत्रित ट्रक पुलिया में घुसा, लगा लंबा जाम

**सफीपुर उन्नाव।** हरदोई–उन्नाव मार्ग पर सफीपुर से एक किमी पहले महदी खेड़ा गांव के पास गंधानाला पुल पर एक अनियंत्रित ट्रक पुलिया की रेलिंग में जा घुसा। जिससे आवागमन बंद हो गया और काफी लंबा जाम लग गया। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को किनारे कराकर जाम खुलवाया जा सका। बता दें कि हरदोई–उन्नाव मार्ग पर सफीपुर से करीब एक किमी पहले मेहंदी खेड़ा गांव के पास गंधा नाला पुलिया पर अक्सर हादसे होते रहते हैं। रविवार दोपहर एक ट्रक पुलिया की बाउंड्री में घुस गया। जिससे वहां का आवागमन ठप हो गया। इससे सैकड़ों वाहन जाम में फंस गए और कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। लोगों का कहना है कि रोड को देखते हुए यह पुलिया बेहद सकरी है। एक बार में एक ही बड़ा वाहन इस पुलिया को क्रॉस कर सकता है। जिससे रोजना जाम लगता है। वहीं आए दिन हादसे भी होते हैं।

**बांगरमऊ।** हरदोई जिला के कस्बा संडीला निवासी अरसद (18) बाइक से रविवार को बांगरमऊ आया था। घर लौटते समय संडीला मार्ग स्थित गांव गोशा कुतुब के पास तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# दहेज हत्या के आरोपी पति, सास और ससुर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानाक्षेत्र के कुड़ी गांव में विवाहिता के फंदे से लटककर जान देने के मामले में पुलिस ने रविवार को आरोपी पति, सास व ससुर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बता दें कि मौरावां थानाक्षेत्र के मिर्जापुर गांव के मजरा कुड़ी में अनामिका (20) पत्नी मोहित का शव बीते शुक्रवार उसकी ससुराल में फंदे से लटका मिला था। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने उसकी हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया था। मामला विवाहिता की मौत से जुड़ा होने से प्रशासनिक अफसर भी पहुंचे थे और जांच कर पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के नौगवां निवासी विवाहिता की मां सीमा ने बताया कि उसने दो वर्ष पूर्व बेटी अनामिका की शादी मौरावां थानाक्षेत्र के कुड़ी गांव निवासी मोहित पुत्र मनोहर लाल से की थी। शादी के बाद से पति बेटी से मारपीट करता था और इसमें ससुराली जन उसका साथ देते थे। इससे ऊबकर एक वर्ष से अनामिका मायके में थी। होली पर बेटी ससुराल गई और लौट आई थी। पति काम के सिलसिले में बाहर गया था। नवरात्र में उसको आना था इसलिए वह फिर से ससुराल आ गई थी। मां का आरोप है कि ससुरालीजन बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इससे वह परेशान रहती थी।



थाने में मौजूद आरोपी। अमृत विचार

- **शुक्रवार को फंदे से लटका मिला था विवाहिता का शव**

शुक्रवार सुबह 6 बजे बेटी ने घर पर फोन कर जानकारी दी थी कि ससुराल वाले उससे मारपीट कर रहे हैं। थोड़ी देर बाद उसकी मौत होने की सूचना आ गई। अनामिका के एक छह माह की बेटी लाडो भी है। मां ने तहरीर में बेटी के पति मोहित, ससुर मनोहर लाल, सास कृष्णवती, ननद पूनम, देवर रोहित पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया था। शनिवार को डाक्टरों के पैनल ने वीडियो ग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया था।

रविवार को मौरावां पुलिस ने जांच के बाद पति मोहित व उसके माता-पिता को दहेज हत्या के मामले में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# गिले-शिकवे भूल फिर साथ रहने को राजी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पति-पत्नियों के विवाद को सुलह समझौता से निपटाने के लिए चल रही मुहिम में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्कों में विवादित जोड़ों को बुलाया गया। इसमें दंपतियों व उनके परिजनो की काउंसिलिंग की गई। इसके बाद 16 जोड़े गिले-शिकवे भूल फिर साथ रहने को राजी हुए। इस पर उन्हें शुभकामनाएं देकर विदा किया गया।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र व जिले के थाना-कोतवालियों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद उनकी आपस में वार्ता कराई गई। इसमें 16 दंपतियों के बीच पनपे मतभेद समाप्त हुए और उनके द्वारा बिना विवाद साथ रहने का वादा किया गया।

इसमें महिला थाना से 7, परिवार परामर्श केंद्र से 4, औरास से 2, बांगरमऊ, बेहटा मुजावर व बिहार से एक-एक जोड़े को विदा किया गया।

इसमें परिवार परामर्श समिति के प्रभारी डा. आशीष श्रीवास्तव व सलाहकारों में मनीष सिंह सेंगर, डा. एसके पांडेय, रामसनेही यादव, अबसार अली, शिवेंद्र सिंह सहित परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, एसओ महिला थाना अर्चना, दरोगा मधु श्रीवास्तव, भागीरथी, हेड कांस्टेबल मिथिलेश कुमारी, कमलेश कुमारी, कांस्टेबल मीनू सोलंकी, अंशू रानी, पूनम राजपूत आदि का योगदान रहा।





सुलह के बाद जोड़े के साथ मौजूद परामर्शदाता। अमृत विचार

- **महिला हेल्प डेस्क और परिवार परामर्श केंद्र के सदस्यों ने हंसी-खुशी किया विदा**

# अनुभव बने स्वतंत्रता सेनानी परिवार समन्वय समिति के मंडल प्रभारी

**बांगरमऊ।** उप्र स्वतंत्रता सेनानी परिवार समन्वय समिति लखनऊ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पांडेय ने संगठन के प्रति लगन व निष्ठा को देखते हुए नगर के मोहल्ला गोल कुआं निवासी हाईकोर्ट लखनऊ के अधिवक्ता अनुभव शुक्ला को संगठन का लखनऊ मंडल प्रभारी मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर अशोक त्रिवेदी एडवोकेट, गरिमा दीक्षित, वंश गोपाल मिश्रा, बालेंद्र यादव, विनय द्विवेदी, नरेश द्विवेदी गुड्डू, हरिशरण, भीम शुक्ला, राधाकृष्ण मिश्रा व अनुराग सिंह विशारद आदि स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों ने हर्ष व्यक्त किया है।



अनुभव शुक्ला।

# प्रशासन पकड़वा रहा कच्ची शराब, आबकारी 'बेफ्रिक'

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कच्ची व अवैध शराब की बिक्री व परिवहन न हो सके इसके लिये जब आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कोई प्रयास तेज नहीं किये तो अब प्रशासनिक अफसरों को इसकी भी जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेनी पड़ी है। इसके चलते ही एसडीएम रनवीर सिंह ने कच्ची शराब पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्रीय लेखपालों व पुलिस कर्मियों को लगाया है।

बता दें कि इन दिनों लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। चुनाव में कच्ची व अवैध शराब की बिक्री व परिवहन न हो इसके लिये अधिकारियों ने आबकारी विभाग को भी निर्देशित कर रखा है। लेकिन, संबंधित विभाग के अधिकारी इसे लेकर गंभीर नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में जहां एसडीएम ने आपराधिक इतिहास वाले लोगों को पाबंद करने, शस्त्र जमा कराने, नोटिस तामील करने व अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखने व बिना अनुमति जूलूस निकालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में कच्ची शराब पर अंकुश लगाने को भी कहा है। आबकारी विभाग के अफसरों द्वारा कोई ठोस कदम न उठाने के बाद एसडीएम ने क्षेत्र के लेखपालों व पुलिस कर्मियों को शराब पकड़ने में लगाया है। एसडीएम ने कहा कि अब तब 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज कर 622 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए 2150 किलो लहन नष्ट किया जा चुका है।

- **कच्ची शराब के गढ़ माने जाने वाले पुरवा क्षेत्र में धधक रहीं भट्ठियां, धंधा जोरों पर**

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में पड़ा मिला वृद्ध, थम गईं सांसें

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत हिंदूखेड़ा चौराहा के पास संदिग्ध हालात में पड़े वृद्ध की जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें जहर की आशंका के चलते बिसरा सुरक्षित किया गया है। सदर कोतवाली अंतर्गत ललऊ खेड़ा चौकी क्षेत्र के हिंदू खेड़ा गांव निवासी गंगा प्रसाद पुत्र चेतनू खेती करता था। वह शराब पीने का लती था। शनिवार को उसकी पत्नी गायत्री अपनी बेटी पूनम के घर शुक्लागंज गई थी। बड़ा बेटा महेश प्रसाद चालक है और वह अपने काम पर गया था। छोटा बेटा अंशू अहमदाबाद में गाड़ी चलाता है। वह इस समय घर पर ही है लेकिन, वह भी किसी काम से गया था। इस दौरान गंगा प्रसाद की अचानक हालत बिगड़ गई और वह गांव के चौराहा पर अचेत पड़ा मिला। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। रात में शव मोर्चरी में रखवा दिया गया और रविवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें जहरीला पदार्थ खाने की आशंका और मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया है।



पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन परिजन।





पुरस्कार के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे। अमृत विचार

### 'माई स्कूल माई प्राइड' विषय पर छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में रविवार को इंग्लिश स्पीगिंग कंपटीशन का आयोजन हुआ। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में तर्क शक्ति विकसित करना है। विद्यालय प्रबंधक रिज़वान अहमद ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद कंपटीशन में विभिन्न ग्रुप्स के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने 'माई स्कूल माई प्राइड' विषय पर अपने विचार व्यक्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रबंधक ने कहा कि बच्चों में तर्क शक्ति और वक्तव्य की क्षमता विकसित करने हेतु समय–समय पर ऐसे आयोजन अति आवश्यक हैं। इसके अलावा बच्चों में विषय प्रस्तुतीकरण के प्रति आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक ने सीनियर विंग से रोनित कटियार, प्रतीक पटेल, अन्वी गुप्ता, अंशिका, माही पटेल, अस्मित कटियार, अक्षरा गुप्ता, फलक, शगुन, वेदांगी, कशिश, यशी पटेल, अमन, उत्तम व जूनियर विंग से प्रज्ञा शर्मा, शैली आज़ाद, आयुष, चैतन्या, प्रतीक, श्रीति पटेल, ज़की, अनुप्रिया, एलिजा नाज़ व प्राइमरी विंग से अथर्वा पटेल, आराध्या, अवि पटेल, इलमा, अदिति, शिवि पटेल आदि छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय की शिक्षिका शुभी पांडेय ने किया। इसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, उपप्रधानाचार्य अंजू बाजपेई, रुचि पांडेय, शिखा व कॉर्डिनेटर आमिर सहित सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रायल के पहले चरण में 40 क्रिकेटर्स का किया चयन



ट्रायल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ चयनकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** यूपीसीए ने सत्र 2024-25 के लिए अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों की चयन प्रतियोगिता आयोजित कराई। इस दौरान ट्रायल में शामिल होने पहुंचे 55 खिलाड़ियों ने अपना-अपना हुनर साबित करने के लिए पसीना बहाया। डीसीए सचिव पीके मिश्रा ने बताया कि चयनकर्ताओं ने 40 खिलाड़ियों को अगले चरण के लिए चयनित किया है। दूसरे चरण की ट्रायल प्रतियोगिता की तिथियां बाद में घोषित की जाएंगी।

सुबह से ही पं. दीन दयाल उपाध्याय स्टेडियम में चयनकर्ताओं ने डीसीए के सहयोग से खिलाड़ियों का गेंदबाजी व बल्लेबाजी क्रम में बांटकर ट्रायल शुरू कराया।

# ऋद्धि-सिद्धि के पूजन से पूरे होते हैं भक्तों के काम

**नवरात्र विशेष**

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सोनिक रेलवे स्टेशन परिसर स्थित मठिया में स्थापित मां दुर्गा, गौरी-गणेश व ऋद्धी-सिद्धी आदि अन्य देवियों वाली प्रतिमा का पूजन करने से भक्तों को अभीष्ट फल प्राप्त होते हैं। करीब 40 साल पूर्व स्टेशन परिसर मिली इस मूर्ति को यहां कार्यरत तत्कालीन स्टेशन मास्टर वाईएन शुक्ला ने पीपल के वृक्ष के नीचे रखवाया था। जहां बाद में एक दंडी स्वामी की प्रेरणा से ग्रामीणों ने मठिया का निर्माण कराया। नवरात्र में सोनिक सहित आसपास के गावों के श्रद्धालु पूजा-अर्चना व हवन कराने आते हैं।



सोनिक रेल भूमि पर स्थापित देवी प्रतिमा।

आमतौर पर देवी मूर्तियों में जहां एक ही आकृति उकेरी हुई दिखती है। वहीं देवी के वाहन के तौर पर एक ही सिंह या वृष देखने को मिलता है। लेकिन सोनिक रेलवे स्टेशन परिसर में स्थापित मूर्ति में न सिर्फ मां दुर्गा बनी हैं बल्कि अन्य आकृतियां भी हैं। इन आकृतियों को गौरी-गणेश व ऋद्धी-सिद्धी सहित अन्य देवियों के रूप में पूजा जाता है। यही नहीं मूर्ति में देवी माता की मुख्य आकृति के पास दो सिंहों की आकृतियां भी बनी हैं। बताते हैं कि करीब 40 वर्ष पहले कोई यह प्रतिमा स्टेशन परिसर में छोड़ गया था। माना जाता है कि किसी स्थान से चोरी कर ट्रेन से ले जाते समय पकड़े जाने के भय से कोई इसे यहां छोड़ गया होगा। रात में ट्रेन पास करा प्लेटफार्म चेक करते हुए स्टेशन पर कार्यरत पोर्टर श्रीकृष्ण की मूर्ति पर नजर पड़ी। जानकारी पाकर यहां तैनात एसएम ने मूर्ति पीपल वृक्ष के नीचे रखवा दी थी। इसके बाद कहीं से आए दंडी स्वामी ने ग्रामीणों को प्रेरित कर मठिया का निर्माण कराया। पीपल वृक्ष के नीचे स्थापित होने से इसे ब्रह्मशक्ति दुर्गा मंदिर कहा जाने लगा। सोनिक सहित आसपास के गावों के भक्त यहां रोजाना दर्शन करने आते हैं।

- **40 साल पहले स्टेशन में रेल कर्मियों को मिली थी मूर्ति**

### 27 फरवरी को होता है वार्षिकोत्सव

गांव के सर्वेश दीक्षित ने बताया कि प्रतिमा अभीष्ट फलदायी होने से आस्थावनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हर साल 27 फरवरी को यहां वार्षिकोत्सव होता है। जिसमें दूर–दूर से भक्त यहां दर्शनों को आते हैं।

**चैत्र नवरात्र** — छठे दिन से मंदिरों में बढ़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सुबह से शुरू हो गया मां भगवती के दर्शन कर मन्नत मांगने का सिलसिला

# मां कात्यायनी के भक्तों ने किए दर्शन, बच्चों के कराए मुंडन संस्कार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नवरात्र के छठवें दिन देवी भक्तों ने देवी के कात्यायनी स्वरूप का पूजन अर्चन किया। दिन बीतने के साथ देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला बढ़ता जा रहा है, जो परिवारों सहित बच्चों के मुंडन आदि संस्कार कराने भी पहुंचते हैं।

नवरात्र व्रत रहने वालों सहित अन्य भक्तगण अब मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचने लगे हैं। आमतौर पर घरेलू जिम्मेदारियां संभालने वाली महिलाओं का रोज मंदिर पहुंचना नहीं हो पाता, लेकिन वह नवरात्र पर शहर के प्रमुख मंदिरों में एक-एक बार दर्शन-पूजन करने पहुंचती रही हैं। ऐसी महिलाओं के अब घरों से निकलना शुरू करने से मंदिरों में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ रही है। यही नहीं बच्चों के मुंडन, कर्ण छेदन व पट्टिका पूजन आदि संस्कार भी अब कराए जाने लगे हैं, जिससे मंदिरों में दर्शन-पूजन करने वालों की संख्या बढ़ी है। आचार्य पं. जुगुल किशोर तिवारी ने बताया कि महर्षि कात्यायन ने तप कर देवी से पुत्री रूप में जन्म लेने का वरदान मांगा था। इसलिए देवी ने अजन्मा स्वरूप छोड़ महर्षि की पुत्री के तौर पर जन्म लिया। आमतौर पर पुत्री का गोत्र पिता के बजाए उसके पति से माना जाता है, लेकिन कत्यायनी देवी हमेशा-हमेशा के लिए पिता के गोत्र से ही जुड़ी हैं।



कल्याणी मंदिर में भजन–कीर्तन करतीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

### दुर्गा मंदिर में राजतिलक कार्यक्रम, झूमे श्रद्धालु

शनिवार को राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में अखंड रामायण का पाठ शुरू हुआ था। रविवार को पाठ के समापन के बाद राजतिलक हुआ। जहां भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किये। जिसे सुन वहां मौजूद भक्त झूमने लगे। मंदिर अध्यक्ष आदित्य सिंह, सुशील दीक्षित, राजू वर्मा, बब्बू मिश्रा, सुशील सिंह, प्रदीप शुक्ला, जगन्नाथ कुशवाहा, बउवा गुप्ता के अलावा तमाम भक्त मौजूद रहे।

### दानवों, असुरों और पापियों का नाश करती हैं मां कात्यायनी

**शुक्लागंज उन्नाव।** चैत्र नवरात्र के छठवें स्वरूप मां कात्यायनी की मंदिरों और घरों में विधि विधान से की गई। नवरात्र पर्व व रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण मां के दर्शन को भक्तों का तांता पूरे दिन लगा रहा। मंदिरों में मां को प्रसन्न करने के लिए कीर्तन और भजन का भी कार्यक्रम किया गया। रविवार को मां कात्यायनी के स्वरूप के दर्शन के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। आचार्य विनोद पांडे ने बताया कि मां दुर्गा के नौ रूपों में छठा रूप कात्यायनी देवी का है, यजुर्वेद में प्रथम बार 'कात्यायनी' नाम का उल्लेख मिलता है। माना जाता है कि देवताओं का कार्य सिद्ध करने के लिए आदि शक्ति देवी के रूप में महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई थीं। महर्षि ने देवी को अपनी कन्या माना था, तभी से उनका नाम 'कात्यायनी' पड़ गया। मां कात्यायनी की चार भुजाएं हैं और इनकी सवारी सिंह है। महिषासुर नामक असुर का वध करने वाली माता भी यही हैं। इसके अलावा कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, महेश मार्ग स्थित सिद्धिधात्री मंदिर, डाकतार कालोनी स्थित सोमा गौरी मंदिर, बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ, नेहरु नगर स्थित दुर्गा मंदिर, अंबिकापुरम स्थित नवदुर्गा मंदिर, गांधीनगर स्थित काली मंदिर, पोनीरोड झंडे चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर, बिन्दानगर स्थित दुर्गा मंदिर के अलावा तमाम देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



मंदिर में बिराजीं माता।

**देवी मंदिर में परंपरागत विशाल मेला आज :बांगरमऊ।** क्षेत्र के गांव चहलहा स्थित मां मलेहटी देवी मंदिर प्रांगण में सोमवार को परंपरागत विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। सायंकाल यज्ञ हवन व पूजन के बाद रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम व धनुष भंग का भी आयोजन होगा। मेला समिति के संरक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भक्तों से यज्ञ और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।



जगराता में देवी गीत प्रस्तुत करती भजन गायिका। अमृत विचार

# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है...

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार को शंकरपुर सरायं स्थित गाली मंदिर के पास विशाल जागरण का आयोजन कराया गया। जहां जागरण में भक्ति गीतों से हर कोई झूमने लगे। सुबह जागरण के समापन के बाद कन्या पूजन हुआ। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ।

देवी जागरण के दौरान माता का भव्य श्रंगार कराया गया। जिसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद देर रात प्रसिद्ध जागरण पार्टी श्री संकट मोचन मित्र मंडल परिवार कानपुर के भजन गायको ने देवी गीत गाये। जिसमें बेटा बुलाए झट दौड़ी चली आई मां, माता ने बुलाया है, हम तो चले मां के द्वार, माता अपने चरणों में शरण दे दो, देवी मां जग की माता है आदि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। रविवार सुबह जागरण के समापन के बाद कन्या पूजन हुआ। जिसके बाद भंडारा हुआ। संतोष तिवारी, श्याम दुलारे, अनुराग बाजपेयी, आयुष बाजपेयी, उदय कान्त त्रिवेदी, सचिन, नितिन, अवस्थी मौजूद रहे।

## एक नजर

### मां पंथवारी मंदिर में हो रही श्रीराम कथा में उमड़े भक्त

हरदोई, अमृत विचार। पाली स्थित माता पंथवारी देवी परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा के पंचम दिवस पर अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य संजय शास्त्री ने भक्तों को रोचक प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर वहाँ पर मौजूद लोग भक्ति में भावविभोर हो उठे। कथा व्यास आचार्य संजय शास्त्री ने कथा के पंचम दिवस पर भक्ति के महत्व को बताया उन्होंने बताया कि मानव शरीर ईश्वर की भक्ति के बिना बेकार है, क्योंकि भक्ति के माध्यम से ही मनुष्य इस जहां से पार होकर ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। कहा कि ईश्वर की भक्ति के बगैर मानव शरीर का कोई महत्व नहीं है। अत: प्रत्येक व्यक्ति को ईश्वर की भक्ति अवश्य करनी चाहिए।

### किन्नर पलक के दुर्गा जागरण में उमड़ रही भीड़

शाहाबाद, हरदोई। नगर क्षेत्र के मोहल्ला गिगियानी में किन्नर पलक द्वारा इस वर्ष भी एक विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंच कर दुर्गा जागरण का आनंद ले रहे हैं। किन्नर हिरनी की शिष्य किन्नर पलक पिछले कई वर्षों से गिगियानी मोहल्ले में अपने आवास के सामने स्टार धर्म कांटे के निकट विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन करती हैं। इस दुर्गा जागरण में सुबह और शाम बड़ी संख्या में आरती पूजन करने के लिए महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भीड़ उमड़ रही है। पूरी रात जागरण का कार्यक्रम चलता है। जागरण के कार्यक्रम में प्रतिदिन मेहमान कलाकारों द्वारा एक से एक मनमोहक झांकियों के साथ भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी जा रही है।

# गुंडों व अराजक तत्वों से भाजपा ने दिलाई मुक्ति : ब्रजेश

## उप मुख्यमंत्री ने नारायण धाम में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन को किया संबोधित

हरदोई




वालंटियर्स सम्मेलन को संबोधित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व सम्मेलन में मौजूद लोग। अमृत विचार



अमृत विचार। भाजपा के सत्ता में आने से पहले जहां गुंडा व भूमाफिया वर्चस्व बनाए हुए थे, वहीं आज खुद का बचाव करते दिख रहे हैं। मोदी की जनकल्याणकारी नीतियां जनता पसंद कर रही हैं। यही वजह है कि विपक्षी हताश व निराश हो चुके हैं। जनता अब उन्हें पूरी तरह नकार चुकी है। यह बातें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को नगर के नारायण धाम में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने छोटी से छोटी चीजों का ध्यान रखा है। चूल्हे के धुएं से जहां महिलाएं तमाम बीमारियों की शिकार हो जाती थी, उन्हें उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडर देकर उनकी सेहत सुधारी। गांव में गरीबों को भी शौचालय, आवास बिना किसी बिचौलिए के मिल रहे हैं। लोगों की जमीनों पर कब्जा करने वाले जगह-जगह आतंक का पर्याय बने लोगों का भाजपा ने सफाया कर दिया। आज गुंडे मवाली अपने प्राणों की रक्षा के लिए गिड़गिड़ाते नजर आ रहे हैं। मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं जनता के दिलोदिमाग में घर कर गई हैं। यही वजह है विपक्ष के झूठे बहकावों को जनता पूरी तरह नकार रही है। जनता से नकारे गए सभी विपक्षी एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सफल नहीं हो पा रहे हैं।

श्री पाठक ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया की भूमिका बहुत ही जबर्दस्त है। घर-घर सोशल मीडिया का वर्चस्व है। भाजपा की नीतियां व उनकी जनकल्याणकारी योजनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से ही जनता तक पहुंच रही हैं। बदले समय में सोशल मीडिया के महत्व को नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया बदलाव के पक्ष में एक जबर्दस्त ताकत बनकर जनता की आवाज के रूप में उभर कर सामने आया है।

सम्मेलन को आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सोशल मीडिया के माध्यम से ही सरकार की प्रत्येक योजना से सभी वाकिब हो रहे हैं। भाजपा ने जो माहौल बनाया है वह जनता को रास आ रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि महिलाओं का सबसे अधिक ख्याल मोदी ने ही रखा। अब महिलाएं कहीं भी किसी भी समय खुद को सुरक्षित मानते आ जा रही हैं। घर-घर शौचालय बनाकर महिलाओं का जहां सम्मान भाजपा ने बढ़ाया है, वहीं महिलाओं की भागीदारी लगातार हर क्षेत्र में बढ़ाने में भाजपा के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। सांसद जयप्रकाश ने कहा कि वह सदैव हरदोई की जनता सेवा में लगे रहे और आगे भी मोदी की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए जनता के लिए समर्पित रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने सोशल मीडिया के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रभारी शंकर लाल लोधी, दिनेश दुबे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पीके वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक प्रीतेश दीक्षित ने आए हुए लोगों का आभार जताया।

### अपनों के बीच अपनी भाषा में की बातचीत

अपने गृह जनपद में वालंटियर्स सम्मेलन कां संबोधित करने आए श्री पाठक भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि अपने घर में भाषणबाजी उनको शोभा नहीं देती। ठेठ हरदोइया भाषा में उन्होंने अपनी बात लोगों को पहुंचाकर खुद को हरदोई का होने का एहसास कराया। सांसद प्रत्याशी जयप्रकाश के लिए उन्होंने कहा कि यहु नीको प्रत्याशी हई केहू कहइया सतावत नाहि अहिका फेर संसद पहुंचावऊ।

### साझा की जीवन की यादें

कार्यक्रम में शामिल होने आए उप मुख्यमंत्री ने जिले में गुजारे अपने बचपन व युवा अवस्था की यादें साझा करते हुए कहा कि उनको गैस सिलिंडर हरदोई स्थित बुआ के घर से अपने घर मल्लावां ले जाना पड़ता था, जबकि अब उज्ज्वला के सिलिंडर घर-घर मिल रहे हैं।

### जिले के गुंडों पर भी किया कमेंट

श्री पाठक ने कहा कि इसी जिले में दूसरी सरकारों में गुंडे सत्ता में रहकर लोगों के खाली पड़े घरों व मकानों को कब्जा कर रहे थे। सांडी क्षेत्र में तमंचे लेकर गुंडों की फौज घूमा करती थी, कुछ गुंडों के डर से यहां लोग अपनी बात तक नहीं कह पाते थे, लेकिन अब वह गुंडे अपना समय जैसे-तैसे व्यतीत कर रहे हैं।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

उप मुख्यमंत्री को जिले के लोग जगह-जगह रोक कर स्वागत कर रहे थे। हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में उन्हें काफी समय लगा। मल्लावां कस्बे के रहने वाले श्री पाठक का बिलग्राम चुंगी, लखनऊ चुंगी सहित तमाम स्थानों पर लोगों ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के स्वागत से गदगद उप मुख्यमंत्री भी इत्मिनान से मिलते हुए नजर आए।

## सैकड़ों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के समक्ष आज नगर क्षेत्र के खेड़ा बीबीजयी, अख्तियारपुर एवं वाजिद खेल में आयोजित समारोह में 700 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी में आस्था व्यक्त की और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी, सांसद एवं प्रत्याशी जयप्रकाश रावत, प्रभारी आजाद भदौरिया एवं जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन रविवार को नगर के अख्तियारपुर, खेड़ा बीबीजयी, वाजिद खेल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इन तीनों कार्यक्रमों में लगभग 700 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के प्रति आस्था प्रकट की। इस मौके पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा भारतीय जनता पार्टी एकमात्र विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा अन्य दलों के लोग अपना भविष्य देखकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी सुभाष रस्तोगी, ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, टोडरपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्यामू त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवरात्र : छठें दिन मां कात्यायनी देवी की हुई पूजा-अर्चना

हरदोई



रविवार को बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर में मां की आरती करती महिलाएं। अमृत विचार

अमृत विचार। माता दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना का विशेष पर्व चैत्र नवरात्रि के छठें दिन मां भवानी के छठे स्वरूप देवी माता कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। माता रानी की घरों से लेकर मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना की गई और उपवास रखकर माता के जयकारे लगाए। मंदिरों में महिलाओं ने देवी गीत गाकर माहौल को और भी भक्तिमय दिया।

नगर के वंशी नगर स्थित बाबा नागेश्वर नाथ मंदिर, तुरंत नाथ मंदिर, बाबा सिद्धनाथ मंदिर, संतोषी माता मंदिर, फूलमती देवी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में महिलाओं ने देवी गीत गाकर माता की स्तुति की। रविवार को सुबह साधकों ने स्नान आदि करके उपवास रखा। घरों में रोली, सुपारी, पान, मिष्ठान, लौंग आदि से देवी माता की पूजा की और महाआरती कर मां का गुणगान किया। शहर के देवी माता के मंदिरों खासकर महोलिया स्थित काली माता मंदिर, वैटगंज स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर, नुमाइश चौराहा के जय शिवभोले मंदिर, बड़ा चौराहा के बाबा सिद्धनाथ मंदिर, सांडी रोड स्थित श्रवण देवी मंदिर, राम जानकी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का जन सैलाब उमड़ा रहा।

# सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की सुनाई कथा

सुरसा, हरदोई



कथावाचक देवलता।

अमृत विचार। ब्लाक मुख्यालय के गांव जगतपुरवा मे शीतल दास बाबा के स्थान पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथावाचक साध्वी कुमारी देव लता ने सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र की कहानी की कथा का वर्णन किया।

कहा कि सूर्यवंश में त्रिशंकु बड़े प्रसिद्ध राजा हुए थे उनके पुत्र हुए राजा हरिश्चंद्र इतने प्रसिद्ध सत्यवादी और धर्मात्मा थे। उनकी कीर्ति से देवताओं के राजा इंद्र को भी डाह होने लगी। इंद्र ने विश्वामित्र को राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा लेने के लिए कहा। इंद्र की बात सुनकर विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र को अपने योगबल से ऐसा सपना दिखाया कि राजा सपने में एक ऋषिको राज्य दान कर रहे हैं। दूसरे दिन महर्षि विश्वामित्र अयोध्या आए और अपना राज्य मांगने लगे राजा ने स्वीकार कर लिया। विश्वामित्र को राजा हरिश्चंद्र पृथ्वी के सम्राट ने सारा राज पाठ दे दिया राजा दान की गई भूमि पर रहना उचित न समझकर अपनी पत्नी तारा वती पुत्र रोहित को लेकर काशी पहुंच गए। कथा के संयोजक वेदराम राठौर, रमेश राठौर, सर्वेश राठौर, बेचेलाल व राहुल राठौर आदि मौजूद रहे।

# अपनी जिम्मेदारी व दायित्वों का ईमानदारी से करें निर्वहन

हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के प्रथम चरण में उत्तराखण्ड राज्य के जनपद चम्पावत एवं पिथौरागढ़ में निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए जनपद के 870 होमगाड्र्स जवानों की बसों जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आरआर इण्टर कालेज प्रागंण से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने होमगाड्र्स जवानों की सलामी ली। कहा कि उत्तराखण्ड प्रदेश और वहां का वातावरण काफी अच्छा है, परन्तु जिन जवानों को स्वास्थ्य में कुछ दिक्कत है, वह अपने साथ दवायें अवश्य रखें और जनपद की मर्यादा बनाये रखने के लिए निर्वाचन के दौरान अपनी जिम्मेदारी एवं दायित्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें तथा मतदान निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण सम्पन्न करायें। जिला कमान्डेंट मनोज कुमार ने बताया कि जनपद से चम्पावत के लिए 700 तथा पिथौरागढ़ के लिए 170 होमगाड्र्स जवानों को रवाना किया गया है।

### मतदान के लिए पुलिस ने जगह-जगह लगाई होर्डिंग

हरदोई। आयोग की मंशा के अनुसार मतदान फीसदी बढ़ाने के लिए अब पुलिस ने मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के लिए जिले में जगह-जगह होर्डिंग लगवाना शुरू कर दी हैं। होर्डिंग में डीएम, एसपी, एडिशनल एसपी, सीओ और थानाध्यक्ष ने सभी मतदाताओं से 13 मई को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

### जन्मदिन पार्टी के बाद छात्रा की बिगड़ी तबियत, मौत

हरदोई, अमृत विचार। पढ़ने-लिखने अव्वल रहने वाली अराध्या ने सहेलियों के साथ खुशी-खुशी अपनी 14 वीं बर्थ-डे पार्टी सेलिब्रेट की। उसके कुछ ही देर बाद पेट में दर्द शुरु हुआ, घर वाले उसे डाक्टर के पास लेकर पहुंचते, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। जन्मदिन के जश्न के बीच जो हुआ, उससे वहां कोहराम मच गया। मामला शहर के मोहल्ला लक्ष्मी पुरवा का बताया गया है। कोतवाली शहर के मोहल्ला लक्ष्मीपुरवा निवासी विवेक वर्मा की लाडली बेटी अराध्या वर्मा सेंट जेवियर स्कूल में 10 वीं छात्रा थी। शनिवार को अराध्या का 14 वां जन्मदिन था। घर में बर्थ-डे पार्टी सजाई गई, अराध्या ने अपनी सखी-सहेलियों के साथ बर्थ-डे का केक काटा, हर कोई जन्मदिन के जश्न में डूबा हुआ था। बताते है कि खाना खाने के बाद अराध्या के पेट में दर्द होने लगा, आनन-फानन में उसे एक निजी डाक्टर के पास ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। विवेक के इकलौता बेटा है और अराध्या इकलौती बेटी थी।

कथा | नगर के बाबा गौरी शंकर धाम श्यामपुर में श्रीमद् भागवत कथा

# श्रीराम के जैसा करें चरित्र निर्माण

मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। नगर के बाबा गौरी शंकर धाम श्यामपुर में श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य जितेंद्र कृष्ण मिश्र ने श्रीमद् भागवत कथा में पांचवे दिवस की पावन कथा में बताया कि भगवान श्रीराम हमारे आदर्श है। उन्होंने अपने भाई के लिए अयोध्या जैसे समृद्ध राज्य का त्याग कर दिया। उनकी जीवन शैली से एक बात भी हम अपने जीवन में उतार लें जीवन सफल हो जाये।

श्री रामचरित मानस हो या वाल्मीकीय रामायण हो दोनों में राम का अलग-अलग चित्रण है। तुलसी के राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, तो वाल्मीकि के राम महापुरुष हैं। भगवान जब विश्वामित्र के साथ अयोध्या से निकले तो सबसे पहले ताड़का को मारकर यहज सन्देश दिया कि धर्म स्थापना में दंड किसी को भी देना पड़े तो निसंकोच देना चाहिए। कथा विराम से पूर्व नन्द महोत्सव मनाया गया। सभी ने खूब नृत्य कर आनन्द लिया । मानों सम्पूर्ण वृंदावन उपस्थित हो गया। पंडित दीपक शुक्ला, ऋषभ दीक्षित, गोपाल तिवारी एवं शिव शंकर तिवारी ने विधि विधान पूर्वक व्यास पूजन कराया। मुख्य यजमान अशोक कुमार तिवारी व आयोजक विनीत त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेश पाठक, गौरव पाठक, प्रकाश चंद गुप्त, विपिन सोनी, सोनू पाठक, रमन त्रिपाठी, रामकुमार गुप्ता, महेश गुप्ता, अम्बुज दीक्षित, मनोज अग्निहोत्री, बेबी गुप्ता, अभिषेक त्रिपाठी, सियाराम अर्कवंशी, मुरारी मिश्रा, आयूषत्रिपाठी, अनूप मिश्रा, आशुतोष मिश्रा मैनेजर, अमित त्रिपाठी सभासद, गौरव सोनी, ज्ञानेंद्र मिश्रा, राम सिंह कटियार, संदीप पाठक, सत्यशील पांडेय आदि मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता



माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। विकास खण्ड क्षेत्र के गांव रुदामऊ स्थित माता जक्खा देवी मंदिर परिसर में साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा आयोजन चल रहा है। कथा के छठें दिन रविवार को कथा व्यास पं अक्षय कृष्ण शास्त्री व सहयोगी व्यास अक्षय दुबे ने भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। शास्त्री ने कहा कि जब-जब होई धरम की हानी, बाढ़हि असुर अधम अभिमानी, तब-तब धरि प्रभु विविध शरीरा, हरहि दयानिधि सज्जन पीरा अर्थात जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, दुष्टों का प्रभाव बढ़ने लगता है, तब सज्जनों की पीड़ा हरने के लिए प्रभु का अवतार होता है। इस मौके परिक्षित रमेश श्रीवास्तव साप्तनिक, अमरपाल सिंह, प्रधान अनुज कुमार, प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार तिवारी सोनू, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष अनिल तिवारी, शिवाकांत मिश्रा, राजकुमार राठौर, सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### मुण्डन संस्कार से लौट रहे युवक की हादसे में मौत

हरदोई, अमृत विचार। चचेरी बहन के पुत्र के मुण्डन संस्कार से अपने चचेरे भाई के साथ बाइक से लौट रहे युवक की बाइक अचानक बेकाबू हो कर पलट गई, जिससे उसकी मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई ज़ख्मी हो गया। बघौली थाने के रानीखेड़ा निवासी सीटू (20) पुत्र मुन्ना लाल की चचेरी बहन सुधा के पुत्र का शनिवार को मुण्डन था। सीटू अपने चचेरे भाई नीरज के साथ कछौना कोतवाली के माहसोना गया था। दोनों देर रात बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में बाइक पलट गई, जिसमें सीटू और नीरज घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को कछौना सीएचसी पहुंचाया, जहां सीटू को मृत घोषित कर दिया गया। सीटू के मामा धीरू कुमार निवासी सेलमपुर थाना माधौगंज ने बताया कि उसके बहनोई मुन्नालाल की कोविड के दौरान मौत हो गई थी। उसके बाद से उसकी बहन दोनों बेटों सीटू व रौनक के सार मायके में रहती है। सीटू बड़ा था वह मेहनत-मज़दूरी कर अपने घर का सहारा बन चुका था। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है।

### सड़क के किनारे पड़े मिले शव की हुई शिनाख्त

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस ने गुरुवार की रात को बावन चुंगी के पास सड़क के किनारे युवक का शव पड़ा बरामद किया था, जिसकी शिनाख्त के बाद पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव उसके घर वालों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने गुरुवार की रात में बावन रोड पर एक 38 वर्षीय युवक का शव पड़ा बरामद किया था। वहीं इधर-उधर भटक रही कोतवाली शहर के आलू थोक बावन चुंगी की ऊषा का कहना था कि उसका देवर राजेश पुत्र लल्लू दास लापता है। उसका कहना था कि करीब 22 साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी, उसके बाद से देवर राजेश उसी के साथ रह कर मेहनत-मज़दूरी कर भाभी ऊषा के अलावा भतीजे शिव, वीरू और भतीजी रेखा का खर्च उठाता था। भटकते-भटकते ऊषा मर्चरी पहुंच गई, जहां उसने शव की शिनाख्त अपने देवर राजेश के रूप में की, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव उसकी भाभी ऊषा को सौंप दिया।

### गलियों से गुजर रहे हैं ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। ओवरलोड वाहनों का गोरखधंधा कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। पुलिस एआरटीओ और ट्रांसपोर्टरों की मिलीभगत के चलते ओवरलोडिंग का गोरख धंधा धड़ल्ले के साथ किया जाता है, लेकिन यह ओवरलोडिंग का गोरख धंधा अब गलियों में भी किया जाने लगा है। वीडियो में दर्शक साथ देख सकते हैं कि एक ओवरलोड भूसी लदी डॉक्टर ट्राली पावर हाउस के निकट बाजार शंभा की गली से गुजर रही है। यह गली पूरी तरह से ऊबड़-खाबड़ है। डगमग करती हुई यह ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली गली से गुजरती हुई देखी जा सकती है।

# कोथावां के प्राथमिक विद्यालय गोबरहा में शिक्षा व्यवस्था हुई बेपटरी

**महज रसोइया के भरोसे चल रहा परिषदीय विद्यालय**

प्रदीप वैश्य, कोथावां (हरदोई)

**अमृत विचार।** बच्चों को निपुण और शिक्षित करने के लिए सरकार विभिन्न प्रकार के जतन कर रही है। बावजूद इसके सरकारी स्कूलों के बच्चों की शिक्षा का स्तर लक्ष्य के अनुसार नहीं बढ़ रहा है। जिसकी वजह कहीं न कहीं संबंधित शिक्षकों और जिम्मेदारों की लापरवाही है। क्योंकि बच्चे तो विद्यालय पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें पढ़ाने के लिए अध्यापक नदारद रहते हैं।

ऐसा ही कुछ नजारा विकास खण्ड कोथावां के प्राथमिक विद्यालय गोबरहा में देखने को मिला। स्कूल में बीते शनिवार को स्कूल में केवल रसोइया, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और छात्र ही मौजूद मिले। पूछे जाने पर आंगनबाड़ी ने बताया कि सभी अध्यापक ट्रेनिंग के लिए गए हैं, जबकि बच्चों के मुताबिक सिर्फ एक ही मास्टर विद्यालय आए थे फिर उसके बाद ट्रेनिंग पर चले गए।


खण्ड शिक्षा अधिकारी ने फोनवार्ता के दौरान बताया कि उन्होंने शुक्रवार को ही प्राथमिक विद्यालय गोबरहा का निरीक्षण किया था और सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त थी, और सभी अध्यापक विद्यालय आए थे। अध्यापकों की चुनावी ट्रेनिंग के बारे में व विद्यालय में विद्युत कनेक्शन व आपूर्ति बाधित होने के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने ने बताया कि वह इस बारे में विद्यालय के हेडमास्टर से बात करेंगे।



पढ़ाई के दिन भी स्कूल के कार्यालय में लटका ताला और नदारद शिक्षक।


लकड़ी के चूल्हे पर मिड-डे मील बनाती रसोइया। अमृत विचार


स्कूल के गेट के पास बंधे मवेशी व टूटी बाउंड्रीवाल (लाल घेरे में)।


पेयजल के लिए उखड़ी पड़ीं टोटी।


टूटे व बदहाल पड़े शौचालय। अमृत विचार

### जगह-जगह गंदगी, बदहाल शौचालय व टूटी बाउंड्रीवॉल

वहीं विद्यालय में जगह जगह अव्यवस्थाएं हावी दिखी। विद्यालय में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए व शौंचालय गंदे व टूटे हुए, कूड़े के ढ़ेर पर ही बच्चे मिड-डे मील का खाना खाते नजर आए। विद्यालय की बाउन्ड्रीवाल भी टूटी हुई नजर आई, बच्चों के लिए पेयजल की भी समुचित व्यवस्था नहीं होने से बच्चे पानी के लिए भटकते रहते हैं। विद्यालय के मुख्य गेट पर ग्रामीणों जानवर बांधते हैं। जिससे विद्यालय गेट पर गंदगी हर समय फैली रहती है। मिड-डे मील के लिए सरकार द्वारा गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं, बावजूद इसके विद्यालय में रसोइया लकड़ी के चूल्हे पर मिड-डे मील बनाती है। विद्यालय में विद्युत कनेक्शन होने के बाद भी सप्लाई ठप है।


स्कूल परिसर में गंदगी के बीच बैठकर मिड-डे मील खाते बच्चे। अमृत विचार

**रोज नहीं होती पढ़ाई**

स्कूल में मौजूद एक छात्र ने पूछने पर बताया कि आज स्कूल में सुबह सिर्फ संतोष सर आए थे और उसके बाद वह भी चले गए और बता गए कि वह ट्रेनिंग के लिए जा रहे हैं। एक अन्य ने बताया कि मास्टर कभी-कभी ही विद्यालय आते हैं, रोज नहीं आते, जिससे पढ़ाई नहीं हो पाती है, विद्यालय में तीन मास्टर हैं, प्रधानाचार्य संतोष कुमार, अध्यापक अर्चना व शिक्षामित्र निष्ठा। इन हालात में स्कूल में बच्चों का शैक्षिक स्तर क्या होगा, यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है।

# धूमधाम से मनाई बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती

## संविधान निर्माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि, जगह-जगह लोगों ने निकालीं शोभायात्रा

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले के कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से भारतरत्न डा. बीआर अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार कस्बे में पिछड़ा वर्ग सहित कई संगठन के लोगों ने प्रमुख मार्गों पर झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कोतवाली पुलिस भी सुरक्षा की दृष्टि से पूरे रास्ते जुलूस के साथ चलकर निगरानी करती नजर आई। नगर में डा. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में ओबीसी महासभा, संत गाडगे धोबी महासभा, कठेरिया समाज कल्याण सभा, भारतीय बौद्ध सभा, गौतम बुद्ध जनकल्याण सभा और भारत रत्न बाबा साहेब सेवा समिति द्वारा अंबेडकर जयंती पर कस्बे के अंबेडकर पार्क से विशाल शोभायात्रा निकाली गयी, जो ब्लॉक चौराहा से प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर पार्क में समाप्त हुई। बसंत गुप्ता, कमलेश कुमार एडवोकेट, राजकुमार जिंदल सहित हजारों की संख्या में बाबा साहब के अनुयायियों ने भाग लिया।

माधौगंज संवाददाता के अनुसार रुदामऊ तिराहे स्थित किसान मजदूर बेरोजगार विकास मजदूर समिति जिला कार्यालय पर समिति के संस्थापक सुभाष चन्द्र व कार्यालय प्रमुख राम नाथ हंस ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तिव पर प्रकाश डाला। कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से बी आर अम्बेडकर की 133वीं जंयती मनाई गई है। इस मौके पर रामकुमार पप्पू, पूर्व प्रधान बाबूलाल गौतम, रामचंद्र, जगदीश, सुनील कुमार, मधुर, दीपक, सर्वेश गौतम आदि ग्रामीण मौजूद रहे हैं। भाजपा कार्यालय पर मण्डल अध्यक्ष अरविंद सिंह महामंत्री शैलेन्द्र पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यलय पर संविधान रचायिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण जयंती मनाई।

बेनीगंज संवाददाता के अनुसार संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती क्षेत्र में पूरे उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नगर के मोहल्ला बाजार टोला, चमारन टोला सहित नगर क्षेत्र के मोतीखेड़ा, सिकन्दरपुर, अल्लीपुर, उल्जा, कमलापुर व भभूतीखेड़ा आदि गांवों में धूमधाम से डीजे की धुन पर अनुयायी थिरकते नजर आए। जगह जगह गाजे बाजे के साथ रैली भी निकाली गई। नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि रुपेश अंजाना ने युवाओं को बाबा साहब के आदर्शों को आचरण में उतारने का आह्वान किया। इस मौके पर उमेशचंद्र श्रीवास्तव, रोहित वैश्य, लवकुमार मिश्रा, राजेश चौधरी, अमित कुमार, विमल वर्मा के साथ-साथ अन्य संभ्रात व्यक्ति उपस्थित रहे। पिहानी संवाददाता के अनुसार कई लोगों ने कविता माध्यम से किया बाबा साहेब का गुणगान किया। एक दूसरे के रंग और गुलाल लगाकर दी बाबा साहब जयंती की शुभकामनाएं रुतबा मेरे सर को तेरे संविधान से मिला है, ये सम्मान भी मुझे तेरे संविधान से मिला है, औरो को जो मिला है वो मुकदर से मिला है, हमें तो मुकदर भी तेरे संविधान से मिला है के संगीत के साथ जोगराजसिंह के फार्म हाउस पर विशेष प्रार्थना सभा का आगाज हुआ किया गया। कछौना संवाददाता के अनुसार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई। जिसमें जनप्रतिनिधि गण, प्रबुद्ध वर्ग, सभासद गण, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित पुरुष महिलाओं बच्चों ने बढ़ चढ़कर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कस्बा में स्टेशन मार्ग पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला सहित सभासद गण राष्ट्रीय प्रबुद्ध अंबेडकर क्लब के पदाधिकारी ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर रविवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती मनाई गई। कांग्रेस जनों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि सामाजिक समानता और आर्थिक समता के प्रेरणा स्त्रोत थे।


शाहाबाद में आंबेडकर जयंती के मौके पर शोभा यात्रा निकालते लोग। अमृत विचार


आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। अमृत विचार

### बाबा साहेब को यादकर दी गई श्रद्धांजलि

**हरदोई, अमृत विचार।** बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर जयंती पर स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी दामोदर बाजपेई ने कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए बाजपेई ने कहा कि हम सभी को बाबा साहेब के बताये मार्ग पर चल कर समाजहित में कार्य करना चाहिए। रेलवे स्टेशन के वीआईपी रूम में एवं ऑल इण्डिया एससी-एसटी रेलवे एम्प्लॉयज एसोसिएशन शाखा कार्यालय में बाबा साहेब की जयन्ती को बड़ी धूमधाम व भव्यता के साथ मनाया गया। सीएसएन कॉलेज स्थित बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व छात्र-छात्राओं में मिष्ठान वितरित करके डॉ अंबेडकर जयंती हर्षपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्य प्रो साधना शुक्ला ने आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ कार्यालय मेडिकल कालेज महिला चिकित्सालय वाल्मीकि मन्दिर परिसर में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयन्ती पर बाबा साहेब की मूर्ति तक माल्यार्पण कर केक काटा गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का पड़ा मिला शव

हरदोई

**अमृत विचार** भाई अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटने के लिए अपनी ससुराल गया हुआ था, वहीं गांव के बाहर पेड़ के नीचे उसका शव पड़ा देख कर वहां हड़कंप मच गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। इसे ले कर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रहीं है।

पाली थाने के गुरुधारू गांव निवासी 23 वर्षीय नन्हे कश्यप पुत्र रामरूप अहमदाबाद में एक कलर फैक्ट्री में नौकरी करता था। 24 अप्रैल को उसकी बहन रिंकी की शादी लोनार थाने के असलापुर से होना तय हुई थी। रविवार को गांव के ही बाहर एक पेड़ के नीचे उसका शव पड़ा हुआ था। उसका भाई भूरा अपने दोस्त अरुण के साथ उधर से निकल रहा था। तभी रास्ते में उसका शव एक पेड़ के नीचे पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। शादी की सारी खुशियां गम में बदल गई। बताते है कि दो दिन पहले नन्हे शादी का कार्ड ले कर अपनी ससुराल जाने की बात कह कर घर से निकला था।

## छात्रा ने निकाली जागरूकता रैली

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र स्थित परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने शनिवार को स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण को लेकर जागरूकता रैली निकाली। डुमरियागंज नगर और गांव में भ्रमण करते हुए लोगों को बच्चों का नामांकन स्कूल में कराने व बीमारी से बचने व साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया। प्रधान संघ के तहसील अध्यक्ष दिलीप पांडेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाध्यापक अतहर मलिक ने कहा कि सभी लोग शिक्षा के महत्व को समझें और अपने बच्चों का नामांकन कराएं।

# उन्नाव में मिला घर से भागा किशोर


हरदोई

**अमृत विचार।** स्कूल का ताला तोड़ने और छोटे भाई की पिटाई करने वाला किशोर पिता के हाथों पीटे जाने के डर से घर से भाग गया था। जबकि पुलिस ने किशोर के पिता की तहरीर पर गांव के 6 लोगों पर अगवा कर उसकी हत्या करने का केस दर्ज करते हुए छानबीन शुरु कर दी। इस मामले में पुलिस के अलावा एसओजी टीम ने महीनों धूल फांकी, लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा। उसके बाद पता चला कि किशोर उन्नाव ज़िले में कहीं भटक रहा है। वहां पहुंची पुलिस ने उसे सही-सलामत बरामद कर लिया। उसके बाद पुलिस का सिरदर्द दूर हुआ।


कोतवाली में मौजूद रोहित।

पाली थाने के खेमपुर निवासी उमेश शुक्ला ने 19 जून 2023 को पाली पुलिस को तहरीर देते हुए कहा था कि 17 जून 2023 को गांव के लोगों ने उसके पुत्र को अगवा कर उसकी हत्या करने के बाद उसका शव गायब कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर किशोर की तलाश में जुट गई। तमाम कोशिशे की गई, लेकिन उसका कोई सुराग़ नहीं लगा। बरामदगी न होने पर उसके पिता उमेश ने लापरवाही की तोहमत लगाते हुए पुलिस के ऊपर दबाव बनाने की कोशिश की। किशोर की गुमशुदगी पाली पुलिस के लिए सिरदर्द साबित होने लगी। इसी तरह धीरे-धीरे 10 महीने हो गए। उसी बीच किशोर के उन्नाव ज़िले होने का क्लू होने का पता होते ही पुलिस उन्नाव ज़िले में अपना जाल बिछाया और फिर उसे उन्नाव ज़िले के पटकापुर थाना सेहरामऊ से बरामद कर लिया।

## सार-संक्षेप


आग से बचाव के बारे में जानकारी देते अग्निशमन दल के लोग। अमृत विचार

### अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस मना

हरदोई, अमृत विचार। अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस पर अग्निशमन कर्मियों ने लोगों को आग से बचाव तरीके बताए। साथ ही गर्मियों में आग से अधिक बचाव की अपील की। कर्मियों ने आग लगने पर उसे बुझाने के तौर तरीके व झुलसे व्यक्ति को आग से कैसे बचाएं यह भी बताया। बिलग्राम संवाददाता के अनुसार रविवार को अग्निशमन केंद्र बिलग्राम के द्वारा अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दी गई। अग्निशमन केंद्र बिलग्राम प्रभारी के नेतृत्व मे कस्बा बिलग्राम में जागरूकता रैली निकली गयी। इस अवसर पर लोगों को जागरूक किया गया और आग से बचाव के तरीके बताए गए। इस दौरान फायर स्टेशन प्रभारी आफताब आलम अमन द्विवेदी करूणा शंकर प्रमोद कुमार अजय कुमार समेत फायर कर्मी मौजूद रहे।


बस स्टैंड पर आड़ी तिरछी खड़ी रोडवेज बसें। अमृत विचार

### बस स्टैंड पर आड़ी-तिरछी खड़ी हो रहीं रोडवेज बसें

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मौलागंज बस स्टैंड पर रोडवेज बसें बस स्टैंड न होने की वजह से आड़ी-तिरछी खड़ी हो जाती है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होने के साथ-साथ दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं, परंतु शाहाबाद को अब तक रोडवेज बस स्टैंड नहीं मिल सका। रोडवेज बस स्टैंड के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा भूमि का आवंटन हरदोई रोड पर किया गया। उस भूमि के लिए शासन से एक करोड़ की धनराशि रोडवेज बस स्टैंड के लिए अब मुक्त कराई जा चुकी है। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी द्वारा बस स्टैंड के लिए शिलान्यास भी किया गया, लेकिन बस स्टैंड के निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। रोडवेज बसें हाईवे पर मौलागंज बस स्टैंड पर ही आड़ी- तिरछी खड़ी हो जाती है जिससे जाम लग जाती है और दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं।

**विमोचन** — प्रथम काव्य रचना कृति का किया गया विमोचन

# अपनी भावनाओं को स्वर देने का प्रयास : आकृति

हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद की प्राचीनतम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन के तत्वावधान में नवोदित कवयित्री आकृति श्रीवास्तव की प्रथम काव्य रचना 'कृति' का विमोचन रविवार को सदन सभागार में अध्यक्ष अरुणेश वाजपेयी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात युवा कवयित्री पल्लवी मिश्रा ने मां सरस्वती की वाणी वंदना प्रस्तुत की। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए रचनाकार आकृति श्रीवास्तव ने कहा कि यह मेरी प्रथम काव्य रचना है; जिसमें मैंने अपनी भावनाओं को स्वर देने का प्रयास किया है। हालांकि इसका वास्तविक मूल्यांकन पाठकों को ही करना है। अध्यक्षता कर रहे सदन अध्यक्ष श्री वाजपेयी ने कहा कि श्री सरस्वती सदन निरंतर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इसी श्रृंखला में आज युवा कवयित्री आकृति की प्रथम काव्य रचना 'कृति' का विमोचन संपन्न हुआ। उन्होंने रचनाकार को आशीष प्रदान करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। काव्य संग्रह के समीक्षक रहे श्रेष्ठ रचनाकार डॉ राघवेंद्र मिश्र प्रणय ने कहा कि संपूर्ण विश्व ही किसी कवि की कविता है। संवेदनहीन होते समाज में आज कविताएं विशेष रूप से प्रासंगिक और अपरिहार्य हो गई हैं। समीक्षक डॉ. देश दीपक शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि सीधी-सादी बातचीत के लहजे में लिखी हुई आकृति की कविताएं नई पीढ़ी के लिए प्रेरक और मित्र की भांति सचेतक हैं। समारोह में रचनाकार और उसकी कृति के संबंध में सदन उपाध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्र राही व पूर्णिमा श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो. अखिलेश वाजपेयी, चंद्रप्रकाश द्विवेदी मयंक, गिरीश डिडवानिया, आदि उपस्थित रहे।



काव्य पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

# ट्रेन में अब कैश नहीं होने का बहाना नहीं बना सकेंगे यात्री

हरदोई, अमृत विचार। भारतीय रेल में यदि आरक्षण करना हो या अनारक्षित टिकट लेना हो तो आप डिजिटल तरीके से लेनदेन कर सकते हैं। पेपर को बचाने के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल एप को लांच किया है। इसके माध्यम से रेल यात्री घर बैठे व रास्ते से ही अपना अनारक्षित टिकट ऑनलाइन माध्यम से बुक कर सकते हैं। बिना टिकट के यात्रा करते पकड़े जाने वाले यात्री आन लाइन जुर्माना भर कर जेल जाने से बच सकेंगे।

इस सुविधा का लाभ बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों के साथ अन्य यात्रियों को भी मिलेगा। भारतीय रेल द्वारा ट्रेनों में चलने वाले टिकट पर्यवेक्षक को मिलने वाली हैंडहेल्ड टर्मिनल मशीन को अपडेट कर यह सुविधा दे दी है। भारतीय रेलवे द्वारा हैंडहेल्ड टर्मिनल मशीन में एक कर कोड दे दिया गया है, जिसका प्रयोग ट्रेन में चलने वाले टिकट पर्यवेक्षक ट्रेन में चेकिंग के दौरान कर सकते हैं। यदि ट्रेन में कोई यात्री बिना टिकट पाया जाता है और उसके पास जुर्माना देने के लिए कैश रुपए नहीं है तो ऐसे में टिकट पर्यवेक्षक हैंडहेल्ड टर्मिनल मशीन में दिए गए कर बार कोड को स्कैन करा कर ऑनलाइन पेमेंट यात्री से ले सकते हैं। यह रुपए सीधे रेलवे के खाते में जाएंगे।

# प्रेमी ने प्रेमिका को वीडियो कॉल कर लगाया फंदा

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

- छह माह से प्रेमिका के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप रह रहा था प्रेमी
- ऑनलाइन फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी में काम करता था युवक

**अमृत विचार।** बीकेटी में छह माह से प्रेमिका के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे अंशु शुक्ला (23) ने फंदा लगाकर जान दे दी। आत्मघाती कदम के पहले उसने प्रेमिका को वीडियो कॉल किया था। जानकारी होने पर पुलिस प्रेमिका से पूछताछ कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, सीतापुर जनपद के महोली निवासी अंशु शुक्ला ऑनलाइन फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी में काम करता था। बीकेटी में किराए के कमरे में रहता था। उसके साथ शाहजहांपुर की युवती भी रहती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक दोनों पति-पत्नी के रूप में रहते थे। शनिवार रात को अंशु कमरे पर पहुंचा तो प्रेमिका नहीं थी। उसे कॉल किया तो पता चला कि मड़ियांव में बड़ी बहन के घर गई है। उसने कमरे पर आने को कहा, तो प्रेमिका ने मना कर दिया। नाराज अंशु ने वीडियो कॉल किया और धमकी देने लगा। रात करीब 12 बजे दोबारा वीडियो कॉल कर छत में लगे पंखे से फंदा बनाकर आत्मघाती कदम उठा लिया।

# कबाड़ में पड़े एम्बुलेंस, पहिया तो किसी के पुर्जे हुए गायब

- स्वास्थ्य विभाग का हाल एम्बुलेंसों को खटारा दिखा गुपचुप तरीके से महंगे पार्ट्स को बेचकर कर रहे खेल

अमरेंद्र कुमार, रायबरेली

**अमृत विचार।** झूठों ने झूठों से कहा है सच बोलो सरकारी ऐलान हुआ है, सच बोलो घर के अंदर झूठों की एक मंडी है, दरवाजे पर लिखा हुआ है सच बोलो। एक प्रसिद्ध कवि की कही गई यह लाइनें सीएमओ साहब पर सटीक बैठतीं हैं। हेल्थ एवं वेलनेस पीएचसी में वर्षों से खराब पड़ी करोड़ों का बजट खर्च कर शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई कई 108 एम्बुलेंस को खटारा दर्शाकर उसके महंगे उपकरण गुपचुप तरीके से गायब कर दिए जा रहे हैं। हाल यह है कि अधिकांश के तो पहियों का ही पता नहीं है। वहीं इंजन के अंदर के कई पुर्जे तक चोरी हो गए। इसके बावजूद किसी की नजर नहीं पड़ रही है।

### मरम्मत के नाम पर कर रहे गोलमाल

गरीबों की सुविधा के लिए सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए एम्बुलेंस के रखरखाव में खूब गोलमाल हो रहा है। जिम्मेदारों की मिलीभगत से एक मोटी रकम मरम्मत के नाम पर खर्च दिया जाता है, जबकि उनकी दशा किसी से छिपी नहीं है।



भुएमऊ हेल्थ एवं वेलनेस पीएचसी में कबाड़ बनी खड़ी एम्बुलेंस की गायब पहिया व अन्य सामान। अमृत विचार

यह कहीं और नहीं बल्कि मामला शहर से सटे भुएमऊ हेल्थ एवं वेलनेस पीएचसी में कभी भी देखा जा सकता है। सरकार की ओर से रोगियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराई गई 108 एम्बुलेंस पर कुछ इस कदर भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है कि अब यह महज खटारा बनकर रह गई हैं। हाल यह है कि एम्बुलेंस मिलने के बाद से न तो इनका बराबर ध्यान रखा गया और न ही इनकी समय-समय पर मरम्मत कराई गई, जिससे एक-एक करके यह पूरी तरह से खराब हो गई।

आलम यह है कि हेल्थ एवं वेलनेस पीएचसी में जर्जर हालत में खड़ी आधा दर्जन एम्बुलेंसों की सभी के पहिए तक गायब कर दिए गए। यहीं नहीं इनकी हेड लाइट व कमानी तक को खोलकर बेंच दिया गया। जिसकी कानोकान विभाग को खबर नहीं है। सूत्रों की माने तो यहां पर जिन भी एम्बुलेंसों का ठहराव होता है, वह सब सीएमओ की जानकारी में है। सरकारी परिसर में खड़ी जर्जर एम्बुलेंस की पहिया, हेड लाइट, कमानी चोरी करके बिक्री कर ली गई या फिर उन्हें अपने निजी काम में प्रयोग कर लिया गया, यह कोई बताने को तैयार नहीं है। बहरहाल यह जांच का विषय है।

### सीएमओ ने झाड़ा पल्ला कहा हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है

सीएमओ डॉ. बीरेन्द्र सिंह ने प्रकरण से पल्ला झाड़ते हुए सीधे लहजे में कह दिया कि यह हमारे क्षेत्र से बाहर है। सबसे बड़ी बात जहां पर एम्बुलेंस खड़ी हैं, वह क्षेत्र स्वास्थ्य विभाग के हिस्से में है। ऐसे में विभागीय मिलीभगत के होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। हालांकि सूत्रों की माने तो यह सबकुछ सीएमओ की जानकारी में है। इसके बावजूद रोकथाम को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# बदहाली के आंसू बहा रहे मतदान केंद्र, सुविधाओं का टोटा

## मतदान केंद्रों पर पानी की टंकियों से टोटियां नदारद, यूरिनपॉट और वाशवेसिन के पाइप भी गायब

- सुविधाएं ने होने से परेशान होंगे मतदान कार्मिक और सुरक्षाकर्मी

संवाददाता, महमूदाबाद/सीतापुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही जिला निर्वाचन अधिकारी समेत जिले की समस्त मशीनरी मतदान को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में लग गई है। आधी अधूरी तैयारियों के बीच तहसील के अधिकारी मतदान केंद्रों का जायजा लेकर कमियों को दुरुस्त कराने में जुटे हुए है। लिहाजा मतदान केंद्रों पर खमियों का भंडार होने से मतदाताओं को भविष्य में परेशानियों से सामना कर पड़ सकता है। अधिकांश मतदान केंद्रों पर दरवाजे विहीन शौचालय और गंदगी के अम्बार से मतदान केंद्र भरे पड़े है। जिम्मेदार अधिकारी समय रहते सब कुछ दुरुस्त होने का दावा कर रहे है। पेश है महमूदाबाद ब्लॉक अंतर्गत मतदान केंद्रों की एक रिपोर्ट -

विकासखंड महमूदाबाद के नगर के रामकुंड चैराहा स्थित बीआरसी प्रांगण में मौजूद कुआं खुला पड़ा है। जिससे मतदान के दौरान व रात के अँधेरे में सुरक्षाकर्मियों के साथ अभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। यहां मौजूद खुला कुआं गंदगी से बजबजा रहा है। कुएं के उपर ढक्कन न होना लापरवाही का संकेत है। इसके साथ ही दूसरी तस्वीर में शौचालय की स्थिति भी बेहद दयनीय स्थिति है। यहां के टॉयलेट में सीट तो है मगर नीचे का पाइप गायब है। यही हाल शौचालय के बाहर लगे वाश वेसिन का है जिसके नीचे का पाइप भी गायब मिला।

तीसरी तस्वीर मतदान केंद्र नगर पालिका परिषद परिसर की बाउंड्री के बाहर लगी पानी की टंकी की टोटी ही गायब मिली है। चैथी तस्वीर मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर की है। यहां विद्यालय बंद मिला है लेकिन बाहर की स्थिति से अंदर की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। यहां विद्यालय की बाउंड्री के बाहर कुछ ही दूरी तक नाली गन्दगी से बजबजाती हुई दिखाई दी। जो सिर्फ विद्यालय बाउंड्री तक ही निर्मित थी। जल निकासी के रास्ते बाउंड्री परिसर के खत्म होते ही विलुप्त दिखाई दिए। जिसके कारण विद्यालय परिसर का पानी सीमित दूरी तक बनी नाली में ही जमा हुआ मिला। मतदान केंद्रों की बदहाली को लेकर उच्चाधिकारी लगातार निरीक्षण कर उसे दुरुस्त कराने का दावा तो कर रहे है लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### एक सप्ताह में दूर होंगी समस्याएं : शिखा शुक्ला

मतदान केंद्रों की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने बताया कि मतदान केंद्रों पर जो भी समस्याएं हैं उन्हें एक सप्ताह से पहले सही करवा दिया जाएगा। मतदान स्थल पर किसी भी समस्या से सुरक्षाकर्मियों और मतदान कर्मियों से लेकर मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।



मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय पैगम्बरपुर के बाहर रखा टूटा डस्टबिन व दीवारों से निकलता पेंट। बीआरसी में बेसिन से गायब पाइप व भरी गंदगी अमृत विचार



बीआरसी परिसर में मौजूद बगैर ढक्कन के खुला कुआं और भरी गंदगी।



प्राथमिक विद्यालय मोतीपुर के बाहर गंदगी से बजबजाती नालियां। अमृत विचार

# चार घरों में आग का तांडव लाखों की गृहस्थी जली



आग से जला घर का समस्त सामान। अमृत विचार

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम समरदहा में अज्ञात कारणों के चलते एक घर में आग लग गई। भीषण आग ने पड़ोस के तीन घरों की ग्रहस्ती का सारा सामान जलाकर खाक कर दिया।

राकेश पुत्र कल्लू के घर के पास से अज्ञात कारणों के चलते आग लगी। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप घारण कर लिया। जिससे गांव के ही निवासी लाल जी पुत्र कल्लू, राकेश पुत्र कल्लू, गोविंद पुत्र कल्लू के घर पूरी तरह से जल गए। जिसमें राजेश पुत्र कल्लू के घर में काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। उनके घर में सिंचाई करने वाला इंजन, ठेलिहा, साइकिल, एंड्राइड मोबाइल, सरसों की बोरी, धान की बोरी, तीन तखत, दरवाजा सहित खाद भी जलकर खाक हो गई। साथ ही घर में रखे 2000 रुपए भी जल गए। जानकारी पाकर मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल शिवकुमार शर्मा तथा चांदपुर चौकी इंचार्ज संजय सिंह पहुंचे और नुकसान का आंकलन कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया कि मामले की रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को भेज दी गई है। जल्द ही पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### घरों की जली गृहस्थी

**सेउता।** राजपुर क्योटाना मजरा मंगलपुरवा गांव निवासी कालिका प्रसाद बाजपेई के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटों ने पड़ोस के राजेश के घर को अपने आगोश में ले लिया। इससे दोनों घरों की गृहस्थी जलकर स्वाहा हो गई। ग्रामीणों द्वारा आग लगने की सूचना फायर वाहन को दी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है।

## सार-संक्षेप

### अत्याचार को खत्म करने के लिए अवतार लेते है प्रभु

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा रविवार को मां कात्यायनी देवी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। क्षेत्र के ग्राम केशरी गंज में नवरात्रि के अवसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पंडित अखिलेश महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए पूतना वध,कालिया नाग का मान मर्दन तथा गोवर्धन पूजा की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार अनाचार बढ़ता है, तब-तब भगवान पृथ्वी से अनाचार अत्याचार को खत्म करने के लिए अवतार लेते हैं। अत्याचारी कंस के आतंक को समाप्त करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया था। कथा व्यास पंडित अखिलेश महाराजने कहा कि भगवान ने देव दुर्लभ शरीर आपको दिया है। इसलिए आप सत्कर्म करते हुए सन्मार्ग पर चलें और सच्चे हृदय से प्रभु की आराधना करें। इस पावन अवसर पर वृंदावन धामसे आए कलाकारों ने रात्रि वेला में रासलीला में भगवान की मनमोहक झांकियां का सजीव प्रदर्शन किया। जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

### कमलापुर में बुजुर्गों को भेंट किये अंगवस्त्र

**कमलापुर/सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के सरौराकला,कमलापुर, हर्दी पुरवा, मनिकापुर, चदेहरा, ककरहिया में स्थापित बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। वहीं कमलापुर मंडल के अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने 14 शक्ति केन्द्रों समेत क्षेत्र के सभी बूथों पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करके जयंती मनाई। कार्यक्रम मे जिला सहसंयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डाक्टर अभय पाण्डेय ने दो वृद्ध दलित महिलाओं को अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया।

### चित्रकला में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** विब्ग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स में आंबेडकर जयंती पर सभी शाखाओं में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विब्ग्योर ग्रुप ऑफ स्कूल के प्रबंध निदेशक मुदित वर्मा ने डॉ. आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके किया। विब्ग्योर पब्लिक स्कूल शक्ति नगर में 102, विब्ग्योर पब्लिक स्कूल चंदौली में 112 और विब्ग्योर खोया मंडी में 99 बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग लिया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रधानाचार्य रामपाल वर्मा, प्रधानाचार्य मथुरा प्रसाद वर्मा ने सभी बच्चों को पुरस्कार दिया। इस मौके पर जितेंद्र पांडे, राजेश शर्मा, शिवांगी सिंह, विदिशा सिंह, मोना, दीक्षा, खुशी, धीरज आदि मौजूद रहे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सिपाही घायल

**शिवगढ़, रायबरेली।** ड्यूटी कर वापस थाने लौट रहे सिपाही को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर से सिपाही बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। जिसे जख्मी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया, जहां सिपाही की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया। करीब डेढ़ साल से शिवगढ़ थाने में तैनात कांस्टेबल रामआसरे कुम्भी बार्डर से ड्यूटी खत्म कर रात करीब साढ़े नौ बजे थाने लौट रहा थे तभी थाने से चंद मीटर पहले बांदा-बहराइच मार्ग पर स्थित भवानीगढ़ चौराहे पर बछरावां की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे रामआसरे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर इकट्ठे लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# फिल्म निर्माता व अभिनेता ने इश्क नचाए बीच बाजार का किया प्रमोशन



प्रशंसकों के साथ भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह। अमृत विचार

**लहरपुर, अमृत विचार।** भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्रामसिंह पटेल के रविवार को नगर आगमन पर उनके प्रशंसकों ने भव्य स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि अवध गंगा फिल्म के बैनर के तहत बनायी गई फिल्म इश्क नचाए बीच बाजार जिसकी अधिकांश शूटिंग लहरपुर के विभिन्न स्थानों पर की गई थी और जिसका ट्रेलर व गाना भी रिलीज हो चुका है।

रविवार को शीघ्र रिलीज होने वाली फिल्म इश्क नचाए बीच बाजार के बिजनेस प्रमोशन के लिए फिल्म के निर्माता व अभिनेता संग्राम सिंह पटेल अपने प्रशंसकों के बीच लहरपुर पहुंचे। उन्होंने अपने प्रशंसकों से शीघ्र रिलीज होने वाली फिल्म को थिएटर में देखने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने अपनी नई फिल्म हाईकोर्ट की शूटिंग शीघ्र ही लहरपुर में करने की घोषणा की।

# होटल के लिफ्ट में हादसा, गुपचुप तरीके से घायलों का कराया उपचार

**संवाददाता, रायबरेली।** शहर के एक होटल में लिफ्ट के अंदर हादसा होने से कई लोग घायल हो गए। घटना को छिपाने के लिए होटल संचालक ने आनन फानन में घायलों का एक निजी अस्पताल में इलाज करा दिया। वही बाद में यह कहते हुए गुमराह किया कि पैर फिसलने से एक व्यक्ति घायल हुआ था। इतना ही नहीं प्रकरण में सीओ के आने और लिफ्ट को देखने की बात भी कही। इस बाबत जब सीओ से बात किया गया तो उन्होंने जाने से इंकार कर दिया। उधर हरचंदपुर एसओ ने प्रकरण में लिफ्ट के गिरने और तीन से चार लोगों के घायल होने की बात को स्वीकार किया है। मामला रायबरेली-लखनऊ हाईवे पर डिडौली गांव के निकट के होटल का है। बताते है कि लिफ्ट में अधिक लोगो के सवार होने के कारण हादसा हो गया। सवाल लोगों के घायल होने से होटल में अफरा तफरी मच गई। सूत्रों कि माने तो घायलों का इलाज गुपचुप करा दिया गया।

### वैवाहिक समारोह के दौरान हुआ हादसा

होटल में वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। बताते है कि होटल में लिफ्ट को लेकर मानक नही लिखा था। इसके चलते अधिक लोग अंदर चले गए। गनीमत यह रही कि लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर से बेसमेंट तक ही स्लिप हुई थी। इसके कारण कोई ज्यादा हताहत नहीं हुआ। इतना ही नहीं प्रकरण को छिपाने के लिए होटल प्रबंधन ने लिफ्ट के पास लगे सीसीटीवी कैमरों को बंद कर दिया।

हमने मौके का निरीक्षण किया था। प्रथम तल से लिफ्ट स्लिप हुई थी। जिस परिवार का कार्यक्रम आयोजित हो रहा था उनसे भी बात की। लेकिन किसी के घायल होने की सूचना नही मिली। स्थिति सामान्य है। घटना को अफवाह नही कहा जा सकता ये जांच का विषय है।

**-प्रमोद सिंह, थानाध्यक्ष, हरचंदपुर**

### हमे नहीं पता सीओ थे कि एसओ

होटल संचालक महादेव गुप्ता ने पहले सीओ के आने को बात बताई। इस संबंध में सीओ से पूछा गया तो उन्होंने जाने की बात को इंकार कर दिया। दोबारा जब संचालक से पूछा गया तो झूठ पकड़े जाने पर यह कहते हुए चले गया कि मुझे नहीं पता सीओ आए थे कि एसओ।

# बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** बाइक से अपने घर आ रहे दो लोगों को राजमार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया है।

यह हादसा लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर रविवार की दोपहर बाद सबीसपुर गांव के पास हुआ है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे किसुनी मजरे रायपुर अरखा निवासी किशन और राम खेलावन बाइक से अपनी रिश्तेदारी कुंडा क्षेत्र में गए हुए थे, जहां से दोनों लोग दोपहर बाद वापस अपने घर आ रहे थे। लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर क्षेत्र के सबीसपुर गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच मौका पाकर बोलरो तेजी के साथ भाग गई। आसपास के लोगों ने घायलों को उठाया और उन्हे एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनो घायलों को उनकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# जागा वन विभाग, हमलावर बंदर को पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा

- पिंजरे के नजदीक तक नहीं पहुंचा बंदर, अन्य बंदरों ने लगाई भीड़
- बंद पिंजरे में बिना खाद्य सामग्री के बंदर पकड़ेगा वन विभाग

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** अमृत विचार की खबर प्रकाशित होने के बाद वन विभाग की नींद टूटी है। हरकत में आए वन विभाग ने कस्बे में पानी की टंकी के पास पिंजरा लगाया। बंदर को रिझाने के लिए पिंजरे में केले भी रखे गये, लेकिन चालाक बंदर पिंजरे के पास तक नहीं फटका। पिंजरे में फंसे एक देसी बंदर ने केले खा डाले। उसके बाद से पिंजरे से खाद्य सामग्री गायब है और पिंजरे का गेट भी बंद है। फिर भी विभाग बिना खाद्य सामग्री के बंद गेट वाले पिंजरे में लंगूर के फंसने की राह देख रहा है।

रविवार के अंक में अमृत विचार ने श्72 घंटे से हमलावर बंदर को पकड़ नहीं पाया वन विभाग, गुस्से में लोगश् शीर्षक से खबर प्रकाशित कर हमलावर बंदर की दहशत और वन विभाग की बेपरवाही से स्थानीय लोगों में उपज रहे आक्रोश की ओर उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया था। खबर प्रकाशन के बाद हरकत में आए वन विभाग के वन दारोगा अक्षय पांडेय ने रविवार की दोपहर करीब 11रू40 बजे नगर पंचायत कर्मचारी के सुझाव के बाद कस्बे की गाजीपुर रोड पर पानी टंकी परिसर में पिंजरा लगाया और बंदर को रिझाने के लिए उसमें केले भी रखे। लेकिन चालक लंगूर पिंजरे के पास तक नहीं फटका। कुछ देर बाद पिंजरे में घुसा एक देसी बंदर केले खा गया। पिंजरे में फंसने के बाद बंदर बाहर निकलने की जद्दोजहद करने लगा और असफल रहने पर चीखने लगा। जिसके बाद तमाम अन्य देसी बंदर मौके पर जुट गये। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद पिंजरे का गेट खोलकर देसी बंदर को बाहर निकाल दिया।



बंदर पकड़ने को लगाया गया पिंजरा। अमृत विचार

देर शाम तक पिंजरे से खाद्य सामग्री गायब थी और उसका गेट भी बंद था। फिर भी अपने उद्देश्य से भटके वन विभाग के जिम्मेदार खाद्य पदार्थ विहीन और बंद गेट वाले पिंजरे में हमलावर बंदर की राह देखते रहे। वन विभाग की यह बेपरवाही यह सिद्ध करती है कि जनहित के लिए वो कितने फिक्रमंद हैं।

## एक नजर

### शराब पीकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, चार घायल

**पहला/सीतापुर, अमृत विचार।** सदरपुर थाना इलाके में शनिवार शाम दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गये। मारपीट में दोनों पक्षों के कुल चार लोग घायल हुए। जिन्हे इलाज हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि मारपीट मामले में अभी किसी पक्ष की तहरीर नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सरैया कादीपुर के मजरे मोतीपुरा निवासी नट बिरादर के दो पक्षों नीरज पुत्र कासीराम,पंकज पुत्र कासीराम,गांधी पुत्र अंबर तथा दूसरे पक्ष के प्रकाश पुत्र खुन्नू के बीच शराब पीकर गाली गलौज होने लगा। बताया जाता है कि आपसी विवाद की तनातनी में दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चल गये। जिनमे दोनों पक्षों के चार लोगों के सिर में चोट आई है। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहला लाया गया, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर वापस भेज दिया। हालांकि किसी पक्ष द्वारा खबर लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

### दहेज की मांग को लेकर युवती को घर से निकाला, केस

**तम्बौर/सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रेउसा के ग्राम कटरा किशोरगंज निवासी कंकू की पुत्री सोनी की शादी करीब साल भर पहले मुकेश पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम डाले सिंह पुरवा थाना तम्बौर के साथ हुई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में विवाहिता ने आरोप लगाया कि शादी के दौरान उसके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। करीब 10 दिन पहले ससुराल वाले उसे मायके से लाए थे। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराली जनों ने उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति मुकेश सहित छोटू , सास राजेश्वरी, जेठानी मोहिनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### जयंती पर आयोजित की गईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**अटरिया, सीतापुर, अमृत विचार।** आंबेडकर जयंती के अवसर पर आर्यकुल कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कॉलेज प्राचार्या प्रोफेसर डा. स्तुति वर्मा ने आंबेडकर के जीवन में संघर्षों का उल्लेख किया। कॉलेज के शिक्षकोंव छात्रों ने भारतीय संविधान की पालन एवं रक्षा करने की शपथ ली। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, एचओडी डॉ. राहुल शर्मा, रजिस्ट्रार रोहित सिंह, अनुपम, राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल, शशि प्रभा, रीता, नसरा, समी, तारिक, रेहान, ज्योति, तिलक राज आदि मौजूद रहे।

### बजरंग दल ने बाबा साहेब की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** बजरंग दल ने संविधान के शिल्पकार व सामाजिक न्याय के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले भारतरत्न बाबा साहेब अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते नमन किया ।इस मौके पर उपस्थित लोगों में जिला सहसंयोजक बजरंग दल सीनू मिश्रा बजरंगी, शैलेंद्र मिश्र बजरंगी, संजय अवस्थी सहित दर्जनों पदाधिकारियों सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### जनजागरण रैली निकाल कर किया जागरूक

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेड़कर की 133वीं जयंती मनाई गई। विकासखण्ड सकरन क्षेत्र में आंबेडकर जयंती समारोह समिति एवं सर्वधर्म समाज की ओर से सुबह आठ बजे कम्हरिया कटेसर से डॉ. भीमराव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। वहां से सांडा सकरन मुख्य मार्ग से होते जन जागरण रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। वहीं युवा हाथों में नीले झंडे लेकर और बाबा साहेब डॉक्टर आंबेडकर अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

# शिक्षा से किसी भी ऊंचाई पर पहुंचना आसान

## आंबेडकर जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने बाबा साहेब के जीवन पर डाला प्रकाश


कलेक्ट्रेट सभागार में आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डीएम अनुज सिंह।

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नन्द तिवारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नितिन सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी का हार्दिक स्वागत अभिनंदन करते हुए उनके विचारों को व्यक्त किया। सभी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की दी गई शिक्षा को वर्तमान में प्रासंगिक माना। भारतीय संविधान निर्माण में बाबा साहब के संघर्ष व योगदान को सभी ने सराहा। जिलाधिकारी ने कहा कि कई अन्य जो हमारे महापुरूष है उनके भी जन्मदिवस को किसी प्रकार से मनाते हैं क्यों कि जब इन महापुरूषों की जन्मतिथि को हम याद करते हैं तो कहीं न कहीं हम उनके जीवन के जो आधार हैं। उनकी जीवन शैली को लेकर चलते हैं, उस पर चलने के कारण वह महान बने होते हैं और उसी को जब हम अपने जीवन में उतारने की कोशिश करते हैं तो हमारे जीवन को भी एक सही दिशा मिलती है। इसी प्रकार से बाबा साहब डा भीमराव आंबेडकर को हम सब जानते हैं कि बाबा साहब एक बहुत ही गरीब परिवार से थे और उनके समय में बहुत सी कुरीतियों का शिकार होता था, उसमें पैदा हुये थे और इन सबके बावजूद भी अपने समय के पढ़े लिखे व्यक्ति थे। उनसे हम सबको सीख लेनी चाहिये। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसा हथियार है, जिससे एक पीढ़ी यदि मेहनत कर जाये और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर दें तो आगे आने वाली पीढ़ियां की परेशानी काफी कम हो जाती है। पढ़ाई के बल पर बहुत कुछ किया जा सकता है। शिक्षा का बहुत महत्व होता है तभी व्यक्ति अच्छी शिक्षा के बल पर अच्छी स्थान पर पहुंचता है। बहुत से लोगों ने जो ऊंचाइयां हासिल की है, अपने माता-पिता से आगे निकल गये हैं तो यह बाबा आंबेडकर साहब से सीखने वाली चीज है।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों से हम सीख लेते हैं। यहां जो भी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित है, सभी सामान्य परिवार से ही होंगे। सभी को किसी भी तरह का भेदभाव नही करना चाहिए। लड़का और लड़की के बीच शिक्षा को लेकर भेदभाव नही करना चाहिए। बेटी के शिक्षित होने से समाज अधिक शिक्षित होता है, परिवार प्रगति करता है। बाबा साहब सही को सही और गलत को गलत बोलने से कभी कतराए नही है। वैचारिक मतभेद अलग होने के बावजूद भी बाबा साहब ने देश व समाज हित में ही कार्य किया। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के दर्शन को संविधान से जोड़ते हुए प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। आज अभी जो कुरीतियां समाज मे रह गई है सभी के बोलने से उस कुरीतियों की दूर करने का प्रयास किया जाएगा। सभी लोग अपने सहयोगियो से अच्छा व्यवहार रखे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी को वेतन मिलता है सच बोलने का, सच लिखने का, सच के साथ रहने का।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह ने बाबा साहब के व्यक्तित्व व जीवन शैली प्रकाश डालते हुए, अर्जित शिक्षा के दौरान उत्पन्न चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार सिंह ने बाबा साहब के त्यागपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। शोषित, नारी पिछड़े, बच्चों पर ही उनका जीवन समर्पित रहा। नगर मजिस्ट्रेट कृष्णा नन्द तिवारी ने कहा कि सभी को संविधान के तहत लाना, सभी को समान अधिकार मिलना बाबा साहब की ही देन है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नितिन सिंह ने भी बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर को याद किया।

# जयंती पर जुलुस निकाल मतदान की दिलाई शपथ



कार्यक्रम के दौरान मौजूद ट्रस्ट के पदाधिकारी। अमृत विचार

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** विश्व मानवाधिकार के राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय महमूदाबाद में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती को धूम-घाम के साथ मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह दिनकर एवं राष्ट्रीय संरक्षक एसएस दिनकर द्वारा डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभिन्न वक्ताओं ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने संविधान की उद्देशिका को पढ़कर संविधान को अंगीकृत करने की शपथ ली।

लोकतंत्र महापर्व के मान सम्मान के लिए लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से शत प्रतिशत मतदान करने व करवाने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सुधीर कुमार वर्मा, मंडल कार्यालय प्रभारी लखनऊ, राम सजीवन प्रदेश सदस्य , रामप्रसाद अध्यापक तहसील संरक्षक महमूदाबाद, सरोजिनी महिला संगठन मंत्री महमूदाबाद, राम लखन सदस्य ,सुरेश चंद्र ब्लॉक सदस्य महमूदाबाद को मनोनीत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रवि लाल रस्तोगी राष्ट्रीय महासचिव आदि उपस्थित रहे।

# चुनावी कार्यक्रमों को लेकर दिए दिशा-निर्देश


बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते जिला प्रभारी नीरज सिंह व जनप्रतिनिधि।

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय के महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह मौजूद रहे।

इस अवसर पर सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला प्रभारी नीरज सिंह व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि की एवं सभी ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सभी जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की तरफ से आवश्यक दिशा निर्देशों को पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी के क्षेत्र में चल रहे चुनावी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। बैठक को जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा भी संबोधित किया गया एवं सभी प्रतिनिधियों से पार्टी के प्रत्याशियों के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करने का आवाहन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, पूर्व विधान परिषद सदस्य राकेश सिंह, मिश्रिख नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि बबलू सिंह, खैराबाद ब्लॉक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, मिश्रिख ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडे, लहरपुर ब्लाकप्रमुख उमाशंकर वर्मा, गोंदलामऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुनींद्र अवस्थी, जिला मंत्री जया सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# भ्रष्टाचार के चलते दरोगा को गोली मार कर करनी पड़ी आत्महत्या : आनंद


चुनावी जनसम्पर्क के दौरान बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया व मौजूद पूर्व मंत्री रामहेत भारती। अमृत विचार

**हरगांव, अमृत विचार।** धौरहरा संसदीय क्षेत्र के की हरगांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रविवार को समाजवादी पार्टी ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इन सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाताओं ने हिस्सा लिया। हरगांव विधान सभा क्षेत्र में परसेंडी ब्लॉक के शाहपुर, रिखौना, शाह महोली, गुराईपुर, मूसेपुर, सैदापुर, गौसापुर, सेमरी मोतीमदपुर, मलीहाबाद, नेवादा आदि गांवों में जन सभाओं का आयोजन किया गया।

जन सभाओं को संबोधित करते हुए सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भूख, भय और भ्रष्टाचार को मिटाने के नाम पर सत्ता में आई थी, लेकिन खुद को डबल इंजन की सरकार बताने वाली भाजपा की सरकार न तो लोगों की भूख ही मिट पाई और ना ही भय और भ्रष्टाचार को ही खत्म कर पाई। हर दिन कहीं ना कहीं लूट-खसोट एवं महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। भ्रष्टाचार इस कदर व्याप्त है कि दरोगा को गोली मारकर आत्महत्या करनी पड़ रही है। इस सबके बाद भी सरकार में बैठे जिम्मेदार मंत्री एवं सांसद रेडियो और टीवी पर भाषण देकर अपनी लोकप्रियता बढ़ाने में जुटे

**▶▶ चुनावी जनसभा के दौरान गूंजा दरोगा के गोली मारने का मुद्दा, सरकार पर खड़े किये सवाल**

हैं। इस मौके पर उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए देश के संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

पूर्व मंत्री रामहेत भारती ने कहा कि आज के समय में सभी वर्ग के लोगों ने यह मन मे ठान लिया है की समाजवादी पार्टी की सरकार ही हम लोगों की दुख दर्द को समझेगी। इस बार के लोक सभा चुनाव में धौरहरा संसदीय सीट पर निश्चित रूप से साइकिल ही दौड़ेगी और आनंद भदौरिया यहां से सांसद बनकर संसद पहुंचेंगे, केंद्र पर गठबंधन की सरकार बनेगी, जिसके बाद इस क्षेत्र का विकास होगा।

जन सभाओं को हरगांव विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष फुरकान खां, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, महिला सभा की अध्यक्ष ज्ञानवती भार्गव, महिला नेत्री पिंकी यादव, सपा नेता डॉ. वीरेंद्र अवस्थी आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर हरेंद्र यादव, सूरज लोधी, जाहिद खान, धनपाल लोधी, राज किशोर राजवंशी, सुशील लोधी, रामहेत राजवंशी, शंकर लोधी, भंवर सिंह, पप्पू यादव, रामहेत यादव, अवधेश आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मां कात्यायनी देवी का पूजन कर श्रद्धालुओं ने गाये गीत


माता रानी मंदिर में ढोलक बजाकर देवी भजनों को गातीं महिलाएं। अमृत विचार

**सीतापुर।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा के षष्ठ स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना आराधना विधि विधान से संपन्न की गई। श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी को शहद मिश्री का भोग लगा कर मां कात्यायनी की स्तुति की। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। मान्यता है कि भगवान कृष्ण को पतिरूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। मां कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत चमकीला और भास्वर है। शहर के आलम नगर स्थित दुर्गा मंदिर, पंजाबी धर्मशाला, दुर्गा मंदिर में मां के षष्ठ स्वरूप का श्रृंगार कर मां कात्यायनी की पूजा मंत्रों उच्चारण के साथ संपन्न किया गया। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। वही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालु महिलाओं द्वारा ढोलक मंजीरे के थाप पर माता रानी के सुंदर सुंदर भजनों को सुन कर झूमती नाचती मां की भक्ति में लीन दिखाई दी।

### बाबा साहेब के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश


शहर की सड़कों पर शोभायात्रा निकालते बाबा साहब के अनुयायी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर आंख अस्पताल रोड स्थित भीमराव आंबेडकर पार्क में बाबा साहब अनुयायियों के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर बाबा साहब की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब के व्यक्तित्व कृतित्व एवं देश के प्रति उनके योगदान पर बच्चों कवियों एवं भक्तों द्वारा व्याख्यान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त भीमराव अंबेडकर पार्क से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बाबा साहब भीमराव आंबेडकर, भगवान बुद्ध, संत गोडसे आदि लोगों की भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा आंबेडकर पार्क से चलकर लाल बाग चौराहा मुख्य बाजार लालबाग एवं घंटाघर, गिरिकगंज, हसन अली चौराहा, ट्रांसपोर्ट चौराहा स्टेशन रोड जाकर अस्पताल रोड होते हुए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पार्क में यात्रा का समापन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बसंती लाल चौधरी, बीएल किशोर गौतम, सुंदरलाल बौद्ध भिक्षु, बीडीभंते, मदन लाल गौतम, एडवोकेट जुगल किशोर, श्रीपाल गौतम प्रमोद कुमार, डॉ भीमराव कुरील, गया प्रसाद, प्रभाकर सत्य प्रकाश वर्मा, जेपी सुमन आदि की अगुवाई में कराया गया।

### पहला में शोभायात्रा निकालकर किया जागरूक

**पहला/सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खंड पहला अंतर्गत सिकंदराबाद ग्राम से भारतीय संविधान के प्रणेता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन जागरूकता समिति सिकंदराबाद द्वारा एक शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सिकंदराबाद से सरैंया स्टेशन तिराहे और सरैया बाजार होते हुए सरैंया कादीपुर चौराहे जाकर पुन: सिकंदराबाद में संपन्न हुई। जिसमे शिवांगी गौतम महात्मा बुद्ध के रूप में तथा अवधराम बाबा साहेब के रूप में यात्रा की झांकी में सम्मिलित हुए। इस यात्रा में प्रमुख रूप से समुद्रगुप्त, अमरेन्द्र कुमार, केशव, अक्षय कुमार, धर्मेंद्र, रोशनलाल, अंकुल, विमल, काशीराम, सौरभ व अरविंद आदि मौजूद रहे।

### बौद्ध अनुयायियों ने निकाली रैली, गूंजे जयकारे


जयंती पर रैली निकालते बौद्ध अनुयायी। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** विकास खंड रामपुर मथुरा में विभिन्न ग्राम सभाओं से एकत्र होकर बाबा भगवान दास के नेतृत्व में बौद्ध के अनुयायियों द्वारा रथ पर बाबा साहेब की मूर्ति रखकर ट्रैक्टर ट्राली, पिकअप, मोटरसाइकिल व अन्य वाहनों के द्वारा, हजारों की संख्या में शामिल लोगों द्वारा,काफी धूमधाम से आमिर गुलाल उड़ाते हुए बाबा साहेब के जयकारों के साथ डीजे के साथ डांस करते हुए महिलाएं व पुरुष, काफी हर्ष उल्लास के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर, राजा बाजार होते हुए ब्लॉक के पीछे बाग में सभा का आयोजन हुआ व जलपान कर रैली का समापन हुआ ।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक महेश चंद पांडे, वरिष्ठ उपनिरीक्षक फूलचंद सरोज, उप निरीक्षक अशोक सोनकर, चौकी इंचार्ज उमाकांत सविता, सहित सभी आरक्षी मौजूद रहे।

# डॉ. आंबेडकर को समझने की जरूरत: हरिशंकर



बाबा साहेब की जयंती पर शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** डॉ. भीमराव अंबेडकर 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर के मोहल्ला झज्झर में स्थापित प्रतिमा पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा,भाजपा उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला,नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर रोडवेज बस स्टॉप पर पहुंची।वहीं डॉ. अंबेडकर स्मारक पर जयंती बहुत धूमधाम से मनाई गई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

पत्रकार एवं समाजसेवी हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को डॉक्टर अंबेडकर को पढ़ने की जरूरत है क्योंकि डॉक्टर अंबेडकर ने कहा था हमारे पैरों में जूते भले ही न हो, लेकिन हमारे हाथों में किताबें होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मुन्नीलाल पासी ने कहा कि हम सभी मूल निवासी लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। शिक्षाविद डॉक्टर संघप्रिय गौतम ने कहा कि मौजूदा सरकार समानता की बात करती है लेकिन समानता कहीं से नजर नहीं आती है हमें ऐसे लोगों की चालों को समझना होगा। लेखपाल संघ के महामंत्री निलेश कुमार यादव ने कहा आज बाबा साहब को सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में पढ़ा जा रहा है। पत्रकार नय्यर शकेब ने कहा कि बाबा साहब की ही देन है जो बोलने की आजादी है, नहीं तो वह वक्त भी था जब लोग सामंतवादी ताकतों के आगे निकल नहीं सकते थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद मो. आरिफ ने किया। कार्यक्रम की आयोजन मुख्य रूप से जीतपाल, चांद मोहम्मद, बिट्टू कुमार, विनोद कुमार, शिव सिंह, भंवर सिंह, सतीश कुमार दीपक चौधरी मैनपाल कुंवर पाल,सुनील,गया प्रसाद चौधरी, रामलाल, गोविंद प्रसाद, गोकरण प्रसाद आदि ने किया।

## बाबा साहेब के आदर्शों को करें आत्मसात

**लहरपुर।** प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में भारत रत्न बाबा साहेब, डा, भीमराव अम्बेडकर की जयंती रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। अभिभावकों और छात्रों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया और गांव में प्रभातफेरी निकाली ।इस मौके पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने भारत के बाबा साहेब के योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा व संचालन सरोज कुमार वर्मा ने किया ।इस मौके पर संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार देकर पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। शिक्षक जुबेर वारिस, उमेश चन्द्र वर्मा, रामावती, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य गुलाली, देशराज, ज्ञानवती आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## अनदेखी

### सीतापुर की चॉकलेट के नाम से बॉलीवुड फिल्मों तक मशहूर हैं सीतापुर के असलहे

# कठिना नदी की कछारों में होती रही है असलहों की खेती!

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** महोली कोतवाली क्षेत्र में उत्तर-पश्चिम से दक्षिण तक बहने वाली सदानीरा कठिना नदी जहां अवैध रेत खनन माफियाओं को सोना उगल रही है। वहीं अवैध असलहों के कारीगरों के लिए भी पारस साबित हो रही है। कठिना की कछारों में बसने वाले दर्जनों गांव अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त को लेकर बदनाम हैं। कई गांवों में नदी किनारे झाड़ियों में छापामारी कर पुलिस अवैध असलहा फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ भी चुकी है। पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी इलाके में असलहों की

**▶▶ अवैध असलहे की बिक्री को लेकर पहले भी बदनाम रहे हैं महोली के कई गांव**

**▶▶ साल भर बदमाश कछारों में असलहे उगाते रहते हैं**

पैदावार कम नहीं हुई है। चुनाव के समय पुलिस की छापामार कार्रवाई तेज हो जाती है लेकिन साल भर बदमाश कछारों में अवैध असलहे उगाते रहते हैं। बीते मंगलवार की देर रात महुवाकोला गांव के बाहर हुई पुलिस की छापेमारी ने इस बात की तस्दीक भी कर दी है।

सूत्रों की मानें तो कठिना की कछारों में आने वाले दूलामऊ, भुड़ना, ललहउवा, डुड़ावल,


महोली इलाके में बने असलहे की फाइल फोटो (प्रतीकात्मक)। अमृत विचार

छेंड़ीपुरवा, हसनापुर, लुकठहा, कठिघरा, हरैया- फत्तेपुर, गदनिया, रुस्तमनगर, श्यामजीरा, गिरधरपुर, तेन्दुआ, दातारपुर, अन्दापुर, महेवा, गजपतीपुर, पीरपुर आदि गांव अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त को लेकर बदनाम रहे हैं। वर्षों पहले भुड़ना और दूलामऊ गांव में तो अवैध असलहों की मंडियां सजती थीं। यहां आस-पास जिलों के लोग असलहों की सौदेबाजी करने आते थे। इन गांवों के बदनाम कारीगरों के हाथ से बने असलहे जिले में बेजोड़ माने जाते थे। ग्रुपिंग दार नॉल, मजबूत पकड़ और ऑटो रिजेक्टर के साथ बनने वाले असलहों का मूल्य उनके मॉडल और गुणवत्ता के आधार पर तय किया जाता था। कई वर्षों पहले पुलिस ने यहां छापेमारी कर प्रतिबंधित बोर की कारतूसें भी बरामद की थीं।

### असलहा फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ करती रही है पुलिस

कई वर्ष पहले पुलिस ने पीरपुर गांव के किनारे झाड़-झंखाड़ में अवैध असलहों की फैक्ट्री पकड़ी थी। इस मामले में गांव के दो लोगों को मौके से पकड़ा गया था। इसके बाद पुलिस ने हरैया फत्तेपुर- रूस्तम नगर संपर्क मार्ग पर एक बाग में छापा मारकर अवैध असलहों की फैक्ट्री पकड़ी थी। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। नटपुरवा में भी अवैध असलहा फैक्ट्री पकड़ी गई थी। पुलिस ने श्यामजीरा और गिरधरपुर गांव से असलहा फैक्ट्री पकड़ने में भी कामयाबी हासिल की थी।

## वाहन की टक्कर से बाइकसवार की मौत

**हरगांव।** हरगांव-लहरपुर मार्ग पर शादी का सामान लेकर अपने घर जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार देर रात तुर्तीपुर गांव के पास पैंतला गांव निवासी संजय (18) शादी का सामान लेकर बाइक से अपने घर जा रहा था। जिसको पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। उसकी मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बाइक चालक हेलमेट नहीं लगाये था।थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, वाहन की तलाश जारी है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# एक और सफलता

रक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में आत्मनिर्भर भारत एक सराहनीय पहल है। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसने चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान, परमाणु पनडुब्बी, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मुख्य युद्धक टैंक और स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का डिजाइन निर्माण एवं उत्पादन किया है। शनिवार को भारतीय सेना ने कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया, जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह प्रणाली अब अंतिम उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षणों के लिए तैयार है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। यानि डीआरडीओ ने एक और सफलता हासिल की है। वास्तव में सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा की जानी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। भारतीय रक्षा उद्योग कई अत्याधुनिक रक्षा सामान बनाता है और 85 से अधिक देशों को निर्यात करता है। यह वास्तव में गर्व की बात है कि स्वदेशी रूप से विकसित बख्तरबंद वाहन, सुपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस, वायु रक्षा प्रणाली आकाश, स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस और कई अन्य हथियार प्रणालियों ने कई मित्र विदेशी देशों की रुचि को आकर्षित किया है। उद्योग उत्साहित और सकारात्मक है कि सरकार, सशस्त्र बलों और उद्योग के सहयोगात्मक प्रयासों से भारत में तकनीकी रूप से उन्नत और प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण होगा। यह पारिस्थितिकी तंत्र हमारे अपने सशस्त्र बलों के साथ-साथ हमारे कई मित्र विदेशी देशों की सभी वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होगा। युद्ध की प्रकृति और शैली बदल रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के उपयोग से आधुनिक युद्ध तथा राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। भारत इन प्रगतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकता है। अब भारत की कई रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की कंपनियां, डिजाइन तैयार करने, कल-पुर्ज़ों के निर्माण और उनकी असेंबली और अपनी वैश्विक ज़रूरतों के मुताबिक सिस्टम से जोड़ने के मामले में अमेरिका की बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। एक दशक पहले की तुलना में आज दोनों देशों के इकोसिस्टम तालमेल के लिए कहीं बेहतर स्थिति में हैं, ताकि वो इन व्यवस्थाओं को औद्योगिक सहयोग के नए स्तर तक ले जा सकें। रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता व निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

# वयस्क मताधिकार, स्वतंत्र चुनाव आयोग और डॉ. आंबेडकर



अरविंद कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं।

भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जीवन इतनी विविधताओं भरा रहा है कि जब भी उन पर चर्चा होती है तो विभिन्न पक्ष उसमें चर्चा में आते ही हैं, लेकिन ऐसे दौर में जबकि 18 वीं लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं तो इस बात पर चर्चा और प्रासंगिक होगी कि देश में स्वतंत्र चुनाव आयोग और वयस्क मताधिकार देने में भी उनका कितना अहम योगदान था। उनके विचारों से पंडित जवाहर लाल पूरी तरह सहमत थे और उनकी मुहिम में पूरा साथ दिया।

बाबा साहेब बराबरी की बात करते थे तो उसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों निहित था। उनको पता था कि लोकतांत्रिक हिस्सेदारी के बिना वंचित तबकों की कहीं कोई सुनवाई भी नहीं होगी। यही कारण है कि उन्होंने भारत के हर बालिग नागरिक को वोट का अधिकार देने की जबर्दस्त पैरवी की। इसके पहले दुनिया में वोट के अधिकार के साथ शर्तें जुड़ी थीं। कहीं जमींदार वोट दे सकते थे तो कहीं कर दाता और कहीं शिक्षित लोग। फ्रांस, अमेरिका और इंग्लैंड तक में महिलाएं मताधिकार से वंचित थीं, लेकिन भारत में यह अधिकार मिला और इसने कमजोर तबकों को सशक्त किया। सरकारों को विवश किया कि उनके हक में नीतियां बनें।

संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के तहत 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग बना, पर चुनाव से संबंधित 6 अनुच्छेद दो माह पहले ही लागू कर दिए गए थे और मतदाता सूची बनाने का काम तो इससे भी पहले आरंभ हो गया था। स्वतंत्र चुनाव आयोग व चुनाव प्रक्रिया की अवधारणा समानता व स्वतंत्रता के अधिकार के साथ हर व्यक्ति के वोट के अधिकार के साथ भारतीय लोकतंत्र की विश्व में अलग प्रतिष्ठा कायम हुई, क्योंकि दुनिया के विकसित देशों तक में आंदोलनों तक का सहारा इस अधिकार के लिए लेना पड़ा, लेकिन भारत में योग्यता, धर्म, नस्ल, जाति के आधार पर कोई भेदभाव न करते हुए हर पुरुष या महिला, अमीर या गरीब को मतदान का अधिकार है। हर




व्यक्ति के मत का समान महत्व है। हमारे संविधान ने वयस्क मताधिकार लागू कर देश के मतदाताओं पर भरोसा व्यक्त किया। राष्ट्रीय नेताओं और बौद्धिक जगत ने मतदान के महत्व और वोट की कीमत को व्यापक प्रचार दिया।

1951-52 में पहले आम चुनाव में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 25000 मील अपनी चुनावी यात्रा में 350 लाख लोगों को संबोधित किया तो करीब हर भाषण में वयस्क मताधिकार के महत्व और मताधिकार के कर्तव्य के बारे में लोगों को जागरूक करना वे नहीं भूले थे। तब देश की आबादी 36 करोड़ थी और वोटर 17 करोड़ के करीब। 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक 68 चरणों में चुनाव हुए। तब विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ हो रहे थे। इसमें 497 लोकसभा और 3278 विधानसभा सीटें थीं। उस चुनाव पर कुल सरकारी व्यय करीब 10 करोड़ रुपए था। मोटे तौर पर प्रति मतदाता व्यय साढ़े चार आने आंका गया था।

अतीत में करीब 100 साल पहले का परिदृश्य देखो तो 1919 के भारत शासन अधिनियम में पुरुषों के पास सीमित मताधिकार थे। धीरे-धीरे 1921 में मद्रास से शुरू होकर 1936 तक सभी प्रांतों ने महिलाओं के लिए मताधिकार का विस्तार किया, पर उसमें संपत्ति प्रतिबंध भी थे। लिहाजा अधिकांश महिलाएं मताधिकार से दूर रहीं। 1935 के भारत शासन अधिनियम के सुधार तक केवल 2.5 प्रतिशत आबादी को वोट देने का अधिकार था। सुधार के बाद भी यह हिस्सा 12 फीसदी से कम रहा, लेकिन हमारे संविधान ने 21 वर्ष से अधिक के नागरिकों को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार दिया तो देश के 49 प्रतिशत लोगों को मतदान का अधिकार मिला।

संविधान सभा में बाबा साहब या पंडित नेहरू जैसी सोच हरेक सदस्य की नहीं थी। इस पहल की आलोचना भी हुई और आशंका व्यक्त की गई कि महज 16 फीसदी शिक्षित लोगों के देश में यह कैसे संभव होगा? संविधान सभा में वयस्क मताधिकार पर चर्चा के दौरान बहुत से सदस्यों ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की अवधारणा का विरोध किया। उनको लगता था कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा, पर डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि हर आदमी इतना बुद्धिमान है कि वह ठीक-ठीक समझ सकता है कि वह क्या चाहता है? कुछ लोगों ने वयस्क मताधिकार दिए जाने को 'इतिहास का सबसे बड़ा जुआ' तक कहा, लेकिन मतदाताओं ने इन आशंकाओं को नकारा और भारत को विश्व इतिहास का सबस बड़ा लोकतंत्र बनाकर दिखा दिया। इन प्रयोगों की सफलता के कारण ही राजीव गांधी के शासनकाल में संविधान (61 वां संशोधन) अधिनियम, 1988 के तहत मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की गई और 10 वें लोकसभा चुनाव से इनको भी वोट का अधिकार मिल गया। अब तक हुए लोकसभा के 17 आम चुनावों में वोट प्रतिशत बढ़ता रहा और 17 वीं लोकसभा में 67.40 फीसदी तक आ गया। पहले आम चुनावों से अब तक वोटरों ने आठ बार केंद्र में सरकार को वोटरों ने बदला।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

आज भी हैरानी इस बात की है कि अशिक्षित नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे लोग कम वोट डालते हैं। 2019 के आम चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में से 61 करोड़ 30 लाख ने मतदान किया। 17 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक वोट किया। फिर भी हमारा वोट देने का प्रतिशत 70 पार नहीं करना चिंताजनक है। विधानसभा चुनावों में तो कई राज्यों में मतदाताओं का अधिक प्रतिशत होता, पर लोकसभा में निराशाजनक रहता है। चुनाव आयोग 2011 के बाद से राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाता है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाता है। इसमें अवयस्कों को भी भविष्य का मतदाता मानकर मतदान के प्रति जागरूक किया जाता है। दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए मतदान को और सुगम बनाने के कई प्रयास हुए हैं।

## प्रसंगवश

# जिंदगियां बदलता मोबाइल



संजय वर्मा
इंदौर

मेरे एक मित्र का बेटा जब पांच-छः साल का हो गया, तब भी बोलता नहीं था, जो कुछ कहना होता ऊं आं ई कहकर बताता। मित्र घबरा गए। डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर ने बताया बच्चा बिल्कुल ठीक है। सुन सकता है। और जो सुन सकता है, वह बोल भी सकता है। उन्होंने मित्र को स्पीच थैरेपिस्ट के पास जाने की सलाह दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने बच्चे की समस्या को समझा।

असल में बच्चा लगातार मोबाइल पर कोरियन, चीनी और अंग्रेजी कार्टून देखता था। घर में मां-बाप हिंदी-पंजाबी और टूटी-फूटी अंग्रेजी के कॉकटेल में बात करते थे। बच्चे का दिमाग कंफ्यूज हो गया। आखिर किस चीज को क्या कहते हैं? दूध को कोरियन फिल्म में कुछ बोलते थे, चाइनीज में कुछ और, और घर में कुछ और। बच्चे के कच्चे मन ने हार मान ली। उसने बोलने की कोशिश करना ही छोड़ दी। स्पीच थैरेपिस्ट ने सख्त हिदायत दी कि बच्चे को कोई एक ही भाषा सुनने दी जाए, चाहे वह कार्टून फिल्म हो या घर की बातचीत। स्पीच थैरेपिस्ट की मदद से अब बच्चा कुछ-कुछ बोलने लगा है। यह किस्सा इसलिए सुनाया कि आप जाने मातृभाषा का महत्व क्या है। इन दिनों मां-बाप खास तौर पर माएं अपने बच्चों के साथ एक अजीब भाषा में बात करती हैं जिसे वह हिंग्लिश कहती हैं। मेरा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं, मगर ये माएं आठवीं पास, दसवीं फेल हैं। अंकल को पोयम टेल करो, जैसे अजीबो गरीब वाक्य विन्यास बच्चों की भाषा व्याकरण के लिए जहर हैं। यह कंफ्यूज बच्चा न तो कभी हिंदी व्याकरण सीख पाएगा न अंग्रेजी।

यह सच है कि बच्चे भाषाएं जल्दी सीखते हैं और सही ट्रेनिंग दी जाए तो एक बच्चा सात भाषाएं सीख सकता है, परंतु मेरा मानना है पहले किसी एक भाषा (मातृभाषा) में वह ठीक से बोलना और वाक्य बनाना सीख ले, तब ही दूसरी भाषाएं सिखानी चाहिए। इन दिनों बच्चे जो विदेशी भाषाओं की कार्टून फिल्में देखते हैं, इन फिल्मों में दिखाए बच्चों के परिवार का ढांचा, रीति-रिवाज आपसी रिश्ते और मिथक हमसे अलग हैं। बच्चा जब देखता है कि वह दुनिया उसके आसपास की दुनिया से बिल्कुल अलग है तो वह कंफ्यूज हो जाता है कि आखिर सही क्या है?

# बरी-बरी में नौन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए।

ब्रज का एक मुहावरा है-बरी-बरी में नौन। असल में लोक भाषा की शक्ति ही इस बात में है कि वह जिन बिंबों के द्वारा अपने अनुभव की अभिव्यक्ति करती है, वे बिंब जीवन के जीवंत परिवेश में से आए होते हैं। वे बिंब जो आपने भी देखे हैं और मैंने भी देखे हैं, इसने भी देखे हैं और उसने भी देखे हैं। जैसे ही शब्द आया, वह बिंब भी मन में साकार हो गया।

बरी-बरी में नौन? बरी-बरी में नौन कौन डालेगा? क्यों डालेगा? मूंग की दाल की जब पीठी (पिष्टी) बन जाती है तो उस पिष्टी में ही नमक तथा अन्य मसाले मिला दिए जाते हैं, उस पिष्टी से फिर उंगलियों और अंगूठे से बरी छांट दी जाती हैं। वैसे आजकल बरी लगाने की परंपरा लुप्त हो गई है, वरना बचपन में देखता था कि मेरी भुआ या मां जब बरी लगाने पौरी या चबूतरे पर बैठती थी तो गोरी दादी भी आ जाती और जमना दादी भी आ जाती, कभी-कभी अनूठो और बादाम भी आ जाती तथा परात की पीठ पर बरी टूटने लगती और मिनटों में दाल की पिट्ठी बीत जाती।

गाय और बंदरों से रक्षा के लिए कोई न कोई लठिया लेकर चबूतरे पर बैठ जाता। एक दिन की घाम से बरियों में पर्त पड़ जाती। घर-परिवार में जब कोई काज (विवाह आदि) होता है, तब बरी लगाना सगुन माना जाता है। बरी लगाने के ब्याज से चार जनी आकर बैठ जाती हैं। चार जनी का आना, मिल-बैठना, मनुष्य-जीवन की इतनी महत्वपूर्ण घटना है कि उस पर आप किताब लिख सकते हैं। समष्टि भाव। "बरी-बरी में नौन" मुहावरा आज इसलिए याद आ गया कि राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव के समय मुफ्त रेबड़ी बांटने की घोषणा करने और फिर मुफ्त रेबड़ी बांटने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यों तो यह प्रवृत्ति किसी न किसी रूप में बहुत पहले से चल रही है, लेकिन वह प्रच्छन्न थी, सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन या दूसरे किसी न किसी सिद्धांत की ओट थी, कहीं न कहीं समष्टि का भाव था, लेकिन अब तो सब खुल्लम खुल्ला है।

लोगों को भी लगता है कि मुझे यह लाभ होगा। 'मुझे लाभ' की प्रवृत्ति ने लाभार्थी नामक एक वोट-बैंक बना दिया। लाभार्थी को वोट देना ही होगा। उसकी जन्मपत्री बूथ-प्रबंधक के पास मौजूद है। मुझे लाभ 'की प्रवृत्ति को ही हम बरी-बरी में नौन' मुहावरे से समझ सकते हैं। जनता को प्रजा बनाने की प्रक्रिया। बरी लगाने के लिए पिष्टी में ही नमक-मिर्च-मसाला डाल दिया जाता है। बरी-बरी में नमक नहीं डाला जाता, किंतु एक -एक बरी में ऊपर से नमक डालेंगे तो यह बरी पर अहसान की बात होगी। बरी समझेगी कि हां, इसने कुछ मुझे दिया। पिष्टी तो परोक्ष है, उसे किसने देखा है? वोट लेने के लिए यह है एक बाजीगरी, बाजीगरी क्या है नजर बांधना। दर्शकों के मन को इस प्रकार से भ्रमित करना है कि वह बाजीगर की क्रिया को देख न पावे और समझें कि यह तो एक गिलास के दो गिलास हो गए। वाह।

बरी-बरी के लिए नमक, मिर्च-मसाला राजनेता अपने पिताजी के यहां से नहीं लाता। टैक्स लगाकर और देश के प्राकृतिक संसाधनों से जो कुछ दोहन किया है, उसी में से कुछ अंश वह बरी-बरी को बांट देता है। यदि वह पीठी में ही मसाला मिलावे तो उसे कौन देखेगा और अहसान क्यों मानेगा? इससे हरामखोरी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। देश की वास्तविक उन्नति तो तभी हो सकती है, जब लोगों के पास इतना काम हो, इतना काम हो कि किसी के पास खाली समय नहीं है, लेकिन उन योजनाओं से जनता को कभी मिला करता था, नेता को आज क्या मिलेगा?

समाज को विच्छिन्न करके, उसे व्यक्ति-व्यक्ति, वर्ग-वर्ग, जाति-जाति, समूह-समूह में विभक्त कर दिया जाए और उनको किसी न किसी रूप में लाभार्थी बना दिया जाए। राजनीतिक-पैंतरे की दृष्टि से तो इस नीति की सफलता हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं। कहने को आप इसे लोक कल्याणकारी कहें या देश के लिए उन्नतिकारी कहें, जो भी कहें, कौन रोकेगा? परंतु यह समष्टि को निर्बल करके व्यष्टि को सबल बनाने की नीति है कि सोच में से ही समष्टि गायब हो गया। राष्ट्र की एकता को ही अलग-अलग बाड़ों में बैठा दिया। दूरगामी प्रभाव की दृष्टि से यह देश को गहरे गड्ढे में ले जाने वाली नीति है। देश की शक्ति पीठी (पिष्टी) में है, बरी-बरी में नहीं। जाति जनगणना से जाति चेतना बढ़ेगी या समष्टि चेतना? राष्ट्र समष्टि का भाव है, राष्ट्रीयता समष्टि की चेतना है।

## सोशल फोरम

# दुर्लभ क्यों उदात्त आधुनिक सोच



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

यह सोचकर चिंता हो सकती है कि समाज में अब अन्याय के प्रतिवाद का स्वर कमजोर होता जाएगा। एक जगह के लोग विरोध करेंगे तो दूसरी जगह के लोग चुप रहेंगे। असहमति विभाजित रहेगी। साहित्य की आधुनिक परंपराएं और हाशिए के विमर्श संकट में पड़ेंगे।


धर्म रस और वीर रस का साहित्य ही साहित्य माना जाएगा। स्त्रियों, दलितों और आदिवासियों पर अंकुश बढ़ेंगे। जंजीरें बढ़ेंगी। यह एक अनोखे भय का युग होगा। ऐसे में कुछ प्रश्न उठते हैं, क्या इस देश की बौद्धिकता को पश्चिमवाद और अतीतवाद के बीच सैंडविच बनने से बचाया जा सकता है? क्या राजनीति का पुनर्मानवीयकरण संभव है और क्या उदारवादी दुनिया के लोग आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण कर सकते हैं और मिलजुल कर मानवतावादी पुनर्निर्माण के पथ पर चल सकते हैं? मुश्किल होता है आत्मनिरीक्षण और पुनर्निर्माण, यदि अहं से भरी सामंती मानसिकता प्रबल हो। लक्षित किया जा सकता है कि नगरों के छोटे-छोटे बौद्धिक-साहित्यिक संसार विलुप्त हो रहे हैं। लेखकों के अड्डे मिट गए हैं। संवाद की जगह एकतरफा विमर्श ने ले रखी है।

आरोप-प्रत्यारोप में अपशब्दों की चमक बढ़ गई है। एक सार्वभौम सांस्कृतिक विध्वंस की दशा है। पहले छोटे-छोटे स्थानीय संगठनों द्वारा नियमित रूप से बौद्धिक आयोजन होते थे। अब सिर्फ राजकोष पोषित बड़े मंच हैं, उत्सव हैं और दादुर मुखर हैं। तुलसीदास की कोयल वर्षा ऋतु में कहती है, 'अब तो दादुर बोलिहें हमें पूछिहै कौन'। उन्होंने इस पंक्ति में कहना चाहा कि यह ढोंगियों और पाखंडियों का युग है गुणी जनों का सम्मान नहीं होगा।

19 वीं सदी में अतीत का गौरव गान बृहत्तर मानवता के गान से जुड़ा था। इन दिनों यह चिंता ज्यादा है कि तड़क-भड़क के साथ कोई बड़ा धार्मिक आयोजन कैसे संपन्न किया जाए? अब ऐसा साउंड सिस्टम हो कि कानफोड़ू गाने बजें और नाचा जा सके। कौन बताएगा कि इन दिनों हमारी सभ्यता धार्मिक मानसिकता को किस जगह ले आई है। इस पर सोचने की जरूरत है कि समाज में उदारवाद और सुरुचि की चिंता करने वाले लोग क्यों कम होते जा रहे हैं?

-फेसबुक वॉल से

# बच्चों के बुनियादी अनुभवों को समृद्ध करें शिक्षा केंद्र



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है?

ओडिशा के दूरस्थ क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण संचालित था। अनौपचारिक चर्चा में ज्यादातर की समस्या यह थी कि बच्चे केंद्र पर आना नहीं चाहते। औपचारिक सत्र में मैंने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि पहली बार आपके केंद्र पर आने वाला बच्चा किस-किस प्रकार के अनुभवों के साथ आता होगा? प्रतिभागियों में कुछ देर खामोशी रही। मैंने एक-दो अनुभवों को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया तो प्रतिभागियों की ओर से से भी जवाब आने लगे, जो जवाब आते गए मैं उन्हें ब्लैक बोर्ड पर लिखता रहा। थोड़ी ही देर में पूरा ब्लैक बोर्ड उस उम्र के बच्चे द्वारा प्राप्त अनुभवों से भर गया।

मैंने उन अनुभवों को श्रेणीवार वर्गीकृत किया। पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, फल-फूल, सब्जी-दालें, मौसम-फसलें, हवा-माटी, जल-जलाशय, स्थानीय शिल्प, उद्योग व कामगार, यातायात के साधन, सरकारी भवन, ग्राम पंचायत, उनके गांव में आने वाले विभिन्न विभागों के कर्मी, बीमारियां और उनके उपचार, बर्तन, कृषि उपकरण, स्थानीय मेले, हाट, त्योहार, रीति-रिवाज, स्थानीय स्वशासन, रंग, खुशबू, भार, मात्रा, आकृति, आकार, पैटर्न, गांव से आयात-निर्यात की वस्तुएं, वस्तुओं के मूल्य, दूरसंचार के माध्यम जैसे कितने ही विषय उभर कर आ चुके थे और यह सूची लगातार बढ़ती जा रही थी। उपस्थित प्रतिभागियों के लिए भी यह जानना आश्चर्य का विषय था कि बच्चे इतनी जानकारियों के साथ आंगनबाड़ी या अन्य किसी स्कूल में जाते हैं। सत्र को आगे बढ़ाते हुए मैंने पुनः प्रश्न किया कि 'क्या हम सीखने-सिखाने की प्रक्रियाओं में बच्चों की जानकारियों के इस विशिष्ट भंडार का उपयोग करते हैं? यह प्रश्न सुनकर सभी प्रतिभागी थोड़ी देर सन्नाटे में रहे। उनका मानना था कि बच्चों को हम वह सिखाते हैं, जो हमारे पाठ्यक्रम में निर्धारित होता है। पाठ्यक्रम में क्या निर्धारित होता है? यह पूछने पर अधिकांश को उक्त विषयक जानकारी नहीं थी। विद्या केंद्रों में अधिकांशतः यह सवाल सवाल ही बना रहता है कि हम क्या पढ़ाते हैं और इसका निर्धारण कैसे होता है? कुछ ही लोग इसका संबंध शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम तथा कक्षा स्तर व विषयवार सीखने के प्रतिफल (लर्निंग आउटकम) से जोड़ पाते हैं। वरना ज्यादातर मामलों में इसका उत्तर 'पाठ्यपुस्तक पढ़ाते हैं' के रूप में ही आता है और पाठ्यपुस्तक को पूरा करना ही वार्षिक शिक्षण लक्ष्यों की पूर्ति मान लिया जाता है। इसलिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि कक्षा स्तर व विषयवार शिक्षण लक्ष्यों के सापेक्ष लर्निंग आउटकम क्या हैं और इनकी प्राप्ति में बच्चों के अनुभव किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।

शिक्षा को किसी भी बच्चे में मौजूद ज्ञान, कौशल व अभिवृत्तियों के विकास का माध्यम कहा जाता है। स्वाभाविक ही है कि इस माध्यम में बच्चे की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण तथा वय, कक्षा स्तर के अनुसार उनका क्रमिक व सुनियोजित विकास शामिल होता है। यह सब एक निश्चित समयावधि में कुछ निर्धारित प्रक्रियाओं के अंतर्गत होता है। विद्यालय इन प्रक्रियाओं का प्रमुख केंद्र होता है, जहां विभिन्न भौतिक एवं मानवीय संसाधनों के बीच बच्चा अपने ज्ञान की रचना करता है। विद्यालय की सभी गतिविधियों के केंद्र में 'शिक्षार्थी' होता है। अतः आवश्यक होता है कि उसको ध्यान में रखकर ही विभिन्न शैक्षिक व सह शैक्षिक क्रियाकलापों का संचालन किया जाए।

शिक्षाविदों का मानना है कि बुनियादी कक्षाओं में बच्चों के ज्ञात अनुभवों का कक्षाओं में जितना अधिक उपयोग होगा, उनका सीखना उतना ही सहज, सुगम और रोचक होगा। इसलिए बुनियादी स्तर पर बच्चों से चित्रधारित चर्चा, परिवेशीय अनुभवों पर बातचीत, दैनिक जीवन में घट रही क्रियाओं में निहित विज्ञान, रसोईघर से लेकर घरेलू काम-धंधों, कृषि व व्यवसायों में निहित गणित जैसे कितने ही परिचित परिवेशीय अनुभवों पर कक्षाओं में विस्तारपूर्वक बातचीत व अन्य क्रियाकलापों के किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया जाता है। हां, इतना जरूर है कि इनमें स्वाभाविकता हो बनावटीपन नहीं।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 और 2023 ज्ञान को बाहरी दुनिया से जोड़ने तथा इसके लिए बच्चे के स्वानुभूत अनुभवों को शामिल करने पर प्रमुखता से बात करती हैं। निश्चित ही इसके लिए बच्चों के स्मृतिकोष में संचित बहुरंगी अनुभवों को बाहर निकालने हेतु विविधतापूर्ण अवसरों का सृजन करना होगा। किसी भी बच्चे के जीवन में विद्यालय नामक संस्था के शुरुआती दिन विशेष असर डालते हैं। नीरस प्रक्रियाएं और आरोपित अनुशासन बहुधा बच्चों को विद्यालय से विमुख कर देते हैं। ऐसे में यदि बच्चों के अनुभवों को पर्याप्त स्पेस देते हुए सीखने-सिखाने का वातावरण रचा जाता है तो यह न केवल विद्यार्थी हित में होता है, बल्कि शिक्षक के काम को सरल करते हुए विद्यालय में एक समावेशी वातावरण का निर्माण भी करता है।

# सनातन परंपरा की झलकियां



डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

मदर डेयरी से फल लेकर लौट कर बाहर आया तो देखता हूं कि मेरी दक्षिण भारतीय पड़ोसन अपनी युवा पुत्री के साथ माता रानी के दर्शन करके टैक्सी से उतर रही थी। वह परंपरागत साड़ी में मस्तक में बिंदी के साथ हाथों में प्रसाद लिए हुए थी। पुत्री जीन्स पैंट में, रोली मंडित ललाट और मुक्त केशों में थी। स्पष्ट रूप से मां ने अपनी संतति को पूजा-पाठ का संस्कार देने का भरपूर प्रयास कर रखा था।

एक दूसरा दृश्यः अभी पिछले हफ्ते ओपीडी में 82 वर्षीय 'रा' अपनी पचास वर्षीया पुत्री के आई हुई थी। दोनों कांजीवरम रेशमी साड़ी में भली प्रकार से आवेष्ठित, मत्थे पर भस्म बिंदीं लगाए हुई थी। दोनों हनुमत भक्त थे। बातचीत के क्रम में पता चला कि 82 वर्षीय मां प्रतिदिन तमिल में वाल्मीकि रामायण सुंदरकांड का पाठ करती हैं। मंगल के दिन निकट के हनुमान मंदिर में पान की माला अर्पित करती हैं। साथ आई उनकी पुत्री ने मुझे बताया कि वह भी अंग्रेजी में सुंदरकांड का पाठ करती है। तमिल भाषी होने के कारण उन्हें देवनागरी पढ़ने में कठिनाई होती है, परंतु उच्चारण तो देवभाषा में ही होता है। संस्कार तो सनातन ही है। दक्षिण भारतीय लोगों की इस सनातन आस्था का प्रबल साक्ष्य मुझे अपने हाल के बनारस प्रवास में काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव के मंदिर परिसर में तब मिला जब असंख्य लोग वृद्ध, युवा, महिला, नव विवाहिताएं अंक में नवजात शिशुओं को लिए हुए नंगे पैर, साड़ी-लुंगी, प्रसाद-फूल, होंठों पर शिव-शिव का नाम लेते हुए खड़ी धूप में देव दर्शन के लिए आतुर पंक्तिबद्ध चल रहे थे। आत्मविश्वास, आस्था और आध्यात्म का ऐसा अद्भुत सम्मिश्रण।

इस दृश्य की तुलना यदि राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित मंदिरों की भीड़ से की जाए तो शोर, धक्कामुक्की, दिखावा का मन उबाऊ दृश्य मिलेगा। मैं अपने पचास वर्ष के चिकित्सकीय अनुभव में जिसमें बहुभाषी लोगों की (तमिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बांग्ला, ओड़िया भाषियों की) अच्छी-खासी संख्या रहती है के बल पर निश्चित रूप से कह सकता हूं कि दक्षिण भाषा-भाषी महिलाएं भारतीय संस्कृति की उत्तम संवाहक होती हैं, अपेक्षाकृत उत्तर भारतीय लोगों के।

## एक नजर

### सर्वेश अस्थाना की पत्नी की हालत गंभीर, वेंटीलेटर पर

अमृत विचार, लखनऊ : यशभारती से सम्मानित प्रख्यात व्यंग्यकार और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद, भारत सरकार के सलाहकार डॉ. सर्वेश अस्थाना की पत्नी अंजू अस्थाना इन दिनों गंभीर रूप से बीमार हैं। उन्हें संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में वेंटीलेटर पर रखा गया है। अंजू पिछले चार महीने से लीवर सिरोसिस की गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। उनकी स्थिति गंभीर लेकिन स्थिर है। अंजू अस्थाना को आठ दिसंबर 2023 को लीवर ट्रांसप्लांट यूनिट के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। 13 अप्रैल को उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई और उसके बाद वह अचेत हो गईं। उन्हें पोस्ट आपरेटिव वार्ड में शिफ्ट कर वेंटीलेटर पर ले लिया गया। पीजीआई उनके लीवर ट्रांसप्लांट की तैयारी कर चुका है। उन्हें देखने के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पीजीआई गए थे।

# बाबा साहेब ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से प्राप्त की महानता

## मुख्यमंत्री योगी ने जयंती पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को किया याद, प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बड़े घर में पैदा हो कर बड़ा बनना उपलब्धि हो सकती है, लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को नई प्रेरणा का केंद्र बिंदु बनाना महानता के शिखर को प्राप्त करने जैसा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने संविधान शिल्पी के रूप में पूरे भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का अद्भुत कार्य किया था।

उनकी ही देन है कि आज लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों के साथ देश की 140 करोड़ की जनता 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के रूप में वर्तमान में कार्य कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। मुख्यमंत्री ने रविवार को भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने बाबा साहेब को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री असीम अरुण, विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, अंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज आदि मौजूद रहे।



बाबा साहेब की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी को डॉ.आंबेडकर का छायाचित्र भेंट करते डॉ.भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारी, कार्यक्रम में उपस्थित उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

# सीसीटीवी और ड्रोन से अयोध्या धाम पर नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला अवसर है, जब अयोध्या में रामनवमी का पर्व मनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इसको धूमधाम से बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। माना जा रहा है कि लाखों लोग इस अवसर पर दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। ऐसे में यहां सुरक्षा को लेकर तैयारी की जा रही है।

इस दौरान अयोध्या धाम क्षेत्र में कुल 560 कैमरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की गतिविधियों को मॉनिटर किया जाएगा। इसके साथ ही 2 टीथर्ड ड्रोन्स एवं 8 एरियल ड्रोन्स के माध्यम से विभिन्न रास्तों,

**▸▸ रामनवमी पर्व पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था**

गलियों व पार्किंग पर नजर रखी जाएगी। विभिन्न स्थानों पर स्थापित 111 सीसीटीवी कैमरों से भी यलो जोन कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है। दरअसल, 9 अप्रैल से रामनवमी मेला की शुरुआत हो चुकी है, जो रामनवमी के दिन यानी 17 अप्रैल तक जारी रहने वाला है। यहां 25 लाख श्रद्धालुओं के मौजूद रहने की संभावना है। ऐसे में पूरे मेला क्षेत्र को कुल 7 जोन और 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को 2 जोन तथा 11 क्लस्टर में विभाजित कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है।

### 50 फीसदी सरकारी अस्पतालों को लेना होगा एनक्वास सर्टिफिकेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मौजूदा सरकारी अस्पतालों में 50 फीसदी अस्पतालों को अगले साल दिसंबर 2025 तक नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाणित कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी यह लक्ष्य सभी राज्यों के लिए निर्धारित किया है।

नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर (एनएचएसआरसी) के डॉ. मुस्तफा खान ने बताया कि दिसंबर 2025 तक प्रदेश की 50 प्रतिशत और दिसंबर 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास सर्टिफिकेट प्राप्त कर लेना है। उन्होंने बताया कि बीते जनवरी में लखनऊ में हुई प्रदेशस्तरीय कार्यशाला में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने भी इस पर चर्चा की थी।

# झूठ का उद्घोष है भाजपा का घोषणा पत्र

## भाजपा को घोषणा पत्र जारी करने के पहले श्वेत पत्र जारी करना चाहिए : सीपी राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र झूठ का उद्घोष है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि पिछले दस सालों से सत्ता पर काबिज भाजपा को घोषणा पत्र जारी करने के पहले श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। डॉ. राय रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा 2014 में जनता को ढेर सारे सब्जबाग दिखाकर केंद्र की सत्ता में आई थी। 2019 में भाजपा ने फिर लोगों को सपने दिखाये, पर धरातल पर जनहित का कोई काम नहीं दिखा है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का दावा करने वाली भाजपा सरकार खुद ही दावा करती है कि 80 करोड़ लोगों का जीवन उसकी ओर से दिये गये पांच किलो राशन पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि सवाल तो यह उठना चाहिए कि 55 सालों में कांग्रेस ने क्या किया और 16 साल में भाजपा ने क्या किया। कौन भारत के मूल चरित्र को बरकरार रखेगा व संविधान को सुरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हमने अपने घोषणा पत्र में न्याय की बात की है, क्योंकि भाजपा का दस साल का शासन अन्याय काल है। हम प्रतिबद्ध हैं कि भाजपा के इस अन्याय काल को समाप्त कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हितों को संरक्षित करेंगे और उसे एक आर्थिक रूप से सक्षम, सामाजिक रूप से सम्मानजनक और राजनीतिक रूप स्वतंत्र जीवन उपलब्ध कराएंगे।



प्रेस कांफ्रेंस करते प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय।

### उज्जवल रमण सिंह प्रयागराज से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा से हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह प्रयागराज लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किये गये हैं। रविवार को कांग्रेस ने प्रदेश की प्रयागराज सीट समेत दिल्ली व पंजाब के कुल 10 प्रत्याशी घोषित किये।

इंडी गठबंधन के तहत प्रदेश में मिली 17 सीटों में से कांग्रेस अब तक 15 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अब अमेठी व रायबरेली के प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। इन सीटों पर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाया जाना तय माना जा रहा है। उज्जवल रमण सिंह सपा नेता रेवती रमण सिंह के पुत्र हैं।

# भाजपा की नीयत व नीति भी कांग्रेस की ही तरह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ चुनावी लाभ के लिए डॉ.आंबेडकर का दिखावटी सम्मान कर रहे अन्य राजनीतिक दल : मायावती**

**अमृत विचार :** डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बसपा सुप्रीमो ने भाजपा को भी कांग्रेस सरीखी पार्टी की संज्ञा दे दी। उन्होंने कहा कि चुनावी स्वार्थ के लिए जातिवादी पार्टियां बाबा साहेब का दिखावटी सम्मान कर रही हैं। दूसरे दलों के लोग 'मुंह में राम बगल में छुरी' पुरानी कहावत को आज भी चरितार्थ कर रहे हैं। इसलिए बहुजन समाज को इस छलावे से सावधान रहने की जरूरत है।



राजधानी में बसपा राज्य कार्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान में बसपा प्रमुख ने बहुजन समाज को एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने याद दिलाया कि तरक्की के दरवाजे खोलने के लिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करनी होगी। इसके लिए एकजुटता बहुत जरूरी है। यह भी कहा कि जैसे कांग्रेस सरकारों में 'गरीबी हटाओ' चुनावी स्लोगन था, उसी प्रकार बीजेपी सरकार में भी नीयत और नीति के अभाव में बहुजनों का बुरा हाल है। नीयत व नीति के मामले में भाजपा व कांग्रेस में कोई भेद नहीं दिखता। बसपा सरकार ने ही सरकारी नौकरियों में बैकलॉग पदों को विशेष अभियान चलाकर बहुजन समाज के लिए रास्ते खोले थे।

### कैलाश मठ के स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन

**अमृत विचार, वाराणसी :** कैलाश मठ (काशी) के श्रीमत् परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोत्रीय ब्रह्मनिष्ठ स्वामी रामचन्द्र गिरी ब्रह्मलीन हो गए हैं। उनका इस लोक का त्याग करना समस्त संत समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका जन्म गुजरात के विलोदरा शहर में हुआ था। उन्होंने गुजरात पुलिस के रूप में भी सेवा प्रदान की। मगध (बिहार) में गंगा के पवित्र तट पर दृढ़ विश्वास के प्रतीक वट वृक्ष के नीचे 12 वर्षों तक तपस्या की और फिर अपना जीवन भिक्षाटन करके जिया तथा लोगों को गीता का उपदेश देते रहे। उसके पश्चात स्वामी जी काशी आ गए। उनकी संत सेवा भावना से प्रभावित होकर निवर्तमान महामण्डलेश्वर ने यह आश्रम उनको सौंप दिया था। उनके ब्रह्मलीन होने पर संत समाज के साथ ही सुनीत मूना ने भी शोक व्यक्त किया है।



# बीते वर्ष आग से 3807 इंसानों और 5168 पशुओं की बचाई गई जान


अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर अग्निशमन वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करते अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस कार्यक्रम में पहुंचे डीजीपी**

**अमृत विचार :** अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को वीरगति प्राप्त हुए जवानों को याद किया गया। इसी के साथ अग्निशमन सप्ताह की भी शुरुआत की। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र पहुंचे हुए थे। इस दौरान उनकी अगुवाई में मुंबई में 1944 में बलिदान हुए उन 66 कार्मिकों को याद किया गया, जिन्होंने जहाज में लगी आग को बुझाने के दौरान अपनी जान दी।

उप्र में वर्ष 2023 में अग्निशमन कर्मियों द्वारा कुल 33,047 अग्नि दुर्घटनाएं व जीव रक्षा पुकारों पर कार्रवाई की गई, जिसमें 3,807 मनुष्यों व 5,168 पशुओं की जीव रक्षा करते हुए अनुमानित 1 अरब 63 करोड़ रुपये की सम्पत्ति बचाई गई। अग्निशमन सेवा के ऑनलाइन एनओसी पोर्टल पर वर्ष 2023 से अब तक अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कुल 41,323 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 30,587 आवेदकों को परीक्षणोपरान्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया है। अग्निशमन सेवा के सुदृढ़ीकरण के लिए एवं अग्निकाण्डों एवं जीव रक्षा पुकारों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक मशीनों को क्रय करके जनपदों को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें हाईड्रोलिक प्लेटफार्म, एडवांस रेस्क्यू टेण्डर, डिजास्टर वैन, हाईप्रेशर पम्प, एम्बुलेंस, रेस्क्यू उपकरण, काम्बीटूल्स, स्मोक एक्झास्टर, फोम जेनरेटर आदि शामिल है।

# दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ अब तक 146 करोड़ का सामान एजेंसियों ने पकड़ा**

**अमृत विचार :** प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में दो करोड़ 43 लाख की शराब व नकदी जब्त की गई है। अब तक कुल 146 करोड़ 35 लाख रुपये की की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी जब्त की जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों के जरिये अवैध शराब, नकदी, ड्रग आदि को जब्त किया जा रहा है। बीती एक मार्च से 13 अप्रैल तक कुल 24 करोड़ 65 लाख 52 हजार रुपये नकद धनराशि, 35 करोड़ 54 लाख रुपये कीमत की शराब, 54 करोड़ दो लाख 75 हजार रुपये कीमत की ड्रग, 20 करोड़ 65 लाख 61 हजार रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 11 करोड़ 48 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। मुख्य जब्ती में लखनऊ सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र में 84.56 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 1048 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गई। मुरादाबाद की कुन्दरकी विधानसभा क्षेत्र में 11.51 लाख रुपये, रामपुर की मिलक विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख रुपये की नकद धनराशि पकड़ी गई। बाराबंकी क्षेत्र में 14.75 लाख रुपये कीमत की 295 ग्राम ड्रग व सुलतानपुर के सदर क्षेत्र में 14.23 लाख रुपये कीमत की 970 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

### परियोजनाओं को मिलेगा त्रैमासिक पुष्टाहार

**अमृत विचार, लखनऊ :** 40 जिलों की 303 परियोजनाओं को त्रैमासिक पुष्टाहार की आपूर्ति की जाएगी। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र व मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाएगा। जो अप्रैल, मई व जून तक के लिए होगा। पुष्टाहार टीएचआर प्लांट से मिलेगा। इस संबंध में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशक ने मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को अवगत कराया है। पुष्टाहार वितरण समूह की महिलाएं केंद्रों पर करेंगी।


## वर्ग पहेली-40

**बाएं से दाएं**

1. बजता
4. 1. साथी, संगी, मित्र, दोस्त 2. (नाटक) नायक का सहचर।
5. जो व्यक्ति अपने चारों ओर रहने वालों आदि के न रहने पर भी बचा हुआ या जीवित हो।
6. 1. छोटी पहाड़ी, उपगिरि 2. नारी 3. मादा चूहा, मूषिका, चुहिया 4. छोटा चूहा।
8. (काव्यशास्त्र) एक प्रकार का गुणी

**ऊपर से नीचे**

1. 1. रवानगी, प्रस्थान 2. छुट्टी, अवकाश 3. आज्ञा, परवानगी, इजाज़त 4. वधू की मायके से विदाई।
2. 1. जिसका अभिभव हुआ हो, पराजित, हारा हुआ 2. दबाया हुआ, अधीनस्थ 3. तिरस्कृत, उपेक्षित।
3. 1. संदेशवाहिका, दूती 2. कुटनी 3. नाक, नासिका 4. युग्म, जोड़ा 5. गंध, महक।
5. 1. पलंग 2. परिजन 3. आस-पास साथ रहने वाले लोग 4. समूह, वृंद 5. समारंभ, तैयारी 6. पटका, कमरबंद 7. (काव्यशास्त्र) एक अर्थालंकार जो अभिप्राय युक्त विशेषणों से युक्त होता है
7. 1. पिता या अन्य आदरणीय जन के लिए एक संबोधन 2. महात्मा गांधी के लिए प्रयुक्त एक आदरसूचक संबोधन।



### वर्ग पहेली -39 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | 1 दो | चं | 2 द |
| 3 ए | ल | ब | 4 म | ■ | ■ | हा |
| ■ | ■ | ■ | 5 हा | ई | फा | ई |
| ■ | 6 दु | ■ | ब | ■ | ■ | ■ |
| 7 अ | ल | क | ली | ■ | ■ | 8 ना |
| ■ | दु | ■ | ■ | ■ | ■ | मि |
| 9 का | ल | को | ठ | री | ■ | क |

## सुडोकू -119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | | | 4 | | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | 5 |
| | | | 5 | | | | | 3 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| | 3 | 7 | | | | 2 | 4 | |
| 1 | | 4 | | | | 6 | | |
| 7 | | | 3 | | 5 | | 9 | |
| 2 | | | 1 | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | | | 9 | | 8 | |

### सुडोकू -118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** - आज मीडिया से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विवाह आदि मांगलिक कर्म में आ रही बाधा दूर हो सकती है। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। पूर्व दिनों की अपेक्षा दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

**वृष** - आज नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें। किसी की सहायता करने से आपको मदद मिलेगी। पहले दिया गया उधार आपको वापस मिल सकता है। उच्च शिक्षा में सफलता प्राप्त होने के आसार हैं। पूरा दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।

**मिथुन** - आज जिम्मेदारी के साथ सभी काम करेंगे जिसका सुखद परिणाम आपको प्राप्त होगा। फोन के माध्यम से आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। ऑफिस में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। नई तकनीक का प्रयोग आप सीख सकते हैं।

**कर्क** - आज बेकार की बातों में समय बर्बाद न करें। अनावश्यक खर्चों में नियंत्रण रखें। शरीर में दुर्बलता रहेगी। अपनी दिनचर्या को स्वस्थ और व्यवस्थित रखें। नए कार्यों में निवेश करने से पूर्व थोड़ी सावधानी रखें। मन में स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

**सिंह** - आज लोग आपकी बातों से प्रभावित रहेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संपत्ति के मामले हल होने की संभावना है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**कन्या** - आज संतान की सफलता से उत्साहित हो सकते हैं। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। बच्चों की सफलता से गौरवान्वित महसूस करेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**तुला** - आज समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। एकाग्रता में कमी होने के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है। उच्च अधिकारी आपसे ईर्ष्या रख सकते हैं। पारिवारिक संपत्ति के विवाद दूर करने के योग बन रहे हैं। काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** - आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ संपर्क न रखें। अभिनय और संगीत आदि में रुचि लेंगे। आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। प्रेम संबंधों में ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए।

**धनु** - आज नई जॉब की तलाश कर रहे हैं तो सफलता मिलेगी। शेयर मार्केट से धन लाभ प्राप्त होगा। लघु उद्योगों में आपको सफलता मिलेगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मकर** - आज व्यापार में आपको शानदार परिणाम मिलेंगे। बच्चों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। आपकी सूझबूझ की सर्वत्र प्रशंसा होगी।

**कुंभ** - आज परिजनों के साथ बहस हो सकती है। क्रोध और गुस्से के कारण आपको परेशानी होगी। अपने विचारों को दूसरों पर न लादें। अपने मन पसंद कार्यों को समय अवश्य दें। आपको मेहनत के दम पर उत्तम सफलता मिलने की संभावना है।

**मीन** - आज आपके पास काम की अधिकता रहेगी। अधिकारियों का विरोध झेलना पड़ सकता है। मित्रों की मदद से आपकी कोई योजना सफल होगी। विद्यार्थी नई जानकारियों को सीखने का प्रयास करेंगे। ज्यादा मेहनत करने के कारण शरीर में थकावट हो सकती है।

## आज का पंचांग

| भाव | ग्रह |
|---|---|
| 1 | सू., गु. |
| 2 | |
| 3 | चं. |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | के. |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | मं., श. |
| 12 | शु., बु., रा. |

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 16 अप्रैल 03.05 तक तत्पश्चात पुष्य।

## आज की फिल्में

B4U Movies
देवता — दोपहर : 12.00
एक और एक ग्यारह — रात : 07.01

Sony PIX
2012 — सुबह : 11.23
टैक्सी ड्राइवर — रात : 07.55

&pictures
रोबोट — सुबह : 10.56
रमन राघव 2.0 — रात : 08.00

Zee Cinema
दिल मांगे मोर — सुबह : 09.50
हैपी फिर भाग जाएगी — रात : 10.30

StarGold Select
हीरो — सुबह : 11.00
अय्यारी — शाम : 06.15

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर-आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की-क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर-नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की- ओह! नो अब मैं क्या करूंगी?
डॉक्टर-ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की -अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। दरअसल मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई शादी हुई थी तो जब भी मैं खाना बना कर लाती थी तो आप खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- अब ऐसा क्यों नहीं करते?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस, सपा, बसपा सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। कोई अलग नहीं है, ये वोटों के सौदागर हैं। चुनाव के समय दिखेंगे बाकी संकट के समय गायब हो जाएंगे।

– योगी आदित्यनाथ



बागडोर चाय बेचने वाले के हाथ में देंगे तो वह सिर्फ बेचेगा ही। कमाकर कुछ नहीं लाएगा। उसी तरह, आज हमारा देश बेचा जा रहा है। सीधा फायदा देने वाली संस्थाएं को निजी हाथों को सौंपा जा रहा है।

–आदित्य यादव



मैं अखिलेश यादव के सम्मान में जनसभा में जाऊंगा। लेकिन पार्टी प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए चुनाव प्रचार नहीं करूंगा। लोग निराश हैं, अगर मैं प्रचार करूंगा तो उन्हें फिर से निराशा होगी।

– एसटी हसन



लोगों ने चौधरी चरण सिंह के काम को देखा और अब नया काम देख रहे हैं। भारत रत्न मिला तो लोगों के अंदर उत्सुकता पैदा हुई है।

–जयंत चौधरी



पूर्वांचल की सीटों पर बड़ी जीत हासिल करने को भाजपा का दावा घमंड जाहिर करता है। इस घमंड को ही काशी और पूर्वांचल की जनता चूर-चूर करेगी।

–अजय राय

# कानून-व्यवस्था व बेरोजगारी, पक्ष-विपक्ष में युद्ध जारी

- सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहे योगी के भाषणों की विपक्ष ने निकाली काट
- प्रदेश में भाजपा बेहतर कानून-व्यवस्था को बना रही मुद्दा
- इंडी गठबंधन बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा नेताओं को घेर रहा

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनावी भाषण उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। महाराष्ट्र, गुजरात तथा जम्मू-कश्मीर की सभाओं में योगी के भाषण खूब सुने जा रहे हैं। आलम यह है कि योगी का 10 दिन पुराना भाषण भी सोशल मीडिया में टॉप ट्रेंड पर है। भाषणों को सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिल रही है।

ऐसे में विपक्ष ने (इंडिया गठबंधन) भाजपा को रोजगार के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। हालांकि विपक्ष द्वारा उठाया गया रोजगार का मुद्दा सोशल मीडिया पर सामान्य ट्रेंड पर ही है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के भाषणों की काट के लिए पूरा विपक्ष योगी को रोजगार के मुद्दे पर घेरने के लिए एकजुट हो गया है।



### आजम, अतीक और मुख्तार तीनों करेंगे नैया पार

एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ अन्य प्रदेशों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को एक मॉडल की तरफ पेश कर रहे हैं, वहीं यूपी के दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य रणनीतिक तरीके से आजम खान, अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी पर केंद्रित भाषणों को प्रयोग कर रहे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों द्वारा हर मंच से अधिकतर तीन ही नाम लिए जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा का आकलन है कि उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर लक्ष्य केंद्रित करने के लिए यह तीन नाम पर्याप्त है। संभवतः इसीलिए दोनों उपमुख्यमंत्री, यहां तक कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी इन्हीं तीन नामों का प्रयोग मंच पर कर रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सरकार ने विगत साढ़े छह साल में सैकड़ों अपराधियों का नामो-निशान मिटा डाला। फिर भी भाजपा को रणनीतिक दृष्टि से यही तीन नाम अधिक रास आ रहा है।

### मंच से शुरू किया गरजना

अखिलेश बेरोजगारी पर केंद्रित, पीडीएम अन्य मुद्दों पर इंडी गठबंधन की चुनावी सभाओं पर गौर करें तो कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई उल्लेखनीय साझेदारी मंच पर नहीं की गई है, लेकिन सपा से अखिलेश यादव ने मंच पर गरजना शुरू कर दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अखिलेश द्वारा की गई सभाओं में वह कानून व्यवस्था को नजरअंदाज कर सरकार को बेरोजगारी पर घेरते नजर आ रहे हैं। सपा से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि जिस तरह योगी को कानून व्यवस्था पर सोशल मीडिया पर शाबाशी मिल रही है उस तरह अखिलेश को बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठाकर घेरना ठीक प्रतीत हो रहा है। इसीलिए अखिलेश प्रत्येक मंच पर युवा, भविष्य और बेरोजगारी पर केंद्रित हैं। उधर, असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल द्वारा बनाया गया गठबंधन पीडीएम सामान्यतः कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना कर रहा है। इसमें कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी के अलावा पीडीए के अधिकार और शिक्षा, स्वास्थ्य भी शामिल है।

## कांग्रेस की 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊः** लोकसभा चुनाव को लेकर उप्र. कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया गया है।

समिति के सदस्यों में सेवादल कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मानंद मिश्रा, मो. शहजाद शेख, ध्वजवंदन प्रभारी कनिष्का रफैल, प्रदेश महासचिव डॉ. शरद शर्मा, डॉ. रविन्द्र मिश्रा, सुशील तिवारी, पुष्पा गंगवार, उमर खान बाबा, जितेन्द्र मोहन गुप्ता, हसीना खातून, पूनम मिश्रा, रतना शर्मा, हिमांशु धर द्विवेदी, डॉ. देवेन्द्र कुमार, संगीत तिवारी, शांति स्वरूप रावत, सलीत अल्वी, जियाउद्दीन, गयाजुद्दीन हाशमी व तारिक गांधी शामिल किये गये हैं। इसके साथ ही उप्र कांग्रेस सेवादल की ओर से प्रदेश के 17 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव क्षेत्रवार चुनाव प्रभारियों का भी गठन किया गया है।

# देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा के संकल्प पत्र की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की प्रशंसा
- बोले योगी मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव सबका साथ सबका विकास

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के रविवार को जारी संकल्प पत्र की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ अपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है।

योगी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है।योगी ने कहा विपक्ष आधार हीन हो चुका है, उनके नेताओं को ही अपनी पार्टी पर भरोसा नहीं रह गया है, ऐसे में कई पुराने नेता भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं, क्योंकि वे यह जान चुके हैं कि इन पार्टियों का कोई भविष्य नहीं रह गया है।

योगी ने कहा कि सारे विपक्षी एकजुट होकर भाजपा को हराने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन वह जानते हैं कि उनका कोई भी दांव नहीं चलने वाला जिससे वे पूरी तरह से हताश हो चुके हैं।

### बसपा से सुल्तानपुर सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम आया सामने

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने सुल्तानपुर सीट के लिए भी प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। रविवार को बसपा की ओर से इस सीट के लिए उदय राज वर्मा का नाम सार्वजनिक किया गया। सुल्तानपुर में भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उदय राज वर्मा के नाम का एलान किया गया। इस कार्यक्रम में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि काफी मंथन के बाद उदय राज के नाम पर मुहर लगी है। इससे पहले पार्टी छह नामों पर चर्चा कर रही थी।

**2019 में आरक्षित 17 सीटों में 15 पर भाजपा व दो पर बसपा ने किया था कब्जा**

# आरक्षित सीटों पर सेंध लगाने की तैयारी में इंडी गठबंधन

रमेश चन्द्र, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 में इंडी गठबंधन प्रदेश में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 17 सीटों में सेंध लगाने की तैयारी में है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 15 सीटों पर जीत का परचम लहराया था, जबकि बसपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी।

प्रदेश में आरक्षित सीटों में नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, मोहनलालगंज, इटावा, जालौन, कौशांबी, बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव, लालगंज, मछलीशहर व रॉबर्ट्सगंज शामिल हैं। पहले चरण में नगीना आरक्षित सीट पर चुनाव होना है, जबकि दूसरे चरण में बुलंदशहर सीट है। पिछले चुनाव में बसपा ने नगीना सीट जीत ली थी। बसपा के गिरीश चंद्र ने भाजपा प्रत्याशी डॉ यशवंत सिंह को हराया था। जबकि 2014 के चुनाव में यशवंत सिंह ने यह सीट जीती थी।

इस बार भाजपा अपनी खोयी सीट पाने के लिए ओम कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि बसपा ने सुरेद्र पाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने मनोज कुमर को चुनावी जंग में उतारा है। आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद नगीना सीट से प्रत्याशी हैं। हाल ही में राष्ट्रीय समाज शोषित पार्टी के प्रमुख पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने चन्द्रशेखर को समर्थन देने की घोषणा की है।

दूसरे चरण की बुलंदशहर सीट पर इस बार बसपा ने गिरीश चन्द्र जाटव, भाजपा से डॉ भोला सिंह व इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने शिवराम वाल्मीकि को चुनाव मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में भाजपा के भोला सिंह ने बसपा के योगेश वर्मा को पराजित किया था।


इसी तरह, लालगंज सीट पर बसपा की संगीता आजाद ने भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर को हराया था। इस बार चुनाव में भाजपा सभी आरक्षित सीटों को जीत हासिल करने की कोशिश में हैं, वहीं बसपा जीती हुई दो सीटों के अलावा अन्य सीटें जीतना चाह रही है।

### इंडी गठबंधन कर रहा साझा रणनीति पर कार्य

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा ने अपनी साझा रणनीति के जरिये आरक्षित सीटों पर विजय हासिल करने के लिए पूरी ताकत झोक दी है। समन्वय सम्मेलनों के जरिये इंडी गठबंधन ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है। भाजपा सरकार की खामियां बताने के साथ ही चुनावी घोषणा पत्र के जरिये मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगा हुआ है।

### 2014 में भाजपा ने जीती थीं सभी 17 सीटें

वर्ष 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था, इस बार भाजपा अपने 2014 के इतिहास को दोहराना चाह रही है।



# स्मृति इरानी ने कर दिया था आसमां में सुराख

**2019 में कांग्रेस के गढ़ अमेठी में राहुल गांधी को पराजित कर रचा था इतिहास**

परशदेपुर रायबरेली

**अमृत विचारः** गांधी परिवार के गढ़ अमेठी में किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि वहां से राहुल गांधी को हराया भी जा सकता है।

अमेठी के लोकसभा चुनाव में अपने पहले मुकाबले में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की जमीन हिलाने वाली स्मृति इरानी ने दूसरी भिडंत में ही असंभव से दिखने वाले कार्य को संभव कर दिखाते हुए इतिहास रच दिया था। 2019 में अमेठी का चुनाव जीतने के बाद उन्होंने दुष्यंत का शेर ट्वीट किया था, 'कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता'।

स्मृति का औपचारिक राजनीतिक जीवन 2003 में तब शुरू हुआ जब वे भाजपा में शामिल हुईं। 2004 मे वह महाराष्ट्र में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनीं। इसके बाद उनका राजनीतिक सफर और ओहदा बढ़ता गया।

टीवी सीरियल से तुलसी के रूप में लोकप्रिय हुई स्मृति इरानी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी में असंभव लक्ष्य को भेदने के लिए कदम रखा था। 2014 में उन्हें राहुल गांधी से 1,07,903 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था लेकिन कांग्रेस के गढ़ में उसकी जड़े हिलाने में उनको सफलता मिल गई।

हार के बावजूद उन्होंने अमेठी को नहीं छोड़ा। आखिरकार अमेठी की 'दीदी' के रूप के खुद को स्थापित करने में उनको सफलता मिली और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचते हुए उन्होंने कांग्रेस के ही गढ़ में उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित कर दिया। अब लगातार तीसरी बार स्मृति फिर से चुनावी मैदान हैं।



### कठिन लक्ष्य हासिल करना रही है खासियत

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता बताते हैं कि चुनौती भरे कठिन लक्ष्य तय करना और उसे हासिल करना केंद्रीय मंत्री की खासियत है। अमेठी की दीदी के रूप में संसदीय क्षेत्र के लोगों से उनका पारिवारिक रिश्ता जुड़ गया है।


### चुनावी मैदान में थे 28 प्रत्याशी

2019 के चुनाव में कुल 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राहुल और स्मृति के बीच ही था। 3940 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया था।


# आईना : अमेठी लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा

| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| स्मृति ईरानी | 468,514 |
| राहुल गांधी | 413,394 |




### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | राहुल गांधी | 408,651 |
| बीजेपी | स्मृति ईरानी | 300,748 |
| बसपा | धर्मेन्द्र प्रताप सिंह | 57,716 |
| आप | डॉ. कुमार विश्वास | 25,527 |

**2019 नोटा** 3,940


**2014 नोटा** 1,784

### पांच विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

| विस | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| तिलोई | मयंकेश्वर शरण सिंह | भाजपा |
| जगदीशपुर | सुरेश कुमार | भाजपा |
| गौरीगंज | राकेश प्रताप सिंह | सपा |
| अमेठी | महाराज प्रजापति | सपा |
| सलोन (रायबरेली) | अशोक कुमार | भाजपा |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | राहुल गांधी | 464,195 |
| बसपा | आशीष शुक्ला | 93,997 |
| बीजेपी | प्रदीप कुमार सिंह | 37,570 |






### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1967 व 71 | विद्याधर बाजपेयी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | रवीन्द्र प्रताप सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | संजय गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1981,84,89 व 91 | राजीव गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 व 96 | सतीश शर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1998 | संजय सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | सोनिया गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2004,09 व 14 | राहुल गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2019 | स्मृति ईरानी | भारतीय जनता पार्टी |

### 2004 चुनाव के परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | राहुल गांधी | 390,179 |
| बसपा | चंद्र प्रकाश मिश्रा | 99,326 |
| भाजपा | राम विलास वेदांती | 55,438 |

# नरसिम्हा राव ने रत्ना से किया था मंत्री बनाने का वादा

- लालगंज में हुई थी जनसभा, भाजपा प्रत्याशी उदयराज को हराकर रत्ना ने जीता था चुनाव
- 1996 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने जनसभा में कही थी बात

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

अमृत विचार : प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के सिम्बल पर तीन बार सांसद निर्वाचित होने वाली राजकुमारी रत्ना सिंह को 1996 के चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने मंत्री बनाने का वादा जनसभा में सार्वजनिक रूप से किया था। चुनाव रत्ना सिंह ने जीत भी लिया। लेकिन सत्ता परिवर्तन के कारण रत्ना मंत्री नहीं बन सकीं।


पूर्व विदेश मंत्री राजा दिनेश सिंह के निधन के बाद 1996 में उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा था। जिसमें कुल 41 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। भारतीय जनता पार्टी ने पंडित उदय राज मिश्र, जनता दल ने प्रयागराज के भोला सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था। लालगंज के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में राजकुमारी रत्ना के समर्थन में चुनावी जनसभा थी। जिसमें प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने लोगों को संबोधित किया था। अपने चुनावी भाषण में उन्होंने जनता से वादा किया था कि आप लोग रत्ना सिंह को चुनाव जिताकर भेजिए, उन्हें मंत्री बनाने का कार्य हम करेंगे। परिणाम आया तो राजकुमारी रत्ना सिंह चुनाव जीत गईं। हालांकि केंद्र में सरकार बदल गई। इस कारण से वह मंत्री नहीं बन सकीं और नरसिम्हा राव का वादा पूरा नहीं हो सका।

पूर्व सांसद राज कुमारी रत्ना सिंह ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की जनसभा में उनके साथ उनकी मां रानी नीलिमा सिंह भी साथ थीं। संयोग ही कह सकते हैं कि इस चुनाव के बाद केंद्र में कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी।

इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीती और अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बनाए गए थे। हालांकि यह अल्पकालिक सरकार रही। दो सप्ताह बाद संयुक्त मोर्चा गठबंधन संसदीय बहुमत हासिल करने में सफल रहा और जनता दल के एचडी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बनाए गए थे।

### 1996 के लोकसभा चुनाव का परिणाम

| दल | उम्मीदवार |
|---|---|
| कांग्रेस | राजकुमारी रत्ना सिंह |
| भाजपा | उदय राज मिश्र |
| जनता दल | भोला सिंह |
| बसपा | बशीर पहलवान |






## 11 बार कायम रहा राजघरानों का दबदबा, इस बार नहीं दिख रहा दखल

प्रतापगढ़ संसदीय सीट की सियासत में राजघरानों की बात करें तो 17 चुनाव में 11 बार इनका ही दबदबा रहा है। वर्ष 1962 में प्रतापगढ़ राजघराने के राजा अजीत प्रताप सिंह भारतीय जनसंघ से सांसद निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1967, 1971 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से राजा दिनेश सिंह जीते। 1980 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राजा अजीत प्रताप सिंह, 1984, 1989 में इसी पार्टी से राजा दिनेश सिंह, 1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह सांसद चुने गए। उसी राजघराने के अभय प्रताप सिंह के पुत्र राजा अनिल प्रताप सिंह वर्तमान में भाजपा के सक्रिय नेता हैं। प्रतापगढ़ सीट से लोकसभा के प्रबल दावेदार थे, हालांकि भाजपा ने मौका नहीं दिया। 1996 व 1999 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से स्व. राजा दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह सांसद चुनीं गईं। वर्ष 2004 में राजा भैया के चचेरे भाई जामो, अमेठी राजघराने के अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी समाजवादी पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 1999 में राजकुमारी रत्ना सिंह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद चुनीं गईं। इस बार संयोग ऐसा है कि 11 बार सांसद निर्वाचित होने वाले राजघरानों की इस बार के चुनाव में किसी दल ने उम्मीदवार नहीं बनाया है। शायद यही वजह है कि चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से राजघरानों की दखल दिखाई नहीं पड़ रही है।


रत्ना सिंह।

## चुनावी चक्कर

**क्या बोल गए लल्लू?:**

भाजपा से फैजाबाद के सांसद लल्लू सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो कब का और कहां है इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में लल्लू सिंह कह रहे हैं कि संविधान में संशोधन करना होगा और बहुत सारे काम करने हैं। लल्लू सिंह बोले, सरकार तो 272 सीटों पर ही बन जाती है, लेकिन संविधान संशोधन करने के लिए दो तिहाई सीटों की जरूरत होती है। लल्लू सिंह के इस बयान का जब वीडियो वायरल हुआ तो विपक्षी पार्टियों ने भी उन्हें घेरते हुए भाजपा पर निशाना साधा।

**मोदी के सामने किन्नर महामंडलेश्वर:**

वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने वाले किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी की भी चर्चा कम नहीं। फिलहाल हिमांगी सखी का कहना है कि उनके ऊपर उनके ही लोग हमला कर सकते हैं। कहतीं हैं, उन्हें ऐसा आभास हो रहा है कि वाराणसी में उनके साथ कुछ गलत हो सकता है। उनका कहना है कि लोग चाहते हैं कि वह वाराणसी से चुनाव न लड़ें। किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के मुताबिक, अर्धनारीश्वर की नगरी से हुए अर्धनारीश्वर का आशीर्वाद लेकर वह चुनाव मैदान में उतरी हैं।

# आधुनिक चुनाव अभियान मतदाताओं के साथ अन्याय तो नहीं?

बदलते वक्त के साथ चुनावी प्रचार-प्रसार के तौर-तरीके व साधन-संसाधन भी बदल गए हैं। अब चुनाव के दौरान वह रंग नजर नहीं आता, जो दशकों पहले दिखता था। अतीत पर नजर डालते ही धुआंधार नारेबाज़ी, प्लास्टिक और कागज़ के बिल्लों के लिये लपकते बच्चों वाली चुनाव प्रचार की तस्वीरें जीवंत हो उठती हैं। चुनाव की घोषणा होते ही प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रचार रिक्शा, ऑटो व वाहनों में लगे लाउडस्पीकरों के शोर से सड़कें गूंजने लगती थीं। सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों की दीवारों को भी स्टैंसिल या प्रचार से रंग दिया जाता था। प्रचार के लिए जगह-जगह झंडे लगाए जाते थे। लेकिन अब सब कुछ डिजिटल है, हालांकि प्रचार का यह तरीका तमाम सवाल



भी खड़े कर रहा है।

"कश्ती चलाने वालों ने जब हार के दी पतवार हमें। लहर-लहर तूफ़ान मिले और मौज-मौज मझधार हमें। फिर भी दिखाया है हमने और फिर ये दिखा देंगे सबको। इन हालात में आता है दरिया करना पार हमें।"

यह पंक्तियां वर्तमान चुनावी परिदृश्य में राजनीतिक दलों की कशमकश को सही अर्थों में बयान करती हैं। इसमें कोई शक नहीं कि मतदाताओं तक अपना पक्ष रखने के लिए सभी राजनीतिक दल अथक प्रयास कर रहे हैं। लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्रचार सामग्री झंडे, बिल्ले, टोपी, बैनर, गमछे आदि इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गए है। पर्चों-इश्तिहार, पोस्टर, हैंडबिल या कार्ड की जगह चुनाव-दर-चुनाव ऑनलाइन कंटेंट, रील, छोटे-वीडियो और वॉट्सएप मैसेज तैयार करने वालों की चांदी होती जा रही है। 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' चुनावी परिदृशय पर हावी हो गए है। प्रिंटिंग-प्रेस वालों के पास अब मामूली फ्लैक्स-बैनरों का ही काम रह गया है।

### सोशल मीडिया ने ईजाद किए राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े

पहले रेडियो व दूरदर्शन टेलीविज़न पर राजनीतिक दलों को उनकी विचारधारा तथा प्रस्तावित नीतियों, कार्यक्रमों व घोषणा-पत्र को प्रसारित करने के लिए निर्धारित समय आवंटित किया जाता था। अब 'संवाद' के लिए सोशल मीडिया ज़रूरी साधन के रूप में उभर चुका है। सोशल मीडिया ने राजनीतिक लामबंदी के नए तरीक़े ईज़ाद किए हैं। पिछले एक दशक में सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों की सक्रियता में भारी उछाल दर्ज़ किया गया है। मुख्यधारा के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नेपचैट आदि पर अनुयायियों की संख्या आज करोड़ों में है, जिससे उनका मतदाताओं के साथ सीधा जुड़ाव सुनिश्चित हो गया है। उदाहरण के तौर पर पिछले कुछ समय से "फेसबुक लाइव" प्रचार का महत्त्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। जनसभाओं, रैलियों, नामांकन को 'लाइव' प्रसारित किया जाता है। इसके अलावा राजनीतिक दल और बड़े नेता अपने 'फैंस क्लब' सोशल मीडिया में चला रहे हैं।

### मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियां

भारतीय निर्वाचन आयोग ने जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई हैं। प्रत्येक स्तर पर एक सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी इस समिति का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर जारी किये जाने वाले सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिये इस समिति से पूर्व प्रमाणीकरण की आवश्यकता रहेगी। सोशल मीडिया कंपनियों और प्लेटफॉर्म्स को कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार, राजनीतिक विज्ञापन दाताओं के लिये एक तंत्र विकसित करना होगा।



### डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की जरूरत

सोशल मीडिया का अस्तित्व इंटरनेट से होने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी और कई छोटे राजनीतिक दल इलेक्ट्रानिक व डिजिटल प्रचार में खुद को असहज व कमजोर महसूस करते हैं, जबकि आर्थिक-साधन संपन्न प्रत्याशी व दल गद-गद हैं। सोशल मीडिया नए रास्ते खोलने के साथ नए सवाल भी खड़े कर रहा है। मसलन क्या जो दल सोशल मीडिया में आगे रहेगा, उसके चुनाव जीतने की संभावना अधिक होगी? क्या सोशल मीडिया में बनाई गई चुनावी हवा मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है? क्या पैसे के दम पर नौकरी पर रखे लोग सोशल मीडिया के जरिए परिणाम प्रभावित कर सकते है? सवाल यह भी है कि जिन सामाजिक समूहों में अभी इंटरनेट की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, ऐसे वंचित वर्गों तक चुनाव प्रचार पहुंचने के लिए पर्याप्त डेटा-पैक का इंतजाम कैसे होगा। विचारणीय प्रश्न है कि आधुनिकता के लिबास में कहीं मतदाताओ के साथ अन्याय तो नही हो रहा है? एक तरफ सोशल मीडिया से एक साथ दोतरफा-संवाद / बहुआयामी प्रचार-प्रसार होता हैं जबकि दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर चुनावी कानूनों का उल्लंघन भी होता है। इस हाल में चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये डिजिटल माध्यम पर नियंत्रण समय की ज़रूरत और लोकतांत्रिक मूल्यों की मांग है।

### सोशल मीडिया प्रचार पर निगरानी

ऐसे में परंपरागत प्रचार के साथ आधुनिक चुनाव अभियान को भी 'आदर्श आचार संहिता' के दायरे में लाया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सोशल मीडिया प्रचार पर भी निगरानी रख रहा है। प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले हलफनामे में अपनी ई-मेल और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होती है। सोशल मीडिया अभियान पर किये गए खर्च का पूरा विवरण रखना होगा। इसमें इंटरनेट कंपनियों व विज्ञापन वाली वेबसाइट्स को किये गए भुगतान, कंटेंट के रचनात्मक विकास पर अभियान-संबंधी व्यय और सोशल मीडिया खातों को चलाने के लिये रखी गई टीम का पारिश्रमिक व भुगतान भी शामिल है। फेसबुक-गूगल आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी चुनाव में कंटेंट पर निगरानी रखना आवश्यक है।

### मोबाइल एप ने बदल दी तस्वीर

पारंपरिक चुनावी रैली को काफी हद तक वर्चुअल चुनाव प्रचार ने धूमिल कर दिया है। वीडियो लिंक के माध्यम से चर्चा व 3डी रैलियों के साथ जुड़ाव अब आम बात है। इसके जरिए राजनीतिक दल बहुत कम समय में अपना संदेश ज्यादा प्रभावशाली तरीके से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। मोबाइल एप का राजनीतिक दल खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। हर छोटी-बड़ी जानकारी ऐप पर अपडेट की जाती है। कई राजनीतिक दलों ने तो हर चुनाव-क्षेत्र के लिए अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं, जहां लगातार चुनावी मुहिम और उससे संबंधित प्रचार सामग्री साझा की जा रही है।

लेखक : डॉ . भारत : विधि प्रवक्ता, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़।

भाजपा से मोदी लहर में 2014 में जीते और 19 में हारे कंवर सिंह तंवर का सपा-कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से मुकाबला

# पुराने चेहरों के बीच नई लड़ाई में वोट बंटे तो फिर खिलेगा कमल

बसपा ने मुस्लिम डॉ. मुजाहिद को उतार कर 2014 वाली चुनावी तस्वीर बनाई, तब भाजपा ने 16 साल बाद खिलाया था कमल

- अमरोहा सीट से आज तक कोई महिला सांसद नहीं बन सकी, अब तक छह महिलाओं ने आजमाई है किस्मत
- यहां जनता हर चुनाव में फैसला बदलती रहती, 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नहीं नसीब

चुनाव डेस्क

अमरोहा का नामकरण "आम " और "रूहा" को मिलाकर हुआ है। यहां के आम अगर अपने स्वाद के लिए जाने जाते हैं, तो रूहा मछली बड़ी मात्रा में पाई जाती है। अमरोहा पहले मुरादाबाद जिले का ही हिस्सा था। लेकिन 15 अप्रैल 1997 को इसे जिला बनाया गया। मायावती के शासन में इसका नाम "ज्योतिबा फुले नगर " रखा गया लेकिन लोगों की मांग पर सपा सरकार में अखिलेश यादव ने वर्ष 2012 में नाम फिर से अमरोहा कर दिया। अमरोहा की पहचान शायर जॉन एलिया और बॉलीवुड के लेखक-निर्देशक कमाल अमरोही से भी है, जिन्होंने महल, पाकीजा और रजिया सुल्तान जैसी प्रसिद्ध फिल्में बनाईं। अमरोहा में बने ढोल और ढोलक दुनिया भर में मशहूर हैं। यहां दुनिया का सबसे बड़ा कन्या गुरुकुल है, तो भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चेतन चौहान ने भी नाम ऊंचा किया है। इतनी विशेषताओं वाले इस जिले की इस राजनीति भी विशिष्ट है। यहां हर पार्टी अपना झंडा लहरा चुकी है, तो निर्दलीय को भी चुनकर जनता संसद में भेज चुकी है। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार गुर्जर समुदाय से आने वाले कंवर सिंह तंवर पर भरोसा जताया है। वह पिछला चुनाव हार गए थे। उनके मुकाबले सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को मैदान में उतारा है। बसपा से निकाले जाने के बाद दानिश अली ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया था। उधर, बसपा ने डॉ. मुजाहिद हुसैन को मौका देकर इस लोकसभा सीट पर एक बार फिर मुस्लिम मतों को साधने की कोशिश की है।

**2009** में रालोद ने इस सीट पर जीत दर्ज की

**1991** में क्रिकेटर चेतन चौहान पहली बार यहां से जीते



### सपा-बसपा की मजबूत चुनौती से भाजपा को होता रहा फायदा

बसपा को यहां पहली सफलता 1999 के चुनाव में राशिद अल्वी ने दिलाई। 2004, 2009 और 2014 में बसपा तीसरे स्थान पर रही। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ तो बसपा से दानिश अली जीते। इससे पहले 2014 की मोदी लहर में भाजपा से कंवर सिंह तंवर उतारे और सपा से तत्कालीन मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी हुमैरा अख्तर उम्मीदवार बनीं। बसपा ने फरहत हसन को टिकट दिया। वोट बंट गए और 16 साल बाद अमरोहा में कमल खिला। इस बार भी कुछ वैसी ही तस्वीर नजर आ रही है।

### आचार्य जेबी कृपलानी भी यहां से रहे सांसद

- अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का बाहरी प्रत्याशी ही प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। जनता भी हर चुनाव में फैसला बदलती रहती है। यही वजह है कि 40 साल से कांग्रेस और 28 साल से सपा को जीत नसीब नहीं हुई है। इस बीच बसपा को जरूर दो बार जीत मिली है। आजादी के बाद हुए 1952, 57 और 1962 के चुनावों में अमरोहा में कांग्रेस के हिफजुर्रहमान ने जीत की हैट्रिक लगाई थी, तब अमरोहा मुरादाबाद जिले का हिस्सा था। लेकिन 1963 उपचुनाव में आचार्य जेबी कृपलानी जीते।
- 1967 और 1971 में कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के इशाक अली को सांसद बनने का मौका मिला। इसके बाद 1977 और 80 में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। लेकिन 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस ने वापसी की। 1989 में जनता दल जीता। 1991 का चुनाव रामलहर में हुआ तो भाजपा ने भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर रहे चेतन चौहान को उम्मीदवार बनाया। लहर और ग्लैमर के चलते वह जीतकर संसद में पहुंच गए।
- इस बीच 1996 में सपा ने जीत हासिल की। 1998 में भी भाजपा से चेतन चौहान ही चुने गए। 1999 में बसपा के राशिद अल्वी ने चुनाव जीता। 2004 में निर्दलीय को सफलता मिली। 2009 में भाजपा का साथ मिलने पर यह सीट राष्ट्रीय लोकदल को मिली और जीत के साथ उसका भी अमरोहा में खाता खुल गया।

**2019 का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बसपा | दानिश अली | 6,01,082 | 51.41 |
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर | 5,37,834 | 46.01 |
| कांग्रेस | सचिन अग्रवाल | 12,150 | 1.75 |

**2014 का परिणांम**

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कंवर सिंह तंवर | 5,28,880 | 48.26 |
| सपा | हुमेरा अख्तर | 3,70, 066 | 33.82 |
| बसपा | फरहत हसन | 1,62,983 | 14.87 |
| रालोद | राकेश टिकैत | 9,540 | 0.87 |

**2004** में निर्दलीय हरीश नागपाल जीते, 1999 और 2019 में बसपा दो बार जीत चुकी है यहां का चुनावी रण

**अमरोहा का अनुमानित जातीय समीकरण**

| | | |
|---|---|---|
| 40% मुस्लिम | 13 % जाटव | 08 % राजपूत |
| 07 % जाट | 05 % सैनी | 05 % गुर्जर |
| 22 % अन्य | | |

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा कबिज

अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटों में गढ़ मुक्तेश्वर, धनौरा, हसनपुर पर भाजपा का कब्जा है, जबकि नौगावां सादात व अमरोहा पर सपा काबिज है। इनमें धनौरा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन पांच सीटों में तीन पर भाजपा तो दो सीटों पर सपा को जीत मिली थी। अमरोहा शहर से सपा के महबूब अली और नौगावां से सपा के समर पाल चुनाव जीते थे, जबकि हसनपुर से भाजपा के महेंद्र सिंह खड़गवंशी और धनौरा से भाजपा के ही राजीव तरारा विजयी हुए थे। गढ़ मुक्तेश्वर से हरेंद्र सिंह तेवतिया जीते थे।

### कंवर सिंह तंवर- भाजपा के प्रत्याशी

- 63 वर्षीय अरबपति कंवर सिंह तंवर देश के सबसे अमीर सांसदों में गिने जाते हैं। उन्हें एक से बढ़कर एक महंगी गाड़ियां रखने का शौक है। उनके काफिले में लैंड क्रूज, बीएमडब्ल्यू जैसी कारें शामिल हैं। एक समाजसेवी के रूप में पहचान बनाने वाले तंवर 2014 में पहली बार भाजपा से अमरोहा के सांसद चुने गए थे। उस समय मुफ्त एंबुलेंस सेवा देने इलाके की जनता उन्हें एंबुलेंस वाले नेता के रूप में जानती थी।

### डॉ. मुजाहिद हुसैन - बसपा के उम्मीदवार

- डॉ. मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई मूलरूप से गाजियाबाद के डासना के रहने वाले हैं। पेशे से बीयूएमएस डॉक्टर हैं। दो साल पहले ही बसपा में शामिल हुए थे। उनकी पत्नी बागेजहां डासना नगर पंचायत अध्यक्ष हैं। उनकी प्रत्याशिता का टिकट के दावेदार मेराज समर्थकों ने विरोध किया।

### दानिश अली - गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी

- अमरोहा के मौजूदा सांसद दानिश अली को पिछले साल दिसंबर में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के समर्थन में बोलने के बाद "पार्टी विरोधी गतिविधि" में बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी से निकाल दिया था। इससे पहले दानिश अली तब सुर्खियों में आए थे, जब वह लोकसभा में अशोभनीय बहस का शिकार हो गए थे। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अब कांग्रेस का हाथ थामकर गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।



हमारा साथ दें

राजस्थान के जालौर में कांग्रेस की दिग्गज नेता प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित किया और मतदाताओं से मुलाकात की।

# तीन दशक से भाजपा को हराने की राह खोज रही कांग्रेस

**भोपाल- सिहोर संसदीय सीट**

- जीत की लय बरकरार रखने के लिए भाजपा के आलोक शर्मा कर रहे कड़ी मेहनत
- भाजपा का किला ढहाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव कर रहे मशक्कत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है। भोपाल-सिहोर संसदीय सीट पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस 35 सालों से छटपटा रही है तो भाजपा इस मजबूत दुर्ग पर कब्जा बरकरार रखने को लेकर नया चक्रव्यूह रच चुकी है। भाजपा ने यहां से अपनी मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काटकर पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। कांग्रेस जहां महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है तो भाजपा मोदी की गारंटी का जमकर प्रचार कर रही है। हां, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की नाराजगी से भाजपा नेता परेशान जरूर हैं पर वह यह मानकर चल रहे हैं कि वे उन्हें मनाने में कामयाब हो जाएंगे। 1989 से लगातार भाजपा इस सीट पर जीत रही है। कांग्रेस और भाजपा के बीच ही इस सीट पर मुकाबला होता रहा है। इस बार भी लड़ाई इन्हीं दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच है। 1989 में यहां से भाजपा के सुशील चंद्र वर्मा जीते थे। इसके बाद तो हर चुनाव में भगवा रंग यहां गाढ़ा होता चला गया। वे लगातार चार चुनाव इस सीट से जीते हैं। 1999 में पार्टी ने साध्वी उमा भारती को यहां से मैदान में उतारा और वह मैदान मारने में कामयाब रहीं। 2004 और 2009 में कैलाश जोशी ने यहां जीत दर्ज की तो 2014 की मोदी लहर में आलोक संजर भाजपा के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने 2019 में बड़ी जीत दर्ज की थी। हालांकि इस बार उन्हें पार्टी ने मौका नहीं दिया। टिकट कटने के बाद प्रज्ञा ठाकुर ने पीएम मोदी के नाराज होने की बात कही थी, हालांकि बाद में उन्होंने कहा था कि उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।



आओ वोट दें

अमृतसर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर छात्राओं और समाजसेवियों ने अनूठा अभियान चलाया।

# हरियाणा में चाचा-भतीजे की जुबानी जंग

**चंडीगढ़।** चुनावी राजनीति में कहीं परिवार के सदस्य तो कहीं रिश्तेदार आमने-सामने हैं। हरियाणा में भी कुछ ऐसा ही सियासी माहौल गर्म है। यहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) और इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के एक होने की चर्चा अब खत्म हो चुकी है। अभय सिंह चौटाला साफ कर चुके हैं कि वह जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं करने वाले।

इसी के बाद पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने चाचा अभय चौटाला पर हमला बोलते हुए कहा है कि आईएनएलडी में दम हो तो राज्य की सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर दिखाएं। उनकी पार्टी जरूर लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत का कहना है कि आईएनएलडी को अपना सिंबल जाने का डर है। चुनाव में यदि 2 प्रतिशत वोट नहीं मिले तो उनका पार्टी सिंबल चला जाएगा। उन्होंने चाचा अभय चौटाला को नॉन सीरियस पॉलिटिशियन भी बता दिया है। इससे पहले दुष्यंत को अभय चौटाला ने धोखेबाज कहा था।

सियासत | पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह इस लोकसभा सीट पर हो चुके हैं पराजित

# भाजपा के दुर्ग दक्षिण दिल्ली में गुर्जर प्रत्याशियों की टक्कर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

1999 में कांग्रेस से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार डा. मनमोहन सिंह ने पूरे जोर-जोर से दक्षिण दिल्ली में लोकसभा का चुनाव लड़ा था और उनके पीछे था, कांग्रेस का पूरा हाईकमान। लेकिन दक्षिण दिल्ली के वोटरों ने उन्हें खारिज कर दिया और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को विजयी बनाया। इतना ही नहीं, मल्होत्रा ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई थी जो आज तक रिकार्ड है। दिल्ली के दो पूर्व मुख्य मंत्री मदनलाल खुराना एवं सुषमा स्वराज भी दो-दो बार लोकसभा में दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस बार भाजपा ने यहां से काफी मंथन के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। बिधूड़ी दिल्ली विधानसभा में चार बार विधायक रह चुके हैं। हरियाणा में भी उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था और इस समय दिल्ली विधानसभा में



विपक्ष के नेता हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने तुग़लक़ाबाद के विधायक सहीराम पहलवान को अपना उम्मीदवार बनाया है । सहीराम वरिष्ठता व अनुभव में बिधूड़ी के आगे कमजोर नजर आते हैं। दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र को भाजपा का किला माना जाता है जिसे ध्वस्त करने के लिए बेहतर उम्मीदवार, कुशल चुनाव प्रबंधन एवं जनता में सीधी पकड़ जरूरी है। यह संयोग है कि दक्षिण दिल्ली से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संस्थापक और जनसंघ नेता बलराज मधोक भी सांसद रह चुके हैं, और दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह विधूड़ी ने भी अपनी राजनीति की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से ही की थी।

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से आम आदमी पार्टी ने अपने हाई प्रोफाइल नेता वर्तमान में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को मैदान में उतारा था। मगर भाजपा उम्मीदवार रमेश विधूड़ी ने साढ. तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से राघव चड्ढा को पराजित कर दिया था। कांग्रेस के विजेंद्र सिंह को 1 लाख 64 हजार वोट मिलने के बावजूद अपनी जमानत गवानी पड़ी थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी । इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 वोट और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे । कांग्रेस के रमेश कुमार तीसरे पायदान पर रहे थे।

इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी और तुगलकाबाद के विधायक सही राम पहलवान राजनीति से पहले पैरा मिलिट्री फोर्स एवं दिल्ली जल बोर्ड में स्पोर्ट्स कोटे के तहत नौकरी करते थे। 1997 में वह नगर निगम के पार्षद बने। दो बार विधायक का चुनाव हारने के बाद आप के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के छात्र रहे हैं। 1970 में एबीवीपी से जुड़ कर राजनीति में प्रवेश किया। 1981 से 85 तक वे हरियाणा राज्य वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के अध्यक्ष रहे। 1993 में दिल्ली में पहली विधानसभा के सदस्य चुने गए और अब तक वे चार बार विधायक रह चुके हैं। उन्हें 2008 में लोकसभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने दिल्ली के सर्वश्रेष्ठ विधायक से भी सम्मानित किया था।

### करीब 22 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

- दक्षिण दिल्ली लोकसभा में क़रीब 22 लाख मतदाता हैं, उनमें 10 लाख से ज़्यादा पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 11,68,857 हैं। थर्ड जेंडर के मतदाता 130 हैं। इस सीट पर हमेशा से गुर्जर मतदाता का वर्चस्व रहा है। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियों ने गुर्जर प्रत्याशी बनाए हैं। यहां गुर्जर के बाद करीब 17 गांव जाट बहुल हैं। जाटों की आबादी करीब ढाई लाख है। रालोद के भाजपा से गठबंधन को देखते हुए दिल्ली के जाट मतदाताओं के भाजपा के साथ जाने की संभावना है। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बिजवासन, पालम , महरौली , छतरपुर , देवली , अंबेडकर नगर , संगम विहार , कालकाजी , तुगलकाबाद और बदरपुर हैं।

## एक नजर



### द्वारका में दो स्कूल बसों में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका में एक स्कूल में खड़ी दो बसों में रविवार को आग लग गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि द्वारका सेक्टर-नौ में आरडी राजपाल पब्लिक स्कूल में दोपहर 2.53 बजे आग लगने की सूचना मिली। आठ दमकल गाड़ियों को आग बुझाने के लिए लगाया गया। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। अभियान अभी भी जारी है।

### बसपा ने घोषित किए तीन और प्रत्याशी

**बिलासपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को तीन और उम्मीदवारों की सूची जारी की। बसपा ने सरगुजा (सु) से संजय एक्का, रायगढ़ (सु) से इन्नोसेंट कुजूर और बिलासपुर से अश्विनी रजक को उम्मीदवार बनाया है। बसपा छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में अब तक आठ सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इससे पहले बसपा ने जांजगीर-चांपा (सु) से डॉ रोहित कुमार डहरिया, बस्तर (सु) से आयतु राम मंडावी, राजनांदगांव से देवलाल सूर्यवंशी, महासमुंद से बसन्त सिन्हा और कांकेर (सु) से तिलकराम को प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि बसपा और क्षेत्रीय दल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर प्रयास हुए थे, लेकिन फलीभूत न हो सका। इसके बाद बसपा ने छत्तीसगढ़ में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया।

### विषाक्तता से एक की मौत, 75 से बीमार

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के माजरी कोलियरी क्षेत्र में रविवार को विषाक्त खाद्य पदार्थ के सेवन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और 75 से अधिक लोग बीमार हो गए। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह घटना चैत्र नवरात्रि महोत्सव से एक दिन पहले एक काली मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान शनिवार शाम को 400 से अधिक लोगों के प्रसाद खाने के बाद हुई। घर पहुंचने के बाद उनमें से कुछ लोग अस्वस्थ महसूस करने लगे और 79 लोग आधी रात को वरोरा अस्पताल पहुंचे। छह लोगों की हालत गंभीर थी और उन्हें चंद्रपुर जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इनमें से गुरुफेम यादव की मौत हो गई। अन्य मरीजों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

### हाथी के हमले में महिला की मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार को हाथी के हमले में 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रायगढ़ प्रभाग की वन अधिकारी स्टाइलो मंडावी ने कहा कि यह घटना तमनार क्षेत्र के झिंगोल गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। यह घटना उस दौरान हुई जब वे 'महुआ' फल इकट्ठा कर रहे थे। मंडावी ने बताया, एक जंगली हाथी वहां पहुंचा और कलावती राठिया को कुचलकर मार डाला जबकि रामलाल राठिया (35) नाम का एक व्यक्ति हाथी के हमले में घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के परिजनों को 25,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि दी गई है, जबकि पूरा मुआवजा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिया जाएगा।

# इसरो बनाएगा चंद्रयान-4 का लैंडर

## वार्षिक टेक फेस्ट निंबस में हुई घोषणा, जापान की स्पेस एजेंसी में तैयार होगा रोवर मॉड्यूल

**हमीरपुर, एजेंसी**

चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां इससे प्रभावित हैं। चंद्रयान-4 में जो लैंडर मॉडयूल होगा वह इसरो बनाएगा और जापान की स्पेस एजेंसी जाक्सा रोवर मॉड्यूल बनाएगी। एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर ने वार्षिक टेक फेस्ट निंबस कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। फेस्ट में इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि दो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां जब कार्य करती हैं तो बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसरो प्लेनेटरी मिशन में चुनौती और सफलताएं दोनों होती हैं। चंद्रयान दो में लैंडर विक्रम से संपर्क टूटने के बाद इसरो में प्लान बनाया कि संपर्क टूटने के क्या कारण थे। कहां कमी थी और कहां और कार्य किया जाना है। अच्छे से मूल्यांकन के बाद लैंडिंग मॉड्यूल को री-डिजाइन किया गया।

एस्ट्रोनॉट बनने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों से समनीत कहते हैं कि मेहनत और धैर्य एस्ट्रोनॉट बनने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। रोज एक ही चीज करने से उस कार्य के प्रति उदासीन नहीं होना चाहिए। रोज अगर आप उस कार्य में मेहनत करेंगे तो उसमें परिणाम अवश्य आते हैं। रिसर्च में धैर्य रखने की बहुत आवश्यकता है। भारत में रिसर्च में बहुत से विकल्प हैं। सभी युवाओं के लिए एक ही महत्वपूर्ण बात है कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरा फोकस हो और धैर्य बना रहना चाहिए। स्नातक करते समय ध्यान से पढ़ना होगा। वहीं से रिसर्च के क्षेत्र में जाने के लिए सहायता मिलती है। आठ घंटे सोना, आठ घंटे पढ़ना और आठ घंटे अपने कार्य निपटने के लिए लगाएं। समनीत ठाकुर जिला बिलासपुर के बरठीं के रहने वाले हैं और बरठीं से ही उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ट्रेड में वर्ष 2014 में एनआईटी हमीरपुर से स्नातक की डिग्री की। उसके बाद निजी क्षेत्र में कार्य किया और अब वह सात वर्षों से इसरो में बतौर वैज्ञानिक सेवाएं दे रहे हैं।



- एनआईटी हमीरपुर में इसरो के वैज्ञानिक समनीत ठाकुर बोले- चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां हुई प्रभावित

### सिर्फ सफलता के बारे में सोचें

इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने वैज्ञानिकों से कहा कि असफलता को सफलता में बदलने के बारे में सोचो। इससे हमें मनोबल मिला। इसी मनोबल से चंद्रयान तीन में लैंडर विक्रम और प्रज्ञान रोवर में सफलता मिली। चंद्रयान तीन में अच्छी लैंडिंग के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने भी अपनी रुचि इसरो में दिखाना शुरू कर दी है।

# आयकर ने अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर मारा छापा

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर पर बेहाला फ्लाइंग क्लब में आयकर अधिकारियों ने छापा मारा। तृणमूल ने आरोप लगाया कि विपक्षी उम्मीदवारों को परेशान करने और डराने-धमकाने की भाजपा की गई साजिश का हिस्सा है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी ने कहा है कि पूर्व मेदिनीपुर में बनर्जी की हल्दिया यात्रा के लिए बेहाला फ्लाइंग क्लब में हेलीकॉप्टर का परीक्षण चल रहा था, उसी वक्त आयकर अधिकारियों की एक टीम पहुंची और बड़े पैमाने पर इसकी तलाशी ली गई। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, एनआईए के डीजी और एसपी को हटाने के बजाय निर्वाचन आयोग और भाजपा ने आज मेरे हेलीकॉप्टर और सुरक्षाकर्मियों की तलाशी के लिए आयकर विभाग के गुर्गों को तैनात करने का फैसला किया। कारण पूछने पर अधिकारी बहस करने लगे और हिरासत हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोक लेने की धमकी दी।



- तृणमूल का दावा अधिकारियों ने हेलीकॉप्टर को अवैध रूप से रोकने की दी धमकी

# संविधान खत्म करने के लिए व्यवस्थित अभियान चला रहे हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बाबासाहेब बी.आर. आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को खत्म करने के लिए एक व्यवस्थित अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव आंबेडकर की इस शानदार उपलब्धि को संरक्षित करने से जुड़ा है। रविवार को अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज हमारा देश बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. बी. आर आंबेडकर की जयंती वैसे वक्त में मना रहा है, जब संविधान को खत्म करने की आवाजें तेज होने लगी हैं। यह निस्संदेह उस व्यवस्थित अभियान का हिस्सा है जिसे कोई और नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चलाया है। रणनीति सरल है लेकिन पाखंड से भरी है, उस विरासत को कायम रखने का दिखावा करते रहना।

# झुंझुनूं में चुनाव को लेकर सीमा क्षेत्र में विशेष निगरानी

**झुंझुनूं।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान के झुंझुनूं जिले में पुलिस बल के करीब 5200 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षी वर्मा ने रविवार को बताया कि चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर विधानसभा में चार सुपरवाइजर अधिकारी जिसमें एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा तीन डीवाईएसपी, इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा 1956 पुलिस कार्मिक, तीन कंपनी आरएससी, नौ कंपनी सीएपीएफ, 1015 होमगार्ड तैनात होंगे। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 क्यूआरटी होगी, प्रत्येक क्यूआरटी में सीएपीएफ का जत्ता होगा।

# सेवा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुई पूर्व नौकरशाह निशा ने छोड़ी पार्टी

**भोपाल/छिंदवाड़ा, एजेंसी**

मध्य प्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस में शामिल होने वाली पूर्व नौकरशाह निशा बांगरे ने विश्वासघात का आरोप लगाते हुए विपक्षी दल से इस्तीफा दे दिया है। निशा बांगरे बैतूल जिले की पूर्व उपसंभागीय मजिस्ट्रेट हैं और उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के लिये पद से इस्तीफा दे दिया था।

बांगरे ने दावा किया कि हालांकि, उन्हें उस वक्त टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन वादा किया गया था कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जाएगा। पार्टी ने समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर को भी टिकट देने से इनकार कर दिया था। बांगरे भी दलित हैं। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप लगाया कि उन्होंने टिकट न देकर दलित महिलाओं का अपमान किया।



- कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप, बोलीं- दलित महिला का किया है अपमान

## परंपरा और आस्था का सैलाब





बिहार में सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ पर आज व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। पारिवारिक और शारीरिक सुख-शांति के लिए मनाये जाने वाला यह महापर्व नहाय खाय से शुरू होता और उस दिन श्रद्धालु नदियों में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन श्रद्धालु दिन भर बिना जलग्रहण के उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आए तब तक पानी पीते हैं और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार व्रत शुरू होता है।

# हिमाचल में बर्फवारी से गुलजार हुई पहाड़ियां, ऑरेंट अलर्ट जारी

**शिमला, एजेंसी**



हिमाचल प्रदेश में 'ऑरेंज अलर्ट' के बीच शनिवार को कुल्लू और लाहौल की पहाड़ियों पर हिमपात से माहौल गुलजार हो गया है। वहीं, राजधानी शिमला में दिन भर बादल छाए रहे। रविवार को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश, बर्फबारी और अंधड़ का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी हुआ है।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 16 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने का पूर्वानुमान है। 17 अप्रैल को मौसम साफ रहने के साथ धूप खिलने की संभावना है। 18 और 19 अप्रैल को प्रदेश में फिर बादल बरसने के आसार हैं। रविवार को अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश के 12 क्षेत्रों में शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री पार रहा। शिमला में दोपहर के समय घने बादल छा जाने से बारिश के आसार बने, लेकिन हवाएं चलने से कुछ देर बाद मौसम सुहाना हो गया। वीकेंड पर बर्फ के दीदार को सैलानी गुलाबा और सिस्सू पहुंचे। शुक्रवार रात को नाहन में न्यूनतम तापमान 19.1, धर्मशाला में 18.1, ऊना में 14.2, हमीरपुर में 14.1, बिलासपुर में 13.9, चंबा में 12.9, शिमला में 12.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

# भीलवाडा में नकली नोट बरामद, दो पकड़े

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाडा के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस एवं डीएसटी की टीम ने जाली नोटों का असल में प्रयोग करने के प्रयास में दो लोगों को गिरफ्तार कर एक लाख 88 हजार 600 रुपये के जाली नोट भी जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार शनिवार को डीएसटी टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति खुद को छिपाते हुये घूम रहे हैं, जिनके पास नकली नोट होने की पुख्ता सूचना है। ये लोग नकली नोटों को बाजार में असली के रूप में चलाने के लिए आये हुये हैं। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस कलेक्ट्री के पीछे पहुंची, जहां दो व्यक्ति आते दिखे। संदिग्ध होने से दोनों को पुलिस ने

## कारोबार

# शीर्ष सात कंपनियों का पूंजीकरण 59,404 करोड़ बढ़ा

## पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में आई थी 3.32 अंक की मामूली गिरावट


**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 59,404.85 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। ईद-उल-फितर के मौके पर गत गुरुवार को शेयर बाजार बंद थे। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद सेंसेक्स में 3.32 अंक की मामूली गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स बुधवार को 75,038.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ था। मंगलवार को यह कारोबार के दौरान के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 75,124.28 अंक पर पहुंचा था।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,029.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,92,861.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 15,363.23 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 7,75,447.63 करोड़ रुपये हो गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 10,250.02 करोड़ रुपये बढ़कर 19,85,797.70 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 7,507.53 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 14,47,343.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,809.06 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,967.87 करोड़ रुपये हो गई, वहीं इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 2,303.73 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,424.57 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 2,141.91 करोड़ रुपये बढ़कर 6,84,294.62 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 23,170.58 करोड़ रुपये घटकर 11,53,894.76 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,440.62 करोड़ रुपये घटकर 6,14,252.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

### भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को 'रामनवमी' पर बाजार में अवकाश रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की निगाह कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। मीणा ने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की निगाह रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।



### भारत ने इस वर्ष 18.48 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी

**नई दिल्ली।** भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट की रिकॉर्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई 15.27 गीगावाट क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले छह साल तक सालाना कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की जरूरत है।

आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक भारत की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 143.64 गीगावाट है। इसमें 47 गीगावाट की बड़ी जलविद्युत क्षमता (प्रत्येक संयंत्र 25 गीगावाट या उससे अधिक) शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि बड़ी पनबिजली परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता फिलहाल लगभग 190 गीगावाट है।

# धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की जांच चाहता है वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।

सूत्रों ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा। दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए। इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।



# एलआईसी को अडाणी के शेयरों में निवेश पर हुआ 59 प्रतिशत का लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश मूल्य में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडाणी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।



पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडाणी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडाणी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों- अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडाणी एंटरप्राइजेज में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडाणी समूह में किए गए निवेश पर 59% का लाभ हुआ। इस दौरान अडाणी समूह की कंपनियों में कई विदेशी निवेशकों कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, अबू धाबी स्थित आईएचसी, फ्रांसीसी दिग्गज टोटल एनर्जी और अमेरिका स्थित जीक्यूजी इन्वेस्टमेंट ने लगभग 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था।



रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 5 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# सैटकॉम स्पेक्ट्रम आवंटन, लाइसेंसिंग प्रक्रिया पर ट्राई की राय मांगेगा डीओटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**




दूरसंचार विभाग (डीओटी) इस महीने नियामक ट्राई से संपर्क कर स्पेक्ट्रम के आवंटन के तरीके और मूल्य निर्धारण और सैटकॉम सेवाओं के लिए जारी किए जाने वाले लाइसेंस के दायरे पर नियामक के विचार मांग सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने छह अप्रैल, 2023 को अंतरिक्ष-आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के असाइनमेंट पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, लेकिन नए दूरसंचार अधिनियम की घोषणा के बाद संदर्भ को विभाग को लौटा दिया गया।

सूत्र ने कहा, दूरसंचार विभाग अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित करने के लिए मूल्य निर्धारण और कार्यप्रणाली पर ट्राई से विचार मांगेगा। प्रशासनिक रूप से आवंटित स्पेक्ट्रम वाली सैटकॉम कंपनियां किस तरह की सेवाएं प्रदान कर सकती हैं, इस पर पूर्ण स्पष्टता लाने के लिए मौजूदा लाइसेंस को दुरुस्त करने पर भी विचार किया जा सकता है।

सैटकॉम (उपग्रह संचार प्रौद्योगिकी) सेवा प्रदाताओं को दूरदराज के क्षेत्रों या दुर्गम इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है। भारती समूह समर्थित वनवेब और रिलायंस समूह जियो सैटकॉम को सेवाओं के लिए जीएमपीसीएस (सैटेलाइट टेलीफोनी) और वीएसएटी लाइसेंस जारी किया गया है। एलन मस्क की स्टारलिंक ने भी भारत में सैटकॉम सेवाएं शुरू करने की अनुमति के लिए आवेदन किया है।

# इम्प्रेसारियो हर साल 10-15 सोशल आउटलेट खोलेगी

**नई दिल्ली।** रेस्तरां शृंखला सोशल का संचालन करने वाली कंपनी इम्प्रेसारियो एंटरटेनमेंट एंड हॉस्पिटैलिटी अपनी विस्तार योजना के तहत सालाना 10 से 15 नए ब्रांड आउटलेट खोलने पर विचार कर रही है।

कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रियाज अमलानी ने कहा कि इस दौरान दूसरी श्रेणी के शहरों में विस्तार पर खास जोर होगा। कंपनी स्मोक हाउस डेली और मोचा ब्रांड नाम से रेस्तरां का संचालन भी करती है। इम्प्रेसारियो भारत की युवा आबादी और बेहतर अनुभवों के लिए बढ़ती चाहत जैसे विभिन्न कारकों के चलते भारत में अपनी वृद्धि को लेकर उत्साहित है।

# चेन्नई सुपरकिंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हराया

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 06 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 284 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

**मुम्बई, एजेंसी**

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (69), शिवम दुबे नाबाद (66) रन और आखिरी ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी के चार गेंदों में (20) रनों की छक्कों वाली पारियों और उसके बाद मथीशा पथिराना के 14 रन देकर चार विकेट की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 29वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हरा दिया है।

रोहित शर्मा की 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी पर महेन्द्र सिंह धोनी की चार गेंदों में 20 रनों की पारी पड़ी भारी। मुंबई इंडियंस ने 207 रनों के लक्ष्य का पीछा हुए अच्छी शुरुआत की। रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। आठवें ओवर में ईशान किशन को पथिराना ने शार्दुल के हाथों कैच आउट कराकर मुम्बई को पहला झटका दिया। ईशान किशन ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (23) रन बनाये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। तिलक वर्मा ने 20 गेंदों में (31) रनों की पारी खेली। कप्तान हार्दिक पंड्या (2), मोहम्मद नबी (2) रन, टिम डेविड (13) रन, रोमारियो शेफर्ड (1) रन बनाकर आउट हुये। इस दौरान रोहित शर्मा एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। रोहित ने 63 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद (105) रनों की पारी खेली लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मोहम्मद नबी चार रन बनाकर नाबाद रहे।

**चेन्नई सुपर किंग्स : 206/4**

| | |
|---|---|
| रहाणे कैच हार्दिक बोल्ड कोएत्जी | 05 |
| रचिन कैच किशन बोल्ड गोपाल | 21 |
| ऋतुराज कैच नबी बोल्ड हार्दिक | 69 |
| शिवम दुबे नाबाद | 66 |
| मिचेल कैच नबी बोल्ड हार्दिक | 17 |
| एमएस धोनी नाबाद | 20 |


**अतिरिक्त** : 8 रन कुल

**गेंदबाजी** : मोहम्मद नबी 3-0-19-0, कोएत्जी 4-0-35-1, बुमराह 4-0-27-0, आकाश 3-0-37-0, श्रेयस गोपाल 1-0-9-1, हार्दिक 3-0-43-2, रोमारियो शेफर्ड 2-0-33-0

**मुंबई इंडियन्स : 186/6**

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा नाबाद | 105 |
| ईशान का शारदुल बो पथिराना | 23 |
| सूर्यकुमार का मुस्तफिजुर बो पथिराना | 00 |
| तिलक का शारदुल बो पथिराना | 31 |
| हार्दिक का जडेजा बो देशपांडे | 02 |
| डेविड का रविंद्र बो मुस्तफिजुर | 13 |
| रोमारियो शेफर्ड बो पथिराना | 01 |
| मोहम्मद नबी नाबाद | 04 |

**अतिरिक्त** : 07, **गेंदबाजी** : देशपांडे 4-0-29-1, मुस्तफिजुर 4-0-55-1, शारदुल 4-0-35-0, जडेजा 4-0-37-0, पथिराना 4-0-28-0



शिवम दुबे   ऋतुराज गायकवाड़

## खेल डायरी

### अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढ़त बना ली है।

### सितसिपास ने तीसरी बार मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता

**मोनाको।** स्टेफानोस सितसिपास ने रविवार को यहां कैस्पर रूड को 6-1, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार क्ले-कोर्ट मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता। वह चैम्पियन बनने के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और अपनी कुर्सी पर बैठकर रोने लगे। साल का अपना पहला खिताब और दो साल में सबसे बड़ी खिताबी जीत हासिल करने के बाद सितसिपास अपना सिर पकड़कर बैठे रहे और कुछ देर रोते रहे। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सितसिपास ने कहा, "मुझे आज खुद पर बहुत गर्व है। मैं लंबे समय से इस तरह के पल का इंतजार कर रहा था, मुझे नहीं पता था कि इस सप्ताह क्या होने वाला है।''

### इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया

**कैंसास सिटी।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई। जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे।

### पिस्टल निशानेबाज पलक ने कोटा हासिल किया

**नयी दिल्ली।** मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक गुलिया ने रियो डि जनेरियो में रविवार को 'आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप (राइफल और पिस्टल)' में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए निशानेबाजी में 20वां कोटा हासिल किया। हरियाणा के झज्जर की 18 वर्षीय निशानेबाज ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम रजत जीता था। वह 24-शॉट के फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए लगातार सुधार के साथ ऊपर चढ़ती गयी। 22वें शॉट के बाद 217 .6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पक्का कर मुकाबले से बाहर हुई।

### सर्वेश ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

**कैलिफोर्निया।** भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2 .19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2 .27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2 .26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। अमेरिका के एजे मैक्ग्लोफ्लिन 2 .08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया।

### अंजू-हर्षिता ने रजत, मनीषा-अंतिम कुंडू ने जीता कांस्य

**बिश्केक।** भारत की महिला पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन क्रमश: महिलाओं के 53 किग्रा और 72 किग्रा में रजत पदक जीते। वहीं मनीषा (महिलाओं के 62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (महिलाओं के 65 किग्रा) ने भी चौथे दिन कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या चार कर दी। किर्गिस्तान के बिश्केक में रविवार को मिले इस पदकों के साथ ही भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में अब तक नौ पदक जीत लिये हैं। इससे पहले उदित और राधिका ने रजत पदक और अभिमन्यु, विक्की और शिवानी पवार ने कांस्य पदक हासिल किए हैं। महिलाओं के फ्रीस्टाइल वर्ग में आज पांच भारतीय पहलवानों ने प्रतिस्पर्धा में महिलाओं के 57 किग्रा में सरिता मोर पदक जीतने में असफल रहीं। सोमवार को ग्रीको-रोमन 55 किग्रा, 63 किग्रा, 77 किग्रा, 87 किग्रा, 130 किग्रा में पुरुष पहलवान प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# सॉल्ट की आंधी में उड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने एलएसजी को आठ विकेट से हराया, मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट झटके



फिल सॉल्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

फिल सॉल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। सॉल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े।

एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। एलएसजी के लिए सिर्फ मोहसिन खान ही गेंद से प्रभावित कर सके उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाये। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है। निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाये जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाये। इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि सुनील नरेन ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए एलएसजी के लिए पदार्पण कर रहे शमार जोसेफ का पहला ओवर घटना प्रधान रहा। नरेन (छह) ने इस ओवर में चौका तो वही सॉल्ट ने छक्का लगाया जबकि 10 रन अतिरिक्त के कोटे में रहे। टीम में वापसी कर रहे मोहसिन ने अपने अगले दो ओवरों में नरेन और अंगकृष रघुवंशी (सात) को पवेलियन की राह दिखायी। इस बीच तीसरे ओवर में कृणाल के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाने वाले सॉल्ट ने छठे ओवर में यश ठाकुर की शुरुआती दो गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। पावरप्ले में केकेआर का स्कोर दो विकेट पर 58 रन था। सातवें ओवर में जोसेफ की गेंद पर मैदान अंपायर ने अय्यर को आउट करार दिया लेकिन रिव्यू लेने के बाद वह बच गये। गेंद उनकी जांघ पर लगकर विकेटकीपर के हाथों में गयी थी। इसी ओवर में सॉल्ट के शॉट पर अरशद खान ने कैच लेने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके हाथ में लगकर छह रन के लिए चली गयी। सॉल्ट ने पारी के आठवें और 10वें ओवर में अरशद के खिलाफ क्रमशः दो और तीन चौके लगाकर 26 गेंद में मौजूदा सत्र का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इस बीच श्रेयस अय्यर ने रवि बिश्नोई के खिलाफ चौका जड़ा। सॉल्ट ने अपनी आक्रामक पारी जारी रखते हुए 14वें ओवर में यश ठाकुर के खिलाफ तीन चौके लगा कर श्रेयस के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने अगले ओवर में मोहसिन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का उनका आंकड़ा खराब किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.688 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

**लखनऊ 161/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक कैच नरेन बोल्ड वैभव | 10 | 08 | 2/0 |
| केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड रसेल | 39 | 27 | 3/2 |
| दीपक हुड्डा कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क | 08 | 10 | 1/0 |
| आयुष बडोनी कैच रघुवंशी बोल्ड नरेन | 29 | 27 | 2/1 |
| स्टोइनिस कैच सॉल्ट बोल्ड चक्रवर्ती | 10 | 05 | 2/1 |
| निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड स्टार्क | 45 | 32 | 2/4 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 07 | 08 | 0/0 |
| अरशद खान बोल्ड स्टार्क | 05 | 04 | 1/0 |

**गेंदबाजी** : मिचेल स्टार्क 4-0-28-3, वैभव 3-0-34-1, हर्षित राणा 4-0-35-0, नरेन 4-0-17-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-30-1, आंद्रे रसेल 1-0-16-1

**कोलकाता 162/2** — 15 .4 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट नाबाद | 89 | 47 | 14/3 |
| सुनील नरेन का स्टोइनिस बो मोहसिन | 06 | 06 | 1/0 |
| अंगकृष रघुवंशी का राहुल बो मोहसिन | 07 | 06 | 0/1 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 38 | 38 | 6/0 |

**गेंदबाजी** : जोसेफ 4-0-47-0, मोहसिन 4-0-29-2, कृणाल 1-0-14-0, यश 2-0-25-0, अरशद 2-0-24-0, बिश्नोई 2 .4-0-17-0

# आरसीबी को गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की आस

**बेंगलुरु, एजेंसी**

लगातार खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो अभी तक चल नहीं सके हैं। रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम दसवें स्थान पर हैं। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं।

इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाये। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं, जिससे बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाये लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों।

आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है। दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिक क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिये हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है जिसने छह विकेट लिये हैं और सात की औसत से रन दिये हैं।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक। **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# धवन कम से कम सात से दस दिन के लिए बाहर

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे, जिनकी जगह सैम करेन ने कप्तानी की थी।

बांगड़ ने कहा, ''उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिये बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा।'' सत्र की शुरूआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये करेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी। उन्होंने कहा,'' सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है। वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था। यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा।''




# बॉलीवुड हलचल

## शाहिद कपूर को पसंद आयी अजय देवगन की फिल्म 'मैदान'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म 'मैदान' हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। शाहिद कपूर को फिल्म 'मैदान' बेहद पसंद आयी है। शाहिद कपूर ने फिल्म 'मैदान' को लेकर सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू शेयर किया है। शाहिद कपूर ने कहा, मैदान को देखकर वाकई एन्जॉय किया। इसे बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। दोस्तों जाकर इसे देखो। यह सभी के लिए वास्तविक पोस्ट है। अच्छी फिल्में देखने लायक हैं। पूरी टीम को ऑल द बेस्ट। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।

## यामी स्टारर 'आर्टिकल 370' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 50 दिन पूरे कर लिये हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370, 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभायी है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमाघरों में शानदार 50 दिन पूरे कर लिए हैं। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के 50 शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया। मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

## 31 मई को रिलीज होगी राजकुमार राव-जान्हवी कपूर की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव-जान्हवी कपूर स्टारर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' 31 मई को रिलीज होगी। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि कुछ फिल्में कहानी से कहीं बढ़कर होती हैं। वे दर्शकों को उनके सपनों के बारे में बताती हैं "मिस्टर एंड मिसेज माही" हमारे सबसे करीब हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर रहा हूं। 31 मई 2024! आपके नजदीकी सिनेमाघरों में होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

